पारा आपडेट
मैक्सिमम 28.00 | मिनीमम 14.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.43
सूर्योदय (कल) ▸ 06.23
बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा , विक्रम संवत 2081

पेज 12


RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, गुरुवार 13 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 221 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### यूसीसी: डेटा रहेगा गोपनीय सिर्फ संख्या होगी सार्वजनिक

**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के तहत सेवाओं के पंजीकरण के दौरान दी जाने वाली निजी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी। किसी भी तीसरे व्यक्ति को इन सूचनाओं तक पहुंच नहीं मिलेगी। सार्वजनिक रूप से केवल पंजीकरण की संख्या ही उपलब्ध होगी, लेकिन किसी की व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं की जाएगी। अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती ने बताया कि यूसीसी में सूचनाओं की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी सेवा के लिए दी गई निजी जानकारी, जैसे नाम, पता, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, धर्म, जाति आदि, सार्वजनिक नहीं होगी। केवल पंजीकरण की संख्या ही वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूसीसी के तहत आवेदनकर्ता ही अपनी जानकारी देख सकता है या संयुक्त आवेदन के जरिए किसी अन्य व्यक्ति के साथ इसे साझा कर सकता है।

### आईआईटी खड़गपुर के प्रो. सुदीप एसीएम फेलो चुने गए

**कोलकाता।** आईआईटी खड़गपुर के वरिष्ठ प्रोफेसर सुदीप मिश्रा को प्रतिष्ठित एसोसिएशन फॉर कंप्यूटिंग मशीनरी (एसीएम) के लिए फेलो चुना गया है। वह इस वर्ष दुनिया भर से चुने गए 55 वैज्ञानिकों में वो भारत से एकमात्र चयनित व्यक्ति हैं। संस्थान ने एक बयान में यह जानकारी दी। प्रो. मिश्रा आईआईटी खड़गपुर के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग से संबद्ध हैं। उन्हें इंटरनेट ऑफ थिंग्स नेटवर्क में बुद्धिमान सेवा केंद्रित सेंसिंग और सतत डेटा प्रोसेसिंग में योगदान के लिए यह सम्मान मिला है। एसीएम का फेलोशिप समारोह सैन फ्रांसिस्को में आयोजित किया जाएगा।

### सीएम योगी ने स्नान पर्व पर पल- पल का लिया अपडेट

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माघ पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व के अवसर पर प्रयागराज में व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए प्रातः चार बजे से ही अपने सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग स्थित वॉर रूम में बैठक की। वॉर रूम में वह डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों के साथ लगातार टीवी पर अपडेट लेते रहे और आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहे। इससे पूर्व सीएम योगी ने बसंत पंचमी अमृत स्नान के अवसर पर भी प्रातः साढ़े 3 बजे से वॉर रूम में अधिकारियों के साथ बैठक की थी और मॉनिटरिंग कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया।

### मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले उनके विमान पर आतंकवादी हमले की धमकी देने वाले को पुलिस ने बुधवार को चेंबूर इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की पुलिस गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात को मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को प्राप्त धमकी भरे कॉल में दावा किया गया कि आतंकवादी प्रधानमंत्री के विमान पर हमला कर सकते हैं। इसके बाद मुंबई पुलिस ने तुरंत संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया। मुंबई पुलिस ने कहा चेतावनी दी गई थी कि आतंकवादी प्रधानमंत्री मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं, क्योंकि वह आधिकारिक विदेश यात्रा पर जा रहे हैं।

# राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन

एजेंसी

**लखनऊ।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास बुधवार (आज) सुबह सात बजे बृह्मलीन हो गए। आचार्य सत्येंद्र दास ने 85 वर्ष की आयु में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) लखनऊ में अंतिम सांस ली। एसजीपीजीआई के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आचार्य सत्येंद्र दास के बृह्मलीन होने पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।एसजीपीजीआई प्रवक्ता के अनुसार, उन्हें तीन फरवरी को एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। स्ट्रोक के बाद वह न्यूरोलॉजी वार्ड एचडीयू में थे। एसजीपीजीआई से उनकी पार्थिव देह को अयोध्या ले जाया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने इसकी घोषणा की है।



## प्रधानमंत्री ने राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी के निधन पर जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास जी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने महंत सत्येंद्र दास जी को धार्मिक अनुष्ठानों और शास्त्रों का विशेषज्ञ बताते हुए उनकी सराहना की, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भगवान श्री राम की सेवा में समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में उनके साथ का एक पुराना फोटो साझा करते हुए अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने शोक संदेश में लिखा, राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास जी के देहावसान से अत्यंत दुख हुआ है। धार्मिक अनुष्ठानों और शास्त्रों के ज्ञाता रहे महंत जी का पूरा जीवन भगवान श्री राम की सेवा में समर्पित रहा। देश के आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन में उनके अमूल्य योगदान को हमेशा श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों एवं अनुयायियों को संबल प्रदान करे।

### मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुख

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है। उन्होने एक्स पर पोस्ट किया परम रामभक्त, राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद एवं आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। विनम्र श्रद्धांजलि। प्रभु राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान दे और शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति।

**महाकुंभ :** आस्ट्रेलिया की आबादी से सत्रह गुणा ज्यादा श्रद्धालु संगम में लगा चुके आस्था की डुबकी

# 46 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में लगा चुके आस्था की डुबकी

● 26 फरवरी को शिवरात्रि स्नान पर होगा समापन

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर।** मानवता की अमूर्त धरोहर कुम्भ का साक्षी बनने के लिए पूरी दुनिया संगमनगरी में उमड़ पड़ी। विश्व के सबसे बड़े मेले महाकुम्भ को शुरू हुए बुधवार माघ पूर्णिमा को एक महीना पूरा हो गया। इस एक महीने में तीन पवित्र नदियों के संगम में आस्ट्रेलिया की आबादी से 17 गुणा ज्यादा संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। आबादी के लिहाज से देखें तो फ्रांस की आबादी से सात गुणा, इंग्लैण्ड की आबादी से छह गुणा, रशिया और जापान की आबादी से तीन गुणा ज्यादा संख्या में श्रद्धालु अब तक पवित्र स्नान कर चुके हैं। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुम्भ मेले में अभी तक करीब पावन डुबकी लगाने वालों की संख्या 46 करोड़ को पार कर चुकी है। बुधवार 12 फरवरी शाम-4 बजे तक 1.94 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। मेला समापन में अभी दो हफ्ते का समय बाकी है।

## 45 करोड़ श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में शामिल होने का था अनुमान



### महाकुम्भ में 40-45 करोड़ श्रद्धालु पहुंचने का था अनुमान

उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुमान लगाया था कि 45 दिन के दुनिया के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन में 45 करोड़ के करीब श्रद्धालु आएंगे। एक महीने में यह संख्या 46 करोड़ को पार कर चुकी है। अभी मेले दो हफ्ते का समय शेष है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान के साथ मेले का समापन होगा। माना जा रहा है कि महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 50 करोड़ से पार हो जाएगी।

### 2019 में 24 करोड़ ने लगायी थी आस्था की डुबकी

2019 में प्रयागराज में 48 दिन तक चले कुम्भ मेले में 24 करोड़ 10 लाख श्रद्धालु गंगा, यमुना और अंत:सलिला सरस्वती में पुण्य की डुबकी लगाकर धन्य हुए थे। इस कुम्भ में जितने लोगों ने स्नान किया, उतनी भीड़ अब तक किसी मेले में नहीं लगी। यहां तक कि प्रदेश सरकार और मेला प्रशासन की ओर से भी 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान का अनुमान लगाया जा रहा था।

### संतों और श्रद्धालुओं ने की योगी सरकार की तारीफ

दिव्य, भव्य और नव्य महाकुम्भ के आयोजन और व्यवस्था के लिये संत समाज और श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश सरकार की तारीफ की है। युवा श्रद्धालुओं ने महाकुंभ स्नान को अमिट स्मृति बताते हुए इसे सफल बनाने के लिए सीएम योगी का तहेदिल से आभार जताया। चंडीगढ़ से आये युवा श्रद्धालु कृतिका का कहना है कि, घाटों पर भारी भीड़ में भी सब कुछ अच्छे से मैनेज है, चेंजिंग रूम भी प्रॉपर हैं। विशाल भीड़ को मैनेज करना बहुत बड़ा टास्क है और सीएम योगी और मेला प्रशासन इस पर पूरी तरह खरे उतरे हैं।

1984 सिख दंगा मामला, 41 साल बाद न्याय

# सज्जन कुमार दोषी करार



● मामला 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़ा है

● बड़े पैमाने पर लूटपाट, आगजनी और सिखों की संपत्ति को नष्ट किया था

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दोषी करार दिया। यह मामला 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़ा है। मामले को सजा पर बहस के लिए 18 फरवरी को सूचीबद्ध किया गया है। सज्जन कुमार वर्तमान में दिल्ली कैंट में एक अन्य सिख विरोधी दंगा मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

मामला 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान यहां सरस्वती विहार इलाके में दो व्यक्तियों की हत्या से संबंधित है। अदालत ने एक नवंबर 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित मामले में अंतिम दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

16 दिसंबर, 2021 को अदालत ने कुमार के विरुद्ध आरोप तय किए और उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला सही पाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घातक हथियार लिए भीड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का बदला लेने के लिए बड़े पैमाने पर लूटपाट, आगजनी और सिखों की संपत्ति को नष्ट किया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि भीड़ ने घर में घुसकर जसवंत और उनके बेटे की हत्या कर दी और सामान लूटकर उनके घर को आग के हवाले कर दिया।

## श्रद्धालुओं से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

● कानपुर- प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस को डंपर ने मारी टक्कर

एजेंसी

**फतेहपुर।** जिले में कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कानपुर- प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को ट्रैवलर बस से डंपर की टक्कर हो गई। हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 17 लोग घायल हैं। ये सभी लोग ट्रैवलर बस में बैठकर दिल्ली से प्रयागराज महाकुंभ स्नान को जा रहे थे। घायलों में तीन की हालत गंभीर होने पर कानपुर में हैलट अस्पताल के लिए रेफर किया है।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि मृतकों की पहचान विवेक, विमल झा, दिगम्बर झा व प्रेमकांत झा के रूप में हुई है। वहीं, नीरा देवी, रीता देवी, अनुराग झा, सलोनी झा समेत 17 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्होंने बताया कि ये सभी श्रद्धालु दिल्ली से महाकुंभ मेला में शामिल होने के लिए ट्रैवलर बस से प्रयागराज जा रहे थे।

फतेहुपर में थाना कल्याणपुर क्षेत्र के कानपुर प्रयागराज नेशनल हाईवे स्थित दूधी कगार मोड़ के पास सुबग तेज रफ्तार से आ रहे गिट्टी लोड डंपर से टकरा गई। हादसे में ट्रैवलर बस के चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई और बस में सवार 17 लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि डंपर ट्रैवलर बस को घसीटते हुए लगभग दो किलोमीटर दूर नूरपुर मोड़ तक चली गई। हादसे के तुरंत बाद पुलिस व प्रशासन ने राहत कार्य शुरू किया और घायल श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल भर्ती कराया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत फिर कांग्रेस में शामिल

एजेंसी

**कोलकाता।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने चार साल बाद कांग्रेस में वापसी कर ली है। बुधवार को उन्होंने पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में कांग्रेस का झंडा थामा। अभिजीत ने कहा कि भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ संघर्ष के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है।

अभिजीत मुखर्जी 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे, लेकिन तृणमूल में उन्हें कोई खास जिम्मेदारी नहीं मिली। पार्टी ने उन्हें न तो लोकसभा का टिकट दिया और न ही विधानसभा चुनाव में उतारा। पिछले कुछ महीनों से वह तृणमूल में अपनी भूमिका को



लेकर असंतोष जता रहे थे। आखिरकार उन्होंने फिर से कांग्रेस का दामन थाम लिया। माना जा रहा है कि 2026 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उन्हें टिकट दे सकती है।

अभिजीत मुखर्जी 2012 में जंगीपुर लोकसभा सीट से उपचुनाव जीतकर कांग्रेस सांसद बने थे। यह सीट उनके पिता प्रणब मुखर्जी के राष्ट्रपति बनने के बाद खाली हुई थी। 2014 में उन्होंने फिर से इस सीट पर जीत दर्ज की, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल उम्मीदवार से भारी मतों से हार गए। इसके बाद से वे राजनीति में ज्यादा सक्रिय नहीं रहे।

अभिजीत 2021 में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल में शामिल हो गए। तब उन्होंने कहा था कि वह जनता की सेवा करना चाहते हैं, लेकिन तृणमूल में उन्हें कोई खास अवसर नहीं मिला। पिछले कुछ महीनों से वह पार्टी में अपनी स्थिति को लेकर नाखुश थे। कांग्रेस में वापसी के बाद अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। आज भी भारत के हर गांव में कम से कम एक-दो कांग्रेस समर्थक परिवार मौजूद हैं।

एयरो इंडिया गोलमेज सम्मेलन में शामिल हुए दुनिया भर की विमानन कंपनियों के 116 सीईओ

# सफ्रान की साझेदारी में बीईएल भारत में बनाएगी हैमर मिसाइल

एजेंसी

**बेंगलुरु।** एयरो इंडिया में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में सीईओ राउंड टेबल को अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 116 वैश्विक सीईओ ने हिस्सा लिया। कई विदेशी और भारतीय मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) ने निवेश, सहयोग, विकास केंद्रों और उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए अपनी योजनाओं के बारे में घोषणाएं कीं।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बुधवार सुबह बेंगलुरु में जीई एयरोस्पेस और फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। बैठकों में एयरोस्पेस सहयोग को आगे बढ़ाने, रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और रक्षा प्रौद्योगिकी



सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

सीईओ राउंड टेबल में अल्ट्रा मैरीटाइम और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने अमेरिकी विनिर्देश के सह उत्पादन के लिए प्रारंभिक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने का ऐलान किया। भारत फोर्ज ने कुछ वाणिज्यिक विमानों के लिए 100 फीसदी लैंडिंग गियर का निर्माण देश में ही करने की योजना बताई। फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने भारत में हैमर मिसाइल के सह उत्पादन के लिए साझेदारी की घोषणा की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार गोलमेज सम्मेलन में जॉन कॉकरिल (बेल्जियम), एयरबस (फ्रांस), अल्ट्रा मैरीटाइम (यूएसए), जीएनटी (दक्षिण कोरिया), मित्सुबिशी (जापान), सफ्रान (फ्रांस), लिबरर एयरोस्पेस (फ्रांस), एल3 हैरिस टेक्नोलॉजीज इंक (यूएसए), थेल्स (फ्रांस), लॉकहीड मार्टिन (यूएसए), मार्टिन बेकर (यूके) सहित 58 विदेशी ओईएम ने भाग लिया। भारतीय ओईएम में भारत फोर्ज लिमिटेड, अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस, महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स लिमिटेड, अशोक लीलैंड डिफेंस और डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स शामिल हुए।

### रक्षा मंत्री ने रक्षा परीक्षण क्षमताओं पर एक पुस्तिका का किया विमोचन

सीईओ बैठक के दौरान रक्षा मंत्री ने दुनियाभर की विमानन कंपनियों को मौजूदा अस्थिर भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण उभर रही चुनौतियों के लिए लक्षित समाधान और जवाबी उपाय खोजने के लिए आमंत्रित किया। यह गोलमेज सम्मेलन वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से रक्षा सहयोग को सक्षम बनाना विषय पर आयोजित किया गया था, जो व्यवसाय केंद्रित प्रौद्योगिकी विकास, संयुक्त उद्यम, विनिर्माण उत्कृष्टता केंद्र, उद्योग आधारित क्षमता निर्माण, संयुक्त उद्यम, सह-विकास और सह-उत्पादन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर आधारित था। रक्षा मंत्री ने रक्षा परीक्षण पोर्टल' का भी उद्घाटन किया तथा गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीक्यूए) की रक्षा परीक्षण क्षमताओं पर एक पुस्तिका का विमोचन किया। यह पुस्तिका रक्षा निमार्ताओं के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम करेगी। सम्मेलन के दौरान एक लघु फिल्म के जरिए भारतीय रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र, भारत के एयरोस्पेस, रक्षा क्षेत्र के उल्लेखनीय विकास और प्रगति को दिखाया गया।

## मुंबई में जीबीएस से पहली मौत, बीएमसी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया

एजेंसी

**मुंबई।** गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से मुंबई में पहली मौत हुई है। नायर अस्पताल में 53 वर्षीय व्यक्ति की मौत होने के बाद मुंबई नगर निगम के आयुक्त भूषण गगरानी ने शहर के सभी बीएमसी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है।

मुंबई नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अंधेरी निवासी 53 वर्षीय व्यक्ति को 23 जनवरी को नायर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सांस लेने में कठिनाई हो रही थी, इसलिए मरीज को गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में स्थानांतरित कर दिया गया था। मंगलवार को देर रात उनकी मौत हो गई। नायर अस्पताल में पालघर की एक 16 वर्षीय जीबीएस से पीड़ित एक लड़की का इलाज चल रहा है।

महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य के विभिन्न अस्पतालों में जीबीएस से पीड़ित कुल 197 मरीजों का इलाज जारी है। इनमें 50 का गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में और 20 का वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा है। सूबे में अब तक 104 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम मांसपेशियों की कमजोरी पैदा करने वाली पोलीन्यूरोपैथी का एक रूप है, जो आमतौर पर कुछ दिनों से लेकर आने वाले हफ्तों में बदतर हो जाता है। इसके बाद धीरे-धीरे सुधार होता है या अपने आप सामान्य हो जाता है। उपचार से लोगों में अधिक तेजी से सुधार

## संक्षिप्त खबरें

### गौवंश की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर माह अपने सदस्यों एवं उनके परिवार वालों के लिए गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी क्रम मे मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा द्वारा रविवार को प्रातः 8 बजे हरमू रोड स्थित राँची गौशाला न्यास में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम मे सदस्यों एवं उनके परिवार वालो ने ताजा पालक, रोटी और गुड खिलाकर बिना दूध देने वाली निर्बल व असहाय गायों की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के गौ सेवा प्रभारी युवा विशाल महलका एवं युवा उज्जवल मुरारका थे। मारवाड़ी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने जानकारी दी के कार्यक्रम मे मंच के शाखा अध्यक्ष युवा आशीष अग्रवाल , सचिव सोनित अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, युवा अमित अग्रवाल एवं अन्य सदस्य अपने परिवार सहित विशेष रूप से उपस्थित थे।

### हिल टॉप पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा पर सेमिनार का हुआ आयोजन



**रांची।** बुधवार को जिला परिवहन कार्यालय रांची एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में बरियातू रोड हिल टॉप पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूली छात्र छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने को लेकर जिला परिवहन कार्यालय रांची एवं रिलेशंस कि ओर से हिल टॉप पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर सड़क सुरक्षा अभियंता परिवहन विभाग झारखंड सरकार के गौरव कुमार,हिल टॉप पब्लिक स्कूल कि प्राचार्या संगीता राज, निदेशक राजेश गुप्ता,उप प्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव एवं रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन के लिए होती है। सड़कों पर अक्सर दुर्घटना होती रहती है। इसी के बचाव हेतु बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम से भी अवगत कराया गया। साथ ही साथ सभी ने कहा कि हमें कभी भी दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करना चाहिए। 18 साल के आयु के बाद ही दोपहिया वाहन चल ना चाहिए। हमें यातायात के नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए।कभी ट्रिपल राइडिंग नहीं करना चाहिए।सभी को सीट बेल्ट पहनकर ही गाड़ी चल।नी चाहिए। हमें हमेशा सुरक्षित ड्राइविंग की आदतों का ध्यान रखना चाहिए। राइडिंग करते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

### श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे माघ पूर्णिमा पर्व के अवसर पर आज विशेष पूजा- पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया। पुजारी अरविंद पांडे ने भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत पूजा- अर्चना कर भोग लगाया तथा पूरे विधि विधान से पूजा का अनुष्ठान संपन्न कराया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया माघ पूर्णिमा के अवसर पर आज विशेष पूजा- पाठ किया गया??। तथा भजन- कीर्तन मे सदस्यों द्वारा गाये सुमधुर भजनों में भक्तजन खूब झूमे। माघ पूर्णिमा का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना गया है। यह पर्व पूर्णिमा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस अवसर पर भगवान विष्णु संग लक्ष्मी जी की प्रार्थना करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। आज बहुत घरों में सत्यनारायण भगवान की कथा पूजा की गई। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने माघ पूर्णिमा के दिन मत्स्य अवतार धारण किया था इसलिए यह पूर्णिमा बेहद खास मानी गई है। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में आज अमृत स्नान किया गया। उन्होंने कहा कि आज हजारों की संख्या में श्रद्धालु श्री कृष्ण राधा मंदिर पहुंचे, तथा भव्य मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा -कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना किया,मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत तक की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### संत माईकल्स स्कूल में प्रेरणादायक सत्र का आयोजन



**रांची।** संत माईकल्स स्कूल में मेडिफर्स्ट हॉस्पिटल रांची के विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार विशाल के साथ एक अत्यंत प्रेरक और ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस सत्र में छात्र परिषद के सदस्य, कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के छात्र शामिल हुए, जो डॉ. विशाल की प्रेरक यात्रा और अमूल्य अंतर्दृष्टि से अभिभूत थे। डॉ. विशाल ने मेडिका हॉस्पिटल, पारस, एचईसी और अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली जैसे प्रसिद्ध संस्थानों में अपने काम से प्राप्त अपने व्यापक अनुभव छात्रों के संग साझा किया। उन्होंने दृढ़ता, समर्पण और अपने जुनून का पीछा करने के महत्त्व के बारे में बताया। उनके शब्द छात्रों के हृदय को गहराई से छुए, उन्हें बाधाओं को दूर करने और अपनी पढ़ाई और भविष्य के करियर दोनों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह सत्र एक सशक्त अनुभव साबित हुआ जिसने छात्रों को सफलता के लिए अपने रास्ते खुद चुनने के लिए प्रेरित किया।

# माघ पूर्णिमा पर रांची के मंदिरों में रही भीड़

संवाददाता

**रांची।** माघ पूर्णिमा पर राजधानी रांची के विभिन्न मंदिरों में बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु सुबह नहा धोकर मंदिरों में पूजा अर्चना कर दान पुण्य किया। रांची के पहाडी मंदिर, जगरनाथपुर मंदिर, मेन रोड स्थित काली मंदिर, मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भीड़ देखी गयी। इस दौरान रांची के पुंदाग स्थित राधा- कृष्ण मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



मंदिर में पूर्णिमा में विशेष पूजा- पाठ और विशेष आरती का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने किया था। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर का संचालन प्रणामी ट्रस्ट करता है। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत पूजा- अर्चना कर भोग लगाया तथा पूरे विधि विधान से पूजा संपन्न कराया।

इसके बाद सामूहिक रूप से आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। माघ ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा- पाठ किया गया तथा भजन- कीर्तन में सदस्यों ने एक से बढ़कर एक भजन गाए। मधुर भजनों पर भक्त खूब झूमे। उन्होंने बताया कि माघ पूर्णिमा का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना गया है।

यह पर्व पूर्णिमा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है।

इस अवसर पर भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी की प्रार्थना करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। वहीं इस अवसर पर कई घरों में सत्यनारायण भगवान की कथा और पूजा की गई।

मान्यता है कि भगवान विष्णु ने माघ पूर्णिमा के दिन मत्स्य अवतार धारण किया था। इसलिए यह पूर्णिमा बेहद खास मानी गई है। उन्होंने बताया कि हजारों की संख्या में श्रद्धालु श्री कृष्ण राधा मंदिर पहुंचे और भव्य मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा-कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना की।

## लोक अदालत में होती है समय और धन की बचत : कविता कुमारी



संवाददाता

**रांची।** झालसा के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा ईटकी प्रखण्ड के रानीखटंगा पंचायत भवन में जस्टिस-ऑन-व्हिल मोबाईल वैन से जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी डिपुटी चीफ श्रीमति कविता कुमारी खाती, पीएलवी शंकर साहु, पायल कुमारी, राकेश कुमार मिश्रा, अजय कुमार गोप और सोनु कुमार साहू एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

एलएडीसी डिपुटी चीफ ने ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शंकर साहु, पायल कुमारी एवं अजय कुमार गोप ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च को जागरूकता कार्यक्रम में दी गयी जानकारी ज्ञात हो कि आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी डालसा के एलएडीसी डिपुटी चीफ एवं पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। उन्होंने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की भी जानकारी दी गयी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

## एसबीआई सीएससी से दिन दहाड़े पांच लाख की लूट

**रांची।** तमाड़ में अपराधियों ने एसबीआई सीएससी संचालक की पीटाई कर हथियार के बल पर पांच लाख रुपये लूट लिये।

घटना के संबंध में भुक्त भोगी सीएससी संचालक शिवचरण पातर ने तीन अज्ञात अपराधियों के खिलाफ तमाड़ थाने में लूट का मामला दर्ज कराया है।

जानकारी के मुताबिक रोज की तरह शिवचरण पातर बुधवार को रंगामाटी स्थित सेंटर में ग्राहकों से रुपये लेन देन कर रहे थे उसी दौरान बाइक पर सवार हो कर तीन युवक वहां पहुंचे और सेंटर में घुसते ही शटर गिरा दिया। उसके बाद शिवचरण पातर को हथियार सटा कर काबू में कर लिया,इतना ही नहीं अपराधियों ने उनके साथ मारपीट भी की और काउन्टर में रखे पांच लाख रुपये निकाल कर बाहर चले गये उसके बाद तीनों एक ही बाइक में बैठ कर वहां से भाग निकले। अपराधियों के भागने के बाद घटना की जानकारी पर आस पास के लोग व पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लेने के बाद सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। बाद में घटना की जानकारी जिले के आलाधिकारियों को दी गयी है। इधर जिले के पुलिस कप्तान सह डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीण एसपी सुमित कुमार और बुंडू डीएसपी ओम प्रकाश के नेतृत्व में टीम बना कर अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है, जिस पर टीम काम कर रही है।

## एयरो इंडिया में संजय सेठ ने किया नौसेना के सेमिनार का उद्घाटन

संवाददाता

**रांची/बेंगलुरु/।** बेंगलुरु में आयोजित एयरो इंडिया में आज तीसरे दिन भारतीय नौसेना के द्वारा आयोजित सेमिनार का उद्घाटन रक्षा राज्यमंत्री श्री संजय सेठ ने किया। इस सेमिनार का आयोजन आत्मनिर्भर भारतीय नौसेना विमानन -2047 प्रौद्योगिकी रोडमैप विषय पर किया गया।

इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए नौसेना द्वारा रक्षा निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य और इनकी प्रतिबद्धताएं प्रशंसनीय हैं। यह बहुत ही सुखद और बड़ी बात है कि भारतीय शिपयार्ड में 60 जहाज निमार्णाधीन हैं। यह भारतीय नौसेना की बड़ी उपलब्धि है। माननीय पीएम श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में मेक इन इंडिया में अग्रणी रहने व आत्मनिर्भरता के साथ रक्षा उत्पादों को बढ़ाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय का हर कार्य और प्रयास सराहनीय है।

श्री सेठ ने कहा कि विमानवाहक पोत, छोटे गश्ती जहाज, पनडुब्बियों के साथ अन्य रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण में नौसेना ने एक बड़ी छलांग लगाई है। यह रक्षा क्षेत्र में भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह गौरव करने वाली उपलब्धि है कि भारतीय




नौसेना के साथ दुनिया के कई मित्र देश अपनी साझेदारी निभा रहे हैं। भारत के आर्थिक पुनरुत्थान, सरकार की पहल और रक्षा उत्पादों को बढ़ाने के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण विगत एक दशक में नौसेना ने किया है। भारत दुनिया के साथ अनुसंधान, विकास और रक्षा उत्पादन में संयुक्त साझेदारी के साथ काम कर रहे हैं।

नौसेना के ये कार्य व उपलब्धियां अद्वितीय हैं। आने वाले दिनों में भारतीय नौसेना मेक इन इंडिया के साथ रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी यह विश्वास हम सबको है। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, एडमिरल जे०बी० सिंह सहित नौसेना के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**कई देशों के रक्षा मंत्री व रक्षा प्रतिनिधियों से मिले संजय सेठ**

एरो इंडिया 2025 में 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के 15 रक्षा मंत्री, 11 उप रक्षा मंत्री, 15 सचिव, 17 सेवा प्रमुखों ने अपनी सशक्त भागीदारी निभाई है।

आज रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने आर्मेनिया के उप रक्षा मंत्री, चाड के सेवा प्रमुख और रक्षा मंत्रालय के निदेशक, श्रीलंका के रक्षा सचिव, फ्रांस के रक्षा प्रतिनिधि, वेनेजुएला के उप मंत्री सहित कई देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि एयरो इंडिया 2025 कार्यक्रम रक्षा के क्षेत्र में दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव का परिचायक है। भारत की कई देशों के साथ रक्षा क्षेत्र में साझेदारी बढ़ी है। प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी के कुशल नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में नित्य नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में मांडर रेफरल अस्पताल नजीर साबित होगा: मंत्री

संवाददाता

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को मांडर रेफरल अस्पताल के नये भवन का उदघाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इस रेफरल अस्पताल ने ना जाने कितने लोगों को नया जीवन दिया। समय के साथ अस्पताल भवन का भी कायाकल्प जरूरी था। जब से मांडर की जनता ने मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना, तब से अस्पताल परिसर को नया रूप, नया जीवन देने के प्रयास में लगी थी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मांडर रेफरल अस्पताल नजीर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि आज नौ करोड़ 21 लाख 15 हजार रुपए से ज्यादा की लागत से नवनिर्मित भवन सबके सामने है। मांडर रेफरल अस्पताल स्वास्थ्य के क्षेत्र



में नजीर साबित होगा। इस रेफरल अस्पताल के साथ भले ही मांडर का नाम जुड़ा हो, पर हकीकत ये है कि इस अस्पताल में खलारी, बुड़मू, चान्हो जैसे सीमावर्ती प्रखंड और उसके गांव के लोग बेहतर इलाज के लिए यहां रोजाना आते है। अस्पताल के नये भवन के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए उपकरण की भी व्यवस्था जरूरी है। आज लोग गंभीर बीमारियों के लिए भले ही बड़े अस्पताल या बड़े शहरों की तरफ रुख करते हो, पर कोशिश ये होनी चाहिए की गंभीर बीमारी को छोड़ बाकी का इलाज इसी अस्पताल में हो सके ।

मंत्री ने कहा कि अगर आप और हम स्वस्थ रहेंगे, तभी स्वस्थ समाज का भी निर्माण संभव है। मेरा इस रेफरल अस्पताल को समय के साथ अपग्रेड करने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। मंत्री ने बुढ़ा खुखरा स्थित सरकारी हाई स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य मेले में भी भाग लिया। मंत्री के सौजन्य से इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था । इस स्वास्थ्य मेले में हड्डी रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों निःशुल्क परामर्श दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। दिन भर इस स्वास्थ्य मेले में लोगों का आना जाना लगा रहा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की वंडरलैंड स्कूल मांडर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। यहां स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से वो प्रभावित भी हुई। उन्होंने स्कूली बच्चों से मन लगा कर पढ़ने और भविष्य में कुछ बन कर दिखाने की अपील की।

## रांची में तापमान औसत से अधिक, रूलाएगी गर्मी



संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में इस वर्ष भी गर्मी सताएगी। फरवरी माह में रांची में अधिकतम तापमान औसत से अधिक रिकॉर्ड की जा रही है। राजधानी में यदि पिछले चार दिनों की बात की जाए तो बुधवार को यहां का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो औसत से 2.5 डिग्री अधिक है। वहीं मंगलवार को 2.5 डिग्री अधिक, सोमवार को 3.8 डिग्री अधिक, जबकि रविवार को राजधानी में औसत तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस वर्ष रांची के अलावा राज्य के कई शहरों में अभी से ही तापमान में काफी बढोत्तरी दर्ज की जा रही है, जिसमें सरायकेला, चाईबासा, जमशेदपुर, डालटेनगंज प्रमुख रूप से शामिल है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि लगातार तापमान में बढोत्तरी से संभावना है कि इस वर्ष गर्मी ज्यादा पड़ेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी रांची में प्रचंड गर्मी पडी थी, जिससे आम जन जीवन परेशान हो गया था।

# झारखंड की लेखिका रेणुका तिवारी द्वारा लिखित 'दोजख की हूरें' का लोकार्पण

संवाददाता

**रांची।** लोकार्पण प्रसिद्ध लेखक प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह ,प्रोफेसर केदार मीणा एवं प्रोफेसर प्रभात कुमार मिश्र(काशी हिंदू विश्वविद्यालय)एवं प्रसिद्ध हिंदी आलोचक,स्वामी रणधीर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर लेखिका रेणुका तिवारी ने अपने उपन्यास की पृष्ठभूमि और उद्देश्य पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि उपन्यास में वर्णित हर स्त्री चरित्र एक टीम लीडर और प्रतिरोध के विरुद्ध खड़ी एक नेतृत्वकर्ता है।जो उनके लिए निर्मित दोजख को अपनी हिम्मत से ध्वस्त कर जन्नत का



निर्माण कर लेती है।

प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह ने कहा कि वैसे तो इसकी पृष्ठभूमि बिहार की है पर इस समस्या का फलक काफी व्यापक है।

प्रोफेसर प्रभात मिश्र ने स्त्री विमर्श और लेखनका दायरा बढ़ चला है।स्त्री का लिखा हुआ सिर्फ स्त्री केंद्रित न होकर अब अपनी व्यापकता को दिखा रहा है। यह उपन्यास उसका परिचायक है।

लेखक एवं आलोचक प्रोफेस र केदार मीणा ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह उपन्यास बेहद महत्वपूर्ण है।जब हम विकसित देश के निर्माण में जुटे हैं,ऐसे समय मे अगर इस तरह की कोई घटना घटती है तो हमे शर्मसार कर देती है।साथ ही यह स्त्री विमर्श को भी नया आयाम देती है।

स्त्री विमर्श लेखन अवसान की ओर है यह मान लिया गया है।पर इस उपन्यास का कथ्य बताता है कि अभी काफी कुछ लिखा जाना बाकी है। यह झकझोर देने वाली रचना है।इसे जरूर पढ़ा जाना चाहिए।

युवा कवि आशुतोष ने कहा कि पुस्तक का नाम बेहद खूबसूरत है।हुरें जन्नत में होती हैं,पर स्त्री दोजख में भी जन्नत का निर्माण कर सकती है,अपने आत्मबल और साहस के कारण। यही इस उपन्यास का संदेश है जिसका स्वागत होना चाहिए।

स्वामी रणधीर जी ने कहा कि ये पुस्तक नही है बल्कि वेद है। बिहार की इस घटना में बच्चीयों को किस तरह से प्रताड़ित किया गया,शोषण किया गया वह एक जघन्य अपराध की याद दिलाता है। ऐसी घृणित व्यवस्था पुरुषों द्वारा निर्मित दोजख का निर्माण करते हैं।पर वही स्त्री अपने विनाशकारी रूप में जब इस दोजख का अग्नि दहन करती है तो सबकुछ स्वाहा स्वाहा हो जाता है।उसके बाद स्त्री अपने लिये जन्नत का निर्माण करती है। तो यह स्त्री का अपना आत्मबल होता है जिसके कारण वह खड़ी हो जाती है। ऐसे उपन्यास का रचा जाना जरूरी है ताकि स्त्रियों का आत्मसम्मान बचा रह सके।

इस कार्यक्रम में झारखंड से सुधीर कुमार,प्रीतम मिश्रा, अत्युत्तम छत्तीसगढ़ से,रंजीता मिश्रा विशेष रूप से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का समापन प्रलेक प्रकाशन के प्रकाशक जितेंद्र पात्रों द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, गुरुवार 13 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# एसडीपीओ ने मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित कर दिए कई निर्देश

संवाददाता



**तेनुघाट/ बोकारो।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने अनुमंडल अंतर्गत सभी अंचल निरीक्षक, थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी के साथ अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की। बैठक में विगत माह हुई आपराधिक घटनाओं पर चर्चा की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि लंबित केसों एवं लंबित वारंटों को अतिशीघ्र निष्पादित करें। साथ ही मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा प्रारंभ हो रही है इस संबंध में जो भी निर्देश जारी किए गए हैं हमलोगों का प्रयास होगा कि परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संपन्न हो।

साथ ही नक्सल के विरुद्ध विगत माह से जो लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जो सफलता हासिल हुई है उसे और आगे कैसे लेकर चले इस पर भी चर्चा हुई। वहीं तेनुघाट डैम में घूमने आई लड़की से दुष्कर्म के बारे में बताया कि घूमने आई लड़की से दुष्कर्म की सूचना मिलने के साथ ही त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं और दो आरोपियों की पहचान कर ली गई है उनकी भी जल्द गिरफ्तारी होगी। साथ ही जो भी पुराने केस हैं उसे अनुसंधानकर्ता के साथ समीक्षा बैठक की। जो भी पुराने मामले लंबित हैं जैसे हत्या, डकैती, लूटपाट सहित पुराने मामलों का त्वरित गति से निष्पादन करने का दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में बहुत सारे कांडों पर चर्चा की गई। साथ ही सभी लंबित मामलों का निष्पादन के लिए कई दिशा निर्देश दिए गए। सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि सभी लंबित कांडों को यथाशीघ्र निष्पादित करें। साथ ही वारंटी और कुर्की का भी निष्पादन करने का आदेश दिया गया। अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्ति पर नकेल कसेगा। घटित आपराधिक कारोबार में संलिप्त व्यक्ति पर नकेल कसेगा। घटित अपराधिक घटनाओं में संलिप्त अपराधियों, अवैध नशा कारोबारी ड्रग्स, गांजा एवं जुआ संचालक को चिन्हित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार सिंह, नित्यानंद भोगता, राजेश कुमार प्रजापति, अजीत कुमार, प्रफुल्ल पटेल, दीपक कुमार राणा, शशि कुमार, रंजीत कुमार आदि मौजूद थे।

# समाज सुधारक और क्रांतिकारी चिंतक भी थे संत रविदासः राकेश

संवाददाता

**बोकारो।** शहर के आम्रपाली क्लब में बुधवार को संत रविदास जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के ओबीसी मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में संत रविदास के जीवन, उनके विचारों और सामाजिक सुधार में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अतिथि कुशवाहा राकेश महतो ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास केवल एक संत ही नहीं, बल्कि समाज सुधारक और क्रांतिकारी चिंतक भी थे।

उन्होंने जीवन भर छुआछूत, भेदभाव और सामाजिक असमानता के खिलाफ संघर्ष किया। उनका संदेश था कि इंसान की पहचान उसके कर्मों से होती है, न कि उसकी जाति या जन्म से। उन्होंने समाज में समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने पर बल दिया। संत रविदास ने अपने भक्ति और आध्यात्मिकता से भरपूर दोहों के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का प्रयास किया। राकेश महतो ने कहा कि आज के समय में जब समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियां मौजूद हैं, तब संत रविदास के विचार हमें सही राह दिखा सकते हैं।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संत रविदास के बताए मार्ग पर चलें और समाज में समानता, सद्भाव और आपसी प्रेम की भावना को बढ़ावा दें। अगर हम सभी उनके आदर्शों को अपनाएं, तो एक समरस और भाईचारे पर आधारित समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने संत रविदास के आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। आयोजकों ने संकल्प लिया कि वे संत रविदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देंगे। उपस्थित लोगों ने संत रविदास के दिखाए मार्ग पर चलने और समाज में समानता व सद्भाव बनाए रखने की शपथ भी ली।

### विद्यालय के निदेशक ने किया सफल छात्रों को सम्मानित

**बोकारो।** पेटरवार के लीला जानकी पब्लिक स्कूल रघुनाथपुरम में बुधवार को विद्यालय के निदेशक नीरज सिन्हा के द्वारा जेई मैंस में 99.75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र अमनदीप प्रकाश को बधाई एवं शुभकामना दी गई। बताते चलें कि उक्त विद्यालय सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाने का कार्य विगत 25 वर्षों से कर रहा है तथा इस विद्यालय के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में कामयाब हो रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिका छात्राओं ने अमनदीप प्रकाश को शुभकामना देते हुए उसके स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### संत शिरोमणि रविदास जयंती पर कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन में स्वास्थ्य जांच शिविर लगा



**बेरमो/ बोकारो।** संत शिरोमणि रविदास जयंती पर बुधवार को कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में सीसीएल ढोरी क्षेत्र द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में विद्यालय की कक्षा अष्टम एवं नवम की कुल 60 बहनों का स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई। जिसमें डॉ. शैल्या, सीनियर फार्मासिस्ट अजय कुमार झा, सहयोगी प्रीति कुमारी, अमृता कुमारी एवं रीता कुमारी के सहयोग से किया गया। इस मौके पर संकुल संयोजक अमित कुमार सिंह, सचिव धीरज कुमार पांडे, प्रदीप कुमार महतो, कुमार गौरव, प्रीति प्रेरणा सिंह, देवाशीष ओझा, संजू ठाकुर एवं अन्य उपस्थित थे। मध्यांतर के बाद विद्यालय में संत रविदास की जयंती बहुत धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम संत रविदास के चित्र पर पुष्पार्जन के बाद कार्यक्रम की विधिवत प्रारंभ की गई। इस मौके पर भैया बहनों के द्वारा संत रविदास के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के आचार्य नित्यानंद मिश्रा ने संत रविदास के जीवनवृत्त से सारगर्भित बातों को भैया-बहनों के समक्ष रखा। कार्यक्रम का संचालन बहन वीणा कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन दीदीजी विभा सिंह के द्वारा किया गया।

### संत शिरोमणि रैदास जयंती मनायी गयी



**फुसरो/ बोकारो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के ढोरी बस्ती भोलानगर में बुधवार को संत शिरोमणि रैदास जयंती मनायी गयी। अध्यक्षता पूर्व पार्षद प्रतिनिधि उमेश रवि व संचालन अशोक रवि ने किया। यहां लोगों ने संत शिरोमणि रैदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणि रैदास के सिद्धांतों को अपनाकर ही समाज में विकास किया जा सकता है। कहा कि समाज में फैले कुरीतियों से युवाओं को नशा जैसी आदतों से दूर रहना होगा। वक्ताओं ने अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की अपील की। मौके पर दिनेश प्रसाद, कैलाश ठाकुर, अमन रवि, संजय रवि, रामदेश राम, नारायण मांझी, बलराम तिवारी, सुरेश रवि, डालेश्वर रवि, राज चौधरी, धनु राम, रंजीत खुराना, राज कुमार, दुर्गा दास, सुदाम गिरि, अर्जुन रवि, चेतलाल रविदास, विनोद रवि, सुंदर रवि, राहुल कुमार, रिंकु कुमार, गोलू कुमार आदि मौजूद थे।

### योजनाओं को धरातल पर उतार रही हेमंत सरकार : श्वेता सिंह



**बोकारो।** बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चितामी ग्राम के निवासी संजय महतो को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ट्रैक्टर ऋण प्रदान किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामना दीं। श्रीमती सिंह ने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जिसके तहत विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। सरकार के द्वारा यह ऋण की सहायता से लोग सबल तो ही रहे हैं, साथ ही साथ रोजगार के प्रति समर्पित हैं और पूरी निष्ठा से मेहनत कर अपने जीवन को खुशहाल बना रहे हैं। इस कदम से न केवल उनके जीवन में कृषि का स्तर बढ़ रहा है, अपितु आधुनिक मशीनों से कृषि के कार्यों में सुलभता भी मिल रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं और हमेशा से यह प्रयास करते हैं कि क्षेत्र में लगातार युवा, किसान और महिलाओं के लिए नए-नए रोजगारों का सृजन होता रहे, जिसके कारण जनता आत्मनिर्भर और समृद्ध बन सके। तभी जाकर हमारा राज्य और बोकारो विधानसभा का विकास सुनिश्चित हो पाएगा।

# चिन्मया विद्यालय में जेईई मेंस फेज- 1 में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित

संवाददाता



**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में जेईई मेंस फेज- 1 में सफल छात्रों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि चिन्मय विद्यालय बोकारो के छात्रों ने जेईई मेंस में शानदार सफलता प्राप्त की है। उन्होंने सफलता के इतिहास में एक और सुनहरा पन्ना जोड़ दिया है। अभी तक कुल 68 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। चिन्मय विद्यालय ने छात्रों के लिए आज विशेष रूप से आयोजित समारोह में सभी को मिढ़ाई खिलाकर सम्मान दिया और फेज-2 एवं एडवांस में बेहतर प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन किया। साथ ही, हर संभव सहायता देने की बात कही।

प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि अभी सामने बोर्ड परीक्षा, मेंस, एडवांस परीक्षा पर ध्यान केंद्रित कर पढ़ाई करनी चाहिए। अभी हमें अपने सुनहरे पल को अपनी मेहनत और एकाग्रता से और अधिक सुसज्जित करे। तन मन को स्वस्थ रखना है।चिन्मय विद्यालय के सफल छात्रों में अतिन गौरव, अश्विन कुमार, आर्यन, नारायण राय, वेद कुमार, अभ्यास मल्लिक आदित्य राज, मीनाक्षी कुमारी, शिवम रंजन, हर्ष लच्छीरामका, रजनीश कुमार, शरण्या रंजन, ईशान गोप, भव्या विक्रम, सत्यम सोनी, एकांश महावार, श्रेयांश मिश्रा, अदित्या, आकर्ष देव, ऋषि प्रसाद, आदर्श राय, अभिषेक, प्रेम कुमार, रोहित राज, प्रिंस रॉय, एकता आकृति, अंकित कुमार, शुभम कुमार, रितु राज, अमृत कुमार, खुशी किरण, एकता आकृति, समीर मंडल, हर्षित आर्यन, पीयूष पांडेय, आर्यन चौरसिया, भव्य विक्रम, आदित्य रंजन, मिथुन सिंह, शुभम कुमार, वत्सल सिंह, अभिषेक कुमार, अंबिका कुमारी, अभिषेक कुमार, रिशु कुणाल, केसर कुमारी, अमित कुमार गोराई, श्रद्धा सिन्हा, अंकित कुमार, विनीत निशांत गुप्ता, प्राची सहित समाचार लिखे जाने तक 68 से अधिक बच्चै ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किये। सभी सफल छात्रों को सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरर्मेन्द्र कुमार सहित वरीय शिक्षको प्रफुल्ल कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, कुमोद रंजन सिंह, देवज्योति बराल, अशोक चौबे, राजकुमार, चंदन कुमार सिंह एवं अन्य शिक्षको ने ढेरो शुभकामनाए दीं।

# संत रविदास जयंती पर स्कूली बच्चों में पाठ्य सामग्रियों का वितरण



संवाददाता

**बोकारो।** जन कल्याण सामाजिक संस्था द्वारा संचालित बिरसा मुंडा निःशुल्क विद्यालय में बुधवार को संत रविदास जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेंद्र प्रसाद कुशवाहा रहे। रविदास जयंती के अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच बोकारो क्लब के विक्रम की ओर से लेखन सामग्री व बच्चों व अभिभावकों के लिए खाने का पैकेट का वितरण किया गया। सभी ने संत रविदास जी को याद कर नारे लगाये, उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम में संस्थापक परशुराम राम के अलावा हरि शंकर प्रसाद सोनी, गुड़िया देवी, विजय कुमार, बबीता कुमारी, शंकर रजक, शशि शेखर, अजय कुमार, उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे।

# बेरमो कोयलांचल में कार्य करने का अनुभव अत्यधिक ऊर्जावान : अग्रवाल

संवाददाता



**बेरमो/ बोकारो।** इचएमकेयू के ढोरी क्षेत्र के अध्यक्ष सह विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर ने बीसीसीएल के नये निदेशक (पीपी) मनोज कुमार अग्रवाल से धनबाद कोयला भवन में मुलाकात की एवं अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री ठाकुर ने बीसीसीएल के विस्थापितों के विषय में चर्चा की। श्री अग्रवाल ने कहा कि कोल इंडिया में कार्य करना गौरवपूर्ण कार्य है, क्योंकि विभिन्न परिस्थितियों में भी देश को रौशन करने एवं ऊर्जा देने के लिए कोयलाकर्मी लगातार कोयला उत्पादन करता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि बेरमो कोयलांचल के ढोरी क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव बहुत ही अच्छा रहा। जीवन में सदैव ऊर्जावान रहने का कार्य करेंगे। वहां के लोग बहुत ही विनम्र स्वभाव और ईमानदार हैं। राजनीतिक सामाजिक लोगों का भरपूर सहयोग मिला। ढोरी मेरा दूसरा घर जैसा बन गया था। त्योहार व पर्व सभी आयोजनो में बहुत ही स्नेह मिला जिससे ढोरी क्षेत्र हरवर्ष कोयला उत्पादन में अपना लक्ष्य प्राप्त कर पाया। बेरमो में कोयला की संभावना अत्यधिक हैं ।

# युवाओं के अधिकार के लिए लड़ेगा युवा लायंस फोर्स : देव शर्मा

संवाददाता



**बोकारो।** युवा लायंस फोर्स का मिलन समारोह चास के बोदरो स्थित आवासीय कार्यालय में बुधवार को सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष सह- युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे। श्री शर्मा ने कहा कि बारह साल पहले सैकड़ों युवाओं द्वारा इस संगठन का निर्माण मुख्य रूप से बेरोजगार युवाओं के अधिकार के लिए किया गया था। लगभग हजारों युवाओं को हम लोगों ने रोजगार दिलाने का काम किया है। आज युवा लायंस फोर्स बोकारो में किसी भी पहचान का मोहताज नहीं है। हर साल युवा लायंस फोर्स द्वारा कई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम भी किये जाते हैं और अब सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया कि युवा लायंस फोर्स बोकारो के साथ अब पूरे झारखंड के बेरोजगार युवाओं की लड़ाई लड़ेगा। देव ने कहा, मुझे गर्व है की आज तक न मुझ पर, न इस संगठन पर किसी तरह का कोई दाग नहीं लगा। हम निःस्वार्थ युवाओं के हक और अधिकार के लिए लड़ते रहे और आगे भी लड़ते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि आज हमारा झारखंड पूरे देश को सींचने का काम कर रहा है। लोहा, कोयला, गैस समेत कई खनिज संपदा से भरा है हमारा राज्य। लेकिन, अफसोस की बात है कि झारखंड-बोकारो के युवा मजबूरन अपने परिवार से दूर किसी दूसरे राज्य में छोटी मोटी नौकरी के लिए पलायन कर रहे हैं। राज्य में अबुवा सरकार है। मुख्यमंत्री जी ने भी 75% रोजगार पर स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने को कही है। लेकिन कुछ प्रबंधन के अधिकारी को यह प्रेम की भाषा समझ में नहीं आ रही। वैसे अधिकारियों और प्रबंधनों के खिलाफ जोरदार उलगुलान किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के लोगों ने देव शर्मा को तलवार भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, संगठन का सदस्यता अभियान भी शुरू किया गया।

## शिफ्टिंग स्थल पर दूसरे दिन नहीं हुआ कार्य, सांसद के साथ वार्ता 15 को

**बोकारो।** बोकारो-करगली क्षेत्र अंतर्गत कारो स्पेशल फेज दो में बरवाबेड़ा को शिफ्ट करने वाले स्थान पर बुधवार को शिफ्टिंग का कार्य नहीं किया जा सका। कार्य को लेकर काफी संख्या में एरिया से सीआईएसएफ के अधिकारी, जवान और पुलिस उक्त स्थान पर पहुंचे। कार्य को लेकर एक जेसीबी भी ऑपरेटर के साथ वहां पहुंचा। दोपहर तक इंतजार करने के बाद सभी वहां से वापस लौट गए। सीसीएल के कुछ कर्मी और पदाधिकारी उक्त स्थान पर पहुंचकर महज मापी का कार्य करते देखे गए। दोपहर बाद गिरिडीह के सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव अपने समर्थकों के साथ उक्त स्थान पर कार्य का विरोध करने पहुंचे, परंतु वहां कोई भी मौजूद नहीं था।

# श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल के आदित्य कुमार और वर्तिका सिंह ने जेईई मेन्स 2024 में शीर्ष रैंक प्राप्त की

संवाददाता




**बोकारो।** एसएपीएस के छात्रों ने जेईई मेन्स 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा के पहले चरण में स्कूल के लगभग 23 छात्रों ने सफलता प्राप्त की, जिसमें बारहवीं कक्षा के कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इस उपलब्धि ने स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों की मेहनत को उजागर किया है। इस परीक्षा में आदित्य कुमार ने 98.999 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया, जबकि वर्तिका सिंह ने 98.114 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा, कई अन्य छात्रों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया और अपने सपनों की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

यह सफलता न केवल उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि स्कूल के शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोगात्मक प्रयासों का भी प्रमाण है। एसएपीएस हमेशा से ही छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता आया है। स्कूल की प्रिंसिपल पी. शैलजा जयकुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि समर्पित शिक्षकों, प्रेरित छात्रों और सहायक अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता स्कूल के शिक्षा के प्रति अटूट समर्पण को दशार्ती है और भविष्य के छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी।

जेईई मेन्स में सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री पी. राजगोपाल ने छात्रों को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा और आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाले वर्षों में और भी छात्रों को प्रेरित करेगी और एसएपीएस के शैक्षणिक स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी। इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि एसएपीएस न केवल छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए भी प्रेरित कर रहा है। इस उपलब्धि ने छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाया है और उन्हें अपने भविष्य की तैयारी में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध माईंस को बुलडोजर चलाकर किया ध्वस्त




**चतरा।** टंडवा प्रखंड प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित एक कोल माइंस को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया है। यह कारवाई चतरा उपायुक्त के निर्देश पर की गई है। बुधवार को सीओ विजय दास के नेतृत्व में गठित टीम ने टंडवा-केरेडारी थाना क्षेत्र के सीमांत पर स्थित सिसई-सिजुआ के जंगली इलाके में संचालित अवैध कोयले के माईंस पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया है। मामले को लेकर सीओ विजय दास ने बताया कि उक्त इलाके में अवैध कोल माइंस के संचालन के साथ कोयले का अवैध खनन कर बड़े स्तर पर तस्करी किये जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम का गठन कर यह कार्रवाई की गई। मामले में सीओ के द्वारा दिए लिखित आवेदन के आधार पर अवैध कोल माइंस संचालन एवं कोयले के खनन को लेकर टंडवा थाना कांड संख्या 26/25 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### सुयोग्य साहू के परिवार कुंभ में लगायी डुबकी



**मुरी।** रामपुर सिल्ली निवासी सुयोग्य साहू अपने परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई और सूर्य भगवान को अध्य दिया। परिवार की सुख समृद्धि के लिए गंगा मैया से आशीर्वाद लिया।इसी तरह बन्ता हजाम से ग्रामीणों का एक जत्था बस से कुंभ के लिए रवाना हुए। वहीं 15 फरवरी को पांच दिवसीय यात्रा पर एक बस मुरी से रवाना होंगे। अभी कुंभ के प्रति लोगों को श्रद्धा मुरी - सिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों ज्यादा देखने को मिल रहा है।

### विभिन्न गांवों में मनाई गई संत रैदास की जयंती



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड़ के विभिन्न गांवों में संत रैदास की जयंती बुधवार को धूम धाम से मनाई गई। प्रखंड़ मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर में संत रैदास के प्रतिमा स्थापित की गई। जहां लोगों ने पुष्प अर्पित करने के साथ दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद प्रवचन कार्यक्रम आयोजन किया। जिसमें युगलकिशोर पांडेय व संध्या रानी ने प्रवचन प्रस्तुत किया। मौके पर संत रैदास के विचारों को जनजन तक पहुंचाने की अपील करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संत की कोई जात और धर्म नहीं होती है। संत रैदास दर्शनशास्त्री, कवि, समाज सुधारक और ईश्वर के अनुयायी थे। वे निर्गुण संप्रदाय अर्थात संत परम्परा में एक चमकते नेतृत्वकर्ता और प्रसिद्ध व्यक्ति थे। संत रैदास जयंती प्रखंड मुख्यालय के अलावे गंगापुर, रुपिन आदि गांव में मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में मुखिया निर्मला देवी, महादेव दांगी, मुकुटधारी दांगी, नरेश रविदास आदि मौजूद थे।

### प्रखंड क्षेत्र हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई संत शिरोमणि रैदास की जयंती

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संत शिरोमणि रैदास की 648 वीं जयंती बुधवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। प्रखंड के गाडिलौंग, टंडवा, कोयद, कसियाडीह, खधैया समेत अन्य जगहों में प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया गया। किसुनपुर के दर्जनों श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। इस उत्सव में शामिल लोगों ने जयकारा लगाते हुवे लुकुईया नदी से विधिवत पवित्र जल लाकर पूजा अर्चना किया। वहीं संत शिरोमणि की मधुर अमृतवाणी से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। पूजा समिति के पदाधिकारियों पूजा पंडाल को आकर्षक साज सज्जा से सुशोभित करते हुवे पूजा सफल बनाने हेतु पूरी तन्मयता से लगे रहे।

# मोरहबादी मैदान में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का हो रहा आयोजन

संवाददाता

**रांची।** झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स का संयुक्त तत्वावधान में मोहराबादी मैदान में आयोजित 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में लगातार लोगों के आने का सिलसिला जारी है। बुधवार को भी लोग खरीदारी करने के लिए ट्रेड फेयर पहुंचे। हर स्टॉल में खरीदारों की भीड़ दिख रही है। फेयर में इंटरनेशल हैंगर नंबर दो टर्कीस बकलावा स्टॉल पर तुर्की के पारंपारिक मिठाइयों के अलग अलग वैराइटी बिक रहे हैं। यहां शुद्ध घी, शहद और नट्स से बनी 30 वैराइटी की मिठाइयां मिल रही है। इनमें प्रमुख रूप से कैशियो कुनाफा, पिस्ता चॉकलेट कुनाफा, अखरोट बकलावा आदि मिठाइयां शामिल है। यह आधा किलो का डब्बा 1500 रुपए में बिक रहा है।



लोग इन मिठाइयों को पंसद कर रहे हैं। इसके अलावा अफगानी ड्राई फ्रुट्स की मांग भी अधिक है। यहां अखरोट 1800, बदाम तीन हजार, किशमिश 1400, बड़े खजूर 1800, ब्लैक बेरी 1800, ब्लू बेरी 2100, ड्राई मैंगो 1600, ड्राई स्ट्रोबेरी 1600 रुपए किलो बिक रहा है। इंटरनेशल हैंगर में तुर्किश का आइसक्रीम भी मिल रहा है, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा बंगाल का मशहूर संदेश मिठाई भी लोगों को भा रहा है। यहां संदेश मिठाइयों के 15 से अधिक वैराइटी है। यह मिठाई 20 रुपए प्रति पीस के हिसाब से मिल रहा है।

**डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा पहुंचे ट्रेड फेयर**

रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा अपनी धर्मपत्नी संग बुधवार को ट्रेड फेयर पहुंचे। उन्होंने मेगा ट्रेड फेयर में आयोजित कुकरी शो स्वीट डिश कुकिंग प्रतियोगिता में बने स्वीट डिश का स्वाद चखा और तारीफ की। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने फेयर के विभिन्न स्टॉलों का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर चैंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी, प्रवीण लोहिया, आनंद जालान, आस्था किरण, किशन अग्रवाल, संदीप नागपाल, प्रमोद सारस्वत, अरूण भरतीया, सौरव अग्रवाल, आलोक कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

प्रोजेक्ट चेयरमेन अमित शर्मा और शैलेश अग्रवाल ने बताया कि ट्रेड फेयर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे है।

## अभीयान चलाकर पुलिस ने किया अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट



संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार को टंडवा थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर अवैघ पोस्ते की फसल को नष्ट किया। उक्त कार्रवाई सुदूरवर्ती थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा-बालूमाथ थाना के सीमावर्ती मारंगलोईया के जंगलों में की गई, जहां लाठी-डंडों से पीटकर लहलहाते अवैध पोस्ते की फसल को नष्ट किया गया। सीओ विजय दास व थाना प्रभारी उमेश राम के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस टीम ने उपरोक्त कार्रवाई की। विदित हो कि पिछले वर्ष भी इसी इलाकों से पोस्ते की खेती नष्ट किया गया था। वहीं कुछ दिनों पूर्व हीं हेसातु-सिदपा के जंगल में लगभग दो एकड़ भूमि पर लगे पोस्ते की फसल नष्ट किये गये थे। बताया जाता है कि अवैध नशे के कारोबारी फसल नष्ट होने के बाद भी प्रशासन के चंगुल में फंसने से अबतक बचते रहे हैं। लोगों द्वारा जिला प्रशासन से व्यापक अभियान चलाने की मांग की जा रही है।

## नाबालिग किशोरी अपहरण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रतापपुर (चतरा)।** पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण के आरोपी प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गिद्दा ग्राम निवासी 21 वर्षीय नामजद अभियुक्त रंजय पासवान उर्फ ओम प्रकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि रंजय पासवान द्वारा नाबालिग किशोरी को शादी के नीयत से बहला फुसलाकर दो फरवरी को भगा ले गया था। उक्त मामले को लेकर पीड़ित किशोरी के अभिभावक ने रंजय पासवान के विरुद्ध थाने में आवेदन देकर की न्याय एवं उचित कार्रवाई की गुहार लगाई थी। जिसके आलोक में थाना कांड संख्या 15/2025 दर्ज कर आरोपी के गिरफ्तारी के प्रयाश में लगी थी, लेकिन हर बार यह चकमा देकर भाग जाया करता था। इस बार गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी दल का गठन कर गया स्टेशन से उसे किशोरी के साथ गिरफ्तार किया गया।

तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव की तैयार में लगा जिला प्रशासन

## कार्यक्रम स्थल का डीसी और एसपी ने लिया जायजा, दिए कई अवश्यक दिशा निर्देष



संवाददाता

**इटखोरी(चतरा)।** जिले के इटखोरी स्थित ऐतिहासिक माता भद्रकाली मंदिर परियर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारी जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। बुधवार को उपायुक्त रमेश घोलप व एसपी विकास कुमार पांडये अधिकारियों संग महोत्सव स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान मानस परिसर, सेमिनार स्थल में हो रहे तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों ने संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देष दिया। उपायुक्त ने कहा कि महोत्सव भव्य आयोजन किया जाएगा। वहीं एसपी ने महोत्सव स्थल में सुरक्षा का जायजा लिया। ज्ञात हो कि 2015 से लगातार राजकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजन हर वर्ष 19, 20 व 21 फरवरी को होते आ रहा है। उपायुक्त ने बताया कि महोत्सव के लिए कलाकारों का चयन कर लिया गया है। जायाजा लेने के दौरान उप विकास आयुक्त अम्रेंद कुमार सिन्हा, एसडीओ सन्नी राज, एसडीओ चतरा आदि शामिल थे।

## बेहतर शिक्षा को लेकर स्वंयसेवकों को दिया गया प्रशिक्षण



संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में पिरामल फाउंडेशन द्वारा चयनित पांच स्वयंसेवकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुखिया निर्मला देवी मुख्य रूप में मौजूद थीं। प्रशिक्षण में पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि चारु ने उपस्थित स्वयंसेवकों को शिक्षा के अवसर को सुधार और बच्चों के पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई अभियान पंचायत के शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का एक कदम है, जो बच्चों के भविष्य को संवारने में मदद करेगा। बताया गया कि प्रशिक्षित हो स्वयंसेवक सलगा विद्यालय में 1 टू 5 के बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार समेत अन्य की शिक्षा देंगे। प्रशिक्षण में स्वयंसेवक मनीषा कुमारी, खुशबू कुमारी, दीपक कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## डीवीसी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के आवास लाइसेंस शुल्क नीति में किया संशोधन

संवाददाता

**बोकारो।** डीवीसी कोलकाता के ईडी एचआर एसएन दत्ता ने पत्रांक 126 के तहत सेवानिवृत्त कर्मियों के आवास लाइसेंस शुल्क नीति में संशोधन करते हुए आदेश जारी किया है। डीवीसी के सेवानिवृत्त कर्मियों द्वारा डीवीसी के पूर्व के आवास लाइसेंस शुल्क नीति में संशोधन की मांग को लेकर गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल सभी के पास अपनी फरियाद की। इसके बावजूद मामला सुलझने की बजाय उलझता ही जा रहा है, जिससे डीवीसी के वे पेंशनर, जिन्होंने डीवीसी का आवास सेवानिवृत्ति के बाद भी रखा है, काफी परेशान हैं। मुख्यालय

### सेवानिवृत्ति के चार महीने बाद आवास पर लगेगा 40 गुना लाइसेंस शुल्क

प्रबंधन ने डीवीसी के सेवानिवृत्त/सेवानिवृत्त पूर्व कर्मचारियों के खिलाफ सार्वजनिक परिसर की बेदखली अधिनियम, 1971 के अनुसार कार्रवाई करने का आदेश दिया है, जो सामान्य अवधारण अवधि से परे डीवीसी आवास पर कब्जा और उसे बनाए रखना जारी रखते हैं। सामान्य अवधारण अवधि की समाप्ति के तुरंत बाद आवंटन आदेश रद्द कर दिया जाएगा। डीवीसी की सेवाओं से सेवानिवृत्त होने वाला कोई भी कर्मचारी सामान्य लाइसेंस शुल्क पर महज चार महीने तक अपना क्वार्टर बनाए रख सकता है। जिन कर्मचारियों की सेवाएं त्यागपत्र, बर्खास्तगी या निष्कासन के आधार पर समाप्त की जाती हैं, वे निगम सेवाओं से मुक्त होने की तिथि से एक माह तक ही अपना क्वार्टर, सामान्य लाइसेंस शुल्क पर रख सकते हैं। डीवीसी उन सभी कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति यात्रा भत्ते और अर्जित अवकाश नकदीकरण को रोक लेगा, जो अपनी सेवानिवृत्ति/सेवानिवृत्ति/बर्खास्तगी/त्यागपत्र के बाद निगम द्वारा प्रदान किए गए आवासीय आवास का लाभ उठाएंगे।

रोकी गई राशि तिमाही की छुट्टी के बाद और संबंधित परियोजना के भू-संपदा विभाग से उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में एनओसी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद जारी की जाएगी।

## छोटा मुरी बना स्व. पंकज कुमार मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का चैम्पियन

संवाददाता

**सिल्ली।** प्रखंड के बांसारुली स्कूल मैदान में मंगलवार को स्व पंकज कुमार मेमोरियल तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोनाहातु एवं छोटा मुरी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें सोनाहातु की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 83 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए छोटा मुरी की टीम ने 9.4 ओवरों में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हो हासिल कर प्रतियोगिता का चैम्पियन बना। बांसारुली क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता शुभारंभ पिछले 9 फरवरी को किया गया था। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, समाज सेवी प्रकाश महतो एवं अन्य अतिथियों ने विजेता टीम को चैम्पियनश ट्रॉफी व नगद 23 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया। वहीं उप विजेता टीम को पुर्व मुखिया धनेश्वर मांझी, ग्राम प्रधान श्रीधर महली, पुर्व शिक्षक भृगु राम महतो, सुधीर महतो एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने रनर ट्राफी व नगद 18 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया। वहीं सेमीफाइनल के रनर टीम बांसारुली और केसरडीह टीम को भी नगद व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज सोनाहातु के गुड्डू को, बेस्ट बेट्स मैन ऑफ द मैच छोटामुरी के कृष को, हेट्रीक सिक्स कृष व करन लोहरा को दिया गया।

इन खिलाड़ियों को आयोजन समिति के सहयोगी रोशन साहु, मधुसूदन महतो, लाल मोहन मांझी, कौशल साहू, कमलेश कुमार साहु आदि ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति की ओर से सभी एम्पायरों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कामेंट्री बिलटु महतो व दिनेश साहु ने किया।

मैच का संचालन टायबु ( जमशेदपुर), शुशीम कर, पंकज एवं सुरज ने किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि स्व पंकज कुमार क्षेत्र एक बेहत क्रिकेट खिलाड़ी थे। वो आज हमारे बीच नहीं रहे मगर उनके साथी खिलाड़ियों ने उनके याद को जिंदा रखने के लिए इस तरह का आयोजन किया इसके लिए हम आयोजन समिति का आभार जताते हैं।

# मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन परीक्षा में लहराया परचम

संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर 4/ए स्थित मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया है। पियूष झा ने 99.77 पर्सेंटाइल हासिल कर अपने माता-पिता, स्कूल और शहर को गौरवान्वित किया। उनके माता-पिता बीना झा और संजीव झा ने इस सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को दिया।

इसके अलावा, सुजल राज ने 99.38 पर्सेंटाइल और हर्षित वर्मा ने 98.53 पर्सेंटाइल प्राप्त कर स्कूल के सम्मान में और



वृद्धि की। स्कूल के अध्यक्ष हरिमोहन झा ने छात्रों की इस उपलब्धि को कठोर परिश्रम और निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया। सचिव प्रमोद कुमार झा ने सफल छात्रों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और विशेष तैयारी कक्षाएं आयोजित करने वाले शिक्षकों का आभार प्रकट किया।

मिथिला सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष जे.पी. चौधरी, प्रदीप कुमार और अरुण पाठक ने भी छात्रों को विशेष बधाई दी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

### 13 दिनों से पति लापता, पत्नी परेशान

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी भीम भुइंया की पत्नी संजू देवी ने अपने पति के 13 दिनों से लापता होने की सूचना बुधवार को पुलिस को आवेदन देकर की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मेरे पति मजदूरी का काम करने कर्नाटक गए थे। कर्नाटक के हुगली रेलवे स्टेशन में बीते 29 दिसंबर को बात हुई। इसके बाद से बात नहीं हो रही है और मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। साथ ही आवेदन में बताया गया है कि कर्नाटक में मजदूरी का काम राजेश नमक मलिक के यहां करता था। मालिक को फोन किया तो बताया कि तुम्हारा पति पूरा हिसाब लेकर घर चला गया है। परंतु 13 दिन बीत गए पर अब तक मेरे पति भीम भुइंया वापस घर नहीं आए हैं।

## तनाव मुक्त और एकाग्र होकर करें परीक्षा की तैयारी : सकलदीप भगत

संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक सकलदीप भगत ने दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के साथ द्वीप प्रज्वलित कर किया। आठवीं और नौवीं के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम से समा बांध दिया, वहीं, सीनियर छात्राओं ने अपने अनुभवों को साझाा किया। संस्थान तीन माह पूर्व से बोर्ड के परीक्षार्थियों के लिए साप्ताहिक जांच परीक्षा आयोजित कर रहा था। इससे छात्रों के आत्मविश्वास में इजाफा हुआ। इस दौरान कई नागपुरी तथा हिंदी गानों पर रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं मेहनत और ईमानदारी के साथ अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। उन्होंने कहा कि आपने जो कुछ संस्थान से सीखा है, अपने जीवन में उसे अवश्य चरितार्थ करें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, आप तनावमुक्त एवं एकाग्र होकर परीक्षा की तैयारी करें। परीक्षा को एक उत्सव के रूप में लें, जिससे आपको सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। अंत में सभी छात्र-छात्राओं को बेस्ट ऑफ लक गिफ्ट दिया गया।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, गुरुवार 13 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### मंईयां सम्मान योजना बनी हेमंत सरकार की मुसीबत

**धनबाद।** जो मंईया सम्मान योजना हेमंत सरकार के लिए संजीवनी बनी थी, अब वहीं योजना हेमंत सरकार के लिए मुसीबत बन गयी है। जनवरी की किस्त इंतजारों में ही गुजर गया, अब फरवरी की किस्त की तारीख भी गुजरती जा रही है। ऐसे में हेमंत सरकार के खिलाफ एक तरफ जहां महिलाएं आक्रोशित है,तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा भी मुश्किलें पैदा करने को तैयार हो गयी है। जाहिर है विधानसभा सत्र में तो मुद्दा गरमायेगा ही, सदन से पहले भाजपा इसे लेकर सड़क पर भी उतरने को तैयार है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि आज 11 तारीख हो जाएगी. लिहाजा, वादे के अनुरुप प्रदेश की सभी बहनों के खाते में मंईयां सम्मान की राशि चली जानी चाहिए। लेकिन सरकार पिछले जनवरी माह की राशि का भी भुगतान नहीं कर पाई है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सोरेन की एग्जाम कैलेंडर वाली घोषणा भी जुमला साबित हुई है। जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई है। बुजुर्गों और विधवाओं का पेंशन लंबित है। गरीब आदिवासी परिवारों को राशन नहीं मिल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि हेमंत सरकार जन मुद्दों पर तुरंत पहल नहीं करती है तो भाजपा राज्यव्यापी आंदोलन करेगी।यह सौ फीसदी सही है कि मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को जनवरी माह की किस्त नहीं मिली है। झामुमो के वादों के मुताबिक हर माह की 15 तारीख तक मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के खाते में 2,500 रु ट्रांसफर करना है। इस योजना की शुरूआत अगस्त 2024 में हुई थी। तब से लेकर नवंबर तक लाभुकों के खाते में प्रति माह 1,000 रु ट्रांसफर किए जा रहे थे। चुनाव पूर्व किये वादों के मुताबिक दिसंबर से 2,500 रु प्रति माह देने का वादा 6 जनवरी को पूरा किया गया, लेकिन उसके बाद से राशि पर ब्रेक लग गयी है। जाहिर है इससे महिलाओं का आक्रोश अब बढ़ता दिख रहा है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित की



**धनबाद।** धनबाद विधायक राज सिन्हा ने अपने आवासीय कार्यालय मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर उन्होंने कहा कि देश भर में हम सब पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मना रहे हैं। हमारे हर कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा में तत्पर रहेंगे। सार्वजनिक जीवन में कोई राजनेता होता है, कोई विचारक होता है, कोई संगठक होता है, लेकिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय में यह तीनों गुण थे। वह एक समर्पित राजनेता भी थे, महान विचारक भी थे और कुशल संगठक भी थे। श्री सिन्हा ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आगे कहा कि पंडित जी ने हमें बताया कि राजनीति और राजनीतिक दल साध्य हो सकते हैं साधन नहीं। ये माध्यम हो सकते हैं लेकिन अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के विकास के लिए, उपस्थित सभी कार्यकताओं से उनके बताये मार्ग पे चलने का आह्वान किया।

### डीएवी में मनाई गई महर्षि दयानंद सरस्वती की 201वीं जयंती



**धनबाद।** कोयलानगर स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की 201वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण कर किया गया। फिर स्वामी दयानंद सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी झारखण्ड प्रक्षेत्र-सी के क्षेत्रीय पदाधिकारी एन एन श्रीवास्तव ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती 19 वीं सदी के समय के बहुत बड़े सामाजिक सुधारक और राष्ट्रीय दृष्टि से भारत के आजादी के आंदोलन में अपने जीवन की आहुति देने वाले महापुरुषों में से एक थे।इसके अलावा इन्होंने शिक्षा प्रणाली में बदलाव भी किया था, जिसके सहारे महिलाओं को शिक्षा और अन्य अधिकार मिले। साथ ही दयानंद जी ने ₹सत्यार्थ प्रकाश₹ नामक ग्रंथ भी लिखा था जोकि आज भी प्रासंगिक है। वहीं दूसरी ओर इस अवसर पर अंतर सदन खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया , जिसमें फाइनल में नालंदा सदन ने वल्लभी सदन को 2-0 से हराया। प्राचार्य ने कहा कि सभी छात्र पढ़ाई -लिखाई के साथ -साथ खेलकूद से मस्तिष्क स्वस्थ रहता है तथा भविष्य में वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ता ही जाता है। मौके पर सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# भूली बस्ती में वाहन जांच के दौरान चोरी के बाइक के साथ दो धराए



संवाददाता

**धनबाद।** भूली ओपी परिसर में भूली थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कोयलांचल क्राईम न्यूज को बताया कि वरीय पदाधिकारी द्वारा वाहन चेकिंग का आदेश प्राप्त हुआ। उक्त आदेश के आलोक में संध्या गस्ती पदाधिकारी विजय कुमार राय को वाहन चेकिंग करने का निर्देश मोबाईल के माध्यम से दिया गया। गस्ती दल पदाधिकारी द्वारा आदेश के आलोक में बैरिकेडिंग का इस्तेमाल करते हुए। भूली बस्ती मोड़ के पास वाहन जांच की जा रही थी। तभी समय करीब रात्रि 7:00 बजे झारखण्ड मोड़ के पास पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगे, तभी गस्ती दल के मदद से पीछा कर मोटरसाईकिल सवार को झारखण्ड मोड़ की ओर से एक मोटरसाईकल जिस पर दो लोग सवार थे। जो पुलिस बल को देखकर गाड़ी घुमा कर भागने लगे, तभी भूली पुलिस की टीम ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। जिसके उपरान्त उक्त दोनो से बिना नम्बर का ब्लू रंग का हिरो होण्डा स्पलेंडर प्लस के संबंध में पूछताछ किया गया। तो इनलोगों के द्वारा बताया गया कि यह गाड़ी हमलोग के दोस्त का है। जिसके उपरान्त संदेह होने पर मेरे द्वारा गस्ती दल के मदद से दोनो व्यक्ति एवं बिना नम्बर का ब्लू रंग का हिरो होण्डा स्पलेंडर प्लस को भूली ओ0पी0 लाया तथा मोटरसाईकल को ओ०पी० परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। तथा ओ०पी० परिसर में उक्त दोनो से कड़ाई से पूछताछ करने पर फरीद खान के द्वारा बताया गया कि हम दोनो यह मोटरसाईकल करीब डेढ महिना पहले मेमको मोड़ के पास से चोरी किये थे और इसका नम्बर प्लेट हटाकर अपने निजि काम में इस्तेमाल करते थे। उक्त दोनों अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि ये दोनों ओर दो और मोटरसाईकल करीब एक महीना पहले सरायढेला से एक ग्लैमर मोटरसाईकल तथा करीब एक महीना पहले पाण्डरपाला काली मंदीर के पास से एक स्कूटी की भी चोरी की थी। जिसे इन दोनों अभियुक्तों के द्वारा बरामद कराया गया। वहीं मंगलवार को दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया गया।

## संत शिरोमणि सदगुरू रविदास जी महाराज एक सच्चे समाज सुधारक थे : प्रवीण कुमार

संवाददाता

**धनबाद।** कस्तूरबा गांधी विद्यालय बलियापुर में संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई गई। मौके पर उपस्थित अंचल अधिकारी बलियापुर प्रवीण कुमार सिंह ने उपस्थित बच्चियों एवं शिक्षिकाओं को संत शिरोमणि रविदास जयंती की ढेर सारी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बताया कि संत रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन काशी में हुआ था ' उन्होंने जाति-पाति के बंधनों के बावजूद आचार्य शारदानंद से अपनी शिक्षा पूरी की। धमार्चार्य रामानंद से दीक्षा प्राप्त की और उनके आदेश में श्री राम भक्ति में लीन हो गए।

बचपन से ही अपने पिता के पेशे को अपनाते हुए रविदास जूता बनाने का काम किया करते थे। साथ में भक्ति भावना में भी लीन रहते थे। उन्होंने बताया कि व्यक्ति जन्म से और अपने व्यवसाय से महत्वपूर्ण नहीं होता है बल्कि विचारों की श्रेष्ठता व लोकहित में किए गए कार्य और सदव्यवहार से ही महान होता है। संत रविदास ने जाति पाती के भेद को मिटाते हुए सभी मनुष्यों को एक समान माना है। सनातन की श्रेष्ठता पर बल देते हुए उन्होंने कई भजन लिखे। उनके भजनों को सिखों के पवित्र धर्मग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में समाहित किया गया है। चित्तौड़गढ़ की महारानी मीराबाई संत रविदास से प्रभावित होकर उनसे दीक्षा ग्रहण की। आज माघ पूर्णिमा के दिन काशी में उत्सव के रूप में रविदास जी की जयंती को मनाया जाता है, जहां पर उनके भजनों को गया जाता है। काशी के सीर गोवर्धनपुर मंदिर में पूजा अर्चना की जाती है। ईश्वर के प्रति अगाध श्रद्धा और भक्ति ने संत रविदास को सच्चे मायनों में संत शिरोमणि बनाया है। संत रविदास जी जिन्हें संत रैदास के नाम से भी जाना जाता है, संत कबीर के गुरु भाई थे। आज का दिन संत रविदास के विचारों और शिक्षाओं को आत्मसात करने का दिन है जो इस जयंती की सही सार्थकता होगी।

## आईआईटी में क्रिप्टोग्राफी और नेटवर्क सुरक्षा पर आठ दिवसीय बूट कैंप शुरू



संवाददाता

**धनबाद।** आईआईटी धनबाद के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग में 12 फरवरी से क्रिप्टोग्राफी और नेटवर्क सुरक्षा पर एक विशेष आठ दिवसीय बूट कैंप का आयोजन किया गया है। यह बूट कैंप भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में संचालित सूचना सुरक्षा शिक्षा एवं जागरूकता परियोजना के तीसरे चरण के तहत आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में देशभर के विभिन्न तकनीकी संस्थानों से लगभग 65 नवोदित टेक्नोक्रेट शामिल हुए हैं, जो साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बहुमुखी ज्ञान अर्जित कर रहे हैं।बूट कैंप के उद्घाटन सत्र में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख प्रो० चिरंजीव कुमार ने इस पहल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एक अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से प्रतिभागियों को क्रिप्टोग्राफी और नेटवर्क सुरक्षा के सिद्धांतों की गहन समझ दी जाएगी। इसके अलावा, अनुभवी संकाय सदस्यों द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे प्रतिभागी वास्तविक दुनिया के साइबर खतरों का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें।संबोधित करते हुए विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो० सचिन त्रिपाठी ने साइबर सुरक्षा शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में किए गए पिछले प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आईआईटी आईएसएम पहले भी विभिन्न साइबर सुरक्षा और ब्लॉकचेन तकनीक से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर चुका है। उन्होंने उल्लेख किया कि 19 अक्टूबर, 2024 से कॉन्सेप्चुअल ब्लॉकचेन पर एक पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम भी आयोजित किया गया था, जिसमें 57 संकाय सदस्यों को ब्लॉकचेन तकनीक की ट्रेनिंग दी गई थी। बूट कैंप के पाठ्यक्रम को लेकर प्रो० त्रिपाठी ने बताया कि यह शिविर पूरी तरह से संरचित तरीके से संचालित किया जा रहा है। पहले चार दिन क्रिप्टोग्राफी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिसमें एन्क्रिप्शन और डिक्रिप्शन तकनीकों का गहन अध्ययन किया जाएगा। इसके बाद शेष चार दिन नेटवर्क सुरक्षा पर केंद्रित होंगे, जहां प्रतिभागियों को विभिन्न साइबर हमलों और उनकी रोकथाम की तकनीकों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर के दौरान एप्लिकेशन-स्तर की सुरक्षा, सिस्टम-स्तर की सुरक्षा और नेटवर्क-स्तर की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिविर में प्रशिक्षण देने वाले विशेषज्ञों में प्रो० धरावत रमेश, प्रो० अरूप कुमार पाल, प्रो० हरिओम, दीप नारायण दास, देवेंद्र मणि त्रिपाठी और राजेश मिश्रा शामिल हैं।

## कॉमरेड एके राय स्मारक समिति की बैठक संपन्न, 16 को होगा प्रतिमा स्थल का शिलान्यास



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के सरायढेला नूतनडी मोड़ पर 12 फरवरी को कॉमरेड एके राय स्मारक समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता भक्तु महतो ने की, जिसमें आगामी 16 फरवरी को प्रस्तावित एके राय के प्रतिमा स्थल के शिलान्यास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे और राय बाबू के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई।बैठक के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि केवल राय बाबू की मूर्ति की स्थापना कर देना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उनके विचारों और सिद्धांतों को भी जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बाजारवाद और पूंजीवादी सोच समाज को एक दिशा में मोड़ रहे हैं, जिससे मेहनतकश लोगों की समस्याओं की अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेहनतकश लोगों के लिए संघर्ष करना ही राय बाबू को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि राय बाबू का विचारधारा साम्यवाद से जुड़ा था, इसलिए हमें उनके विचारों को अपनाकर और अधिक गांवों एवं श्रमिक समुदायों को इस विचारधारा से जोड़ना चाहिए। उन्होंने अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोग 16 फरवरी को होने वाले इस पुण्य कार्य में शामिल हों और इसे सफल बनाएं। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 16 फरवरी को होने वाले इस शिलान्यास समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आनंद महतो होंगे। इसके अलावा निरसा विधायक कॉ० अरुप चटर्जी और सिंदरी विधायक कॉ० चंद्रदेव महतो इस समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह आयोजन पूरी तरह से ऐतिहासिक और विचारधारा को समर्पित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग जुटकर एके राय के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगे। इस बैठक में स्मारक समिति के सचिव सतनारायण कुमार, सम्राट चौधरी, आर. पी. महतो, समीर गोस्वामी, राणा चट्टराज, अजय महतो, मांगा प्रसाद महतो, गोपाल महतो, नरेश पासवान, जगदीश प्रसाद महतो, संजय महतो, रामू महतो सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस बैठक में एके राय के संघर्ष और विचारधारा पर प्रकाश डाला और उनके सपनों को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया।

## सिंदरी चेक पोस्ट अंबेडकर कॉलोनी में धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि रविदास जयंती



संवाददाता

**धनबाद।** सिंदरी चेक पोस्ट अंबेडकर कॉलोनी में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष परेश चंद्र दास ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री इंद्र मोहन सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन मोर्चा के जिला महामंत्री नरेंद्र हरि ने किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में भाजपा नेत्री एवं सिंदरी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी श्रीमती तारा देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ बोकारो से आए प्रभारी प्रकाश दास, धनबाद जिला ग्रामीण महामंत्री मनोज मिश्रा, ग्रामीण जिला मंत्री प्रकाश बाउरी, एस.टी. मोर्चा झारखंड प्रदेश के शोध एवं नीति सह-संयोजक समीर बाउरी, एस.टी. मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर मरांडी, एस.सी. मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप बाउरी, जिला मंत्री श्रीमती चंद्रावती देवी सहित कई गणमान्य नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।


अन्य प्रमुख उपस्थित अतिथियों में वरिष्ठ नेता विजय सिंह, अरविंद खत्री, राकेश तिवारी, चरण करवा, गणपति बाउरी, राघव तिवारी, रंजना शर्मा, अनिमा सिंह, चूंकि देवी, कुमार महतो, शिव प्रकाश, धनंजय सिंह, प्रदीप हरी, प्रदीप कुमार, मनोज रजक, विजय दास आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा नेत्री श्रीमती तारा देवी के सौजन्य से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद लोगों के बीच 100 कंबलों का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य संत रविदास की शिक्षाओं और समाज के प्रति उनकी निष्ठा को समर्पित था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने संत रविदास के विचारों और उनके समाज सुधार के कार्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने में सभी कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## राजकमल विद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स परीक्षा में सफलता प्राप्त की









संवाददाता

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, अशोक नगर, धनसार के 13 विद्यार्थियों ने जनवरी में आयोजित जेईई मेन्स परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की। इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संकल्प शक्ति से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी दृढ़ निश्चय और कठिन परिश्रम के साथ किसी भी लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं, वे जीवन में हर परीक्षा में सफलता अर्जित करते हैं।। इस वर्ष विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। अंचल अग्रवाल ने 98.94 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अलावा पीयूष कुमार ने 97.33, साहिल सिन्हा ने 96.19, साहिल अंसारी ने 93.82, देबोजित हालदार ने 93.15, स्वास्तिक कुमारी ने 91.00, मान्यता गुप्ता ने 90.00, रिया कुमारी ने 88.00, ईरान फातिमा ने 86.83, हर्षिता ने 86.00, सत्यम कुमार सिंह ने 85.62, सुधीर कुमार ने 83.00 और दक्ष सुमन ने 82.23 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया।विद्यालय परिवार इस उपलब्धि से अत्यंत हर्षित है। विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सहसचिव दीपक रुइया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल एवं समिति के अन्य पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि यदि विद्यार्थी कठिन परिश्रम और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं, तो सफलता निश्चित होती है। इस उपलब्धि के माध्यम से विद्यालय ने अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण दिया है। सफल विद्यार्थियों ने भी अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों और अपने कठोर परिश्रम को दिया। अपनी साख को और मजबूत किया है। विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को आगे आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं और उम्मीद जताई है कि वे भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

## पत्नी को भगाने का आरोप, पुलिस से की शिकायत

संवाददाता

**कतरास।** रामानन्द कुमार गोस्वामी ने रमेश महतो पर अपनी पत्नी सुमित्रा देवी को भगा कर ले जाने का आरोप लगाते हुए महुदा पुलिस से लिखित शिकायत कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। दिए गए शिकायत के अनुसार धनबाद जिला के बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत काण्ड्रा पंचायत के कल्याणपुर बस्ती निवासी रामानन्द कुमार गोस्वामी पिता विश्वनाथ गोस्वामी ने बताया कि मेरी पत्नी सुमित्रा देवी उम्र 27 वर्ष को काण्ड्रा बस्ती निवासी रमेश महतो उर्फ प्रकाश महतो पिता धिरेन महतो उम्र लगभग 25 वर्ष ने सोमवार शाम लगभग पांच बजे मोटर साइकिल में बैठकर भगा कर ले गया। बताया गया सुमित्रा देवी की शादी 2015 में हुई थी। सुमित्रा देवी की दो पुत्री अंकिता गोस्वामी उम्र 8 वर्ष और कविता गोस्वामी उम्र 4 वर्ष को छोड़ कर भाग गई हैं। रामानन्द कुमार गोस्वामी ने बताया कि रमेश महतो हमारे साथ केटरिंग का काम करता था। इस क्रम में उसका मेरा घर आना जाना था। घटना के समय जब मै अपनी पत्नी सुमित्रा देवी और छोटी पुत्री कविता गोस्वामी को सुमित्रा के दीदी घर बारी कोपरेटिव बोकारो से लेकर अपने घर कल्याणपुर मोटर साइकिल से लेकर आ रहे थे तभी पैट्रोल पम्प में तेल भराने के क्रम में मेरी पत्नी मेरे मोटर साइकिल से उत्तर कर रमेश महतो के मोटर साइकिल में छोटी पुत्री को छोड़कर भाग गई।

## सुभाषितम्

**अगर हम विफलता से शिक्षा प्राप्त करते है तो वह सफलता ही है - मैल्कम फोर्ब्स**

# दिल्ली से आम आदमी पार्टी की विदाई


हर्षवर्धन पाण्डे

दिल्ली की राजनीति में भाजपा की हालिया जीत और आम आदमी पार्टी की हार ने मौजूदा दौर में कई सवाल खड़े किए हैं। दिल्ली में जब चुनावी डुगडुगी बजी तो भाजपा और आप दोनों ही दलों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले केजरीवाल दिल्ली के चुनावों में हमेशा नरेटिव बनाया करते थे और विपक्ष उसकी काट नहीं ढूंढ पाता था लेकिन इस बार भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी जीत के लिए सशक्त प्रचार की रणनीति अपनाई। मोदी ने चुनावी रैलियों में आप के खिलाफ दिल्ली का पैसा लूट लिया का बेहतर नरेटिव बनाकर भाजपा को प्रचार में आगे किया और केजरीवाल की रेवड़ी के नहले पर बड़ी रेवड़ी का दहला मारकर आप के कामकाज पर सवाल उठाए। साथ ही दिल्ली की जनता से वादा किया कि भाजपा सरकार बनने पर विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। मोदी और अमित शाह का प्रचार अभियान बड़े पैमाने पर था, जो स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता से जुड़ा हुआ था। आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह रही कि उसने पिछले कुछ वर्षों में जिन विकास कार्यों को सबसे बड़ी सफलता के रूप में प्रस्तुत किया था, वे अब जनता के लिए उतने प्रभावी नहीं रहे। शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली-पानी के मुद्दों पर भले ही आप ने दिल्ली के लोगों को आकर्षित किया हो लेकिन यह महसूस किया गया कि अब कुछ नया नहीं है।

लोगों ने यह देखा कि आप की सरकार दिल्ली में कुछ बड़े मुद्दों को सुलझाने में विफल रही जैसे रोजगार, महिला सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण। इसके साथ यमुना की सफाई नहीं हो सकी। आप में आंतरिक कलह और नेतृत्व की कमी भी हार का एक बड़ा कारण बनकर सामने आई। पार्टी के भीतर लगातार आपसी विवाद और संगठन के भीतर असंतोष ने आम आदमी पार्टी की छवि को प्रभावित किया। रही-सही कसर शराब घोटाले और इस मामले में उसकी टॉप लीडरशिप के जेल जाने ने पूरी कर दी। अरविंद केजरीवाल का नेतृत्व इस बार उतना प्रभावी नहीं था, जितना पहले था। दिल्ली में भाजपा ने एक बड़ी रणनीति के तहत पूर्वांचल समुदाय के लोगों के वोट बैंक के साथ महिला वोट बैंक और कुछ झुग्गियों के वोट बैंक को अपने पाले में खींचने में सफलता हासिल की। भाजपा ने अपनी रैलियों में स्थानीय मुद्दों को बेहतर तरीके से उठाया और यह संदेश देने की कोशिश की कि केवल वे ही दिल्ली के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में यह रणनीति काम आई क्योंकि भाजपा ने हर वर्ग को आकर्षित करने के लिए अपनी विचारधारा को मजबूती से प्रस्तुत किया इसमें कोई संदेह नहीं है कि केजरीवाल को मात देने के लिए भाजपा और संघ ने पूरा दम लगाया। उसने धारणा के स्तर पर केजरीवाल की कट्टर ईमानदार की छवि भंग कर दी थी और माइक्रो मैनेजमेंट किया। अरविंद केजरीवाल अन्ना की टोपी पहनकर ईमानदारी की राजनीति करके सत्ता में आए थे। दिल्ली की जनता उनसे संपूर्ण ईमानदारी की उम्मीद कर रहा था।

तभी शराब नीति से जुड़े घोटाले में नाम आने और जांच शुरू होने के साथ अगर वे इस्तीफा देते तो यह उनका मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता था लेकिन कुर्सी से चिपके रहना उन्होंने पसंद किया। वह जेल में रहकर दिल्ली की सत्ता में बने रहना चाहते थे जिसने लोगों के मन में उनके प्रति धारणा बदली। जेल से छूट गए तो खुद को सीएम के रूप में मतदाताओं के बीच प्रोजेक्ट करने लगे, इससे सीएम बनने की उनकी महत्वाकांक्षाएं फिर से जगी। जेल जाकर सीएम बने रहना उनको भारी पड़ गया और शराब घोटाले में उन पर गंभीर आरोप लगे जो प्रकरण अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है और वह जमानत पर हैं। केजरीवाल के जेल जाने से दिल्ली पूरी तरह से ठहर-सी गई। केजरीवाल ने पिछले वर्ष के बजट में महिलाओं को नकद पैसे देने की घोषणा की थी लेकिन इस साल फरवरी के चुनाव तक महिलाओं को कोई पैसा नहीं मिला। उल्टा ये देखा गया महिलाओं से जो फार्म भरवाए गए वो कूड़े के ढेर में पाए जाने के वीडियो खूब वायरल हुए।

दिल्ली के रामलीला मैदान में समाज के हर तबके ने अन्ना आंदोलन में हिस्सा लिया था। बाद में जब केजरीवाल ने आप के रूप में राजनीतिक दल बनाया तो समाज के हर तबके को फ्री की रेवड़ियों से आकर्षित किया। हालांकि शराब घोटाले के बाद दिल्ली के हर वर्ग में उन्हें लेकर असंतोष बढ़ने लगा। खासकर उन लोगों को निराशा हुई जो केजरीवाल से व्यवस्था परिवर्तन की उम्मीदें लगाए बैठे थे। दो साल पहले एमसीडी में बहुमत के बाद भी दिल्ली की बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी समस्याएं दुरुस्त नहीं हो पाई। जगह-जगह कूड़े के ढेर, सीवर समस्या और बढ़ते प्रदूषण से लोग त्रस्त हो गए। उनके जेल में होने से पांच महीने तक सारे कामकाज ठप रहे। पार्टी ने जिस तरह लोगों की बुनियादी जरूरतों को नजरअंदाज किया, उससे जनता में आप के खिलाफ बड़ी निराशा फैली। आम आदमी पार्टी की दिल्ली में हार, एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के रूप में उभरी है, जिसने न केवल दिल्ली की राजनीति को प्रभावित किया बल्कि देशभर में इसके असर को महसूस किया जा रहा है। यह हार उस समय हुई जब पार्टी की उम्मीदें और राजनीतिक ताकत अपने उच्चतम बिंदु पर थी और एक मजबूत चुनावी आधार पर खड़ी थी। दिल्ली में आप और कांग्रेस का गठबंधन नहीं होने से उनका कुछ वोट कांग्रेस के पास चला गया जिससे आप को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा। केजरीवाल ने अपने कई पुराने साथियों की टिकट काट दी और दूसरे दलों से आये दावेदारों से पैसा लेकर जमकर टिकट बांटी, इसका पार्टी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। जिन 27 नए लोगों को टिकट दी थी उनमें से 20 लोग चुनाव हार गए।

केजरीवाल ने अपने 10 साल की सफलता का पैमाना मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, महिलाओं के लिए मुफ्त बस का सफर को मान लिया। उन्होंने दिल्ली के विकास से कोई सरोकार नहीं रखा। आये दिन केंद्र और उप राज्यपाल को निशाने पर लेते रहे, जिसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ी। केजरीवाल ने आज से ठीक 5 साल पहले एक जनसभा में कहा था मुझे 5 साल का समय दे दो, अगर 2025 में मैं यमुना साफ न कर पाऊं तो मुझे वोट मत देना। असल में यही दावा केजरीवाल पर भारी पड़ गया। रही-सही कसर यमुना में जहर को लेकर केजरीवाल के बयान ने पूरी कर दी जब चुनाव से पहले उन्होंने कह दिया कि हरियाणा से यमुना नदी में जहर मिलाया जा सकता है। इसे पीने से दिल्ली में नरसंहार हो सकता है। लोगों की मौत हो सकती है। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने यमुना में जाकर पानी पीकर दिखाया हरियाणा से जो पानी छोड़ा जा रहा है वह तो साफ है लेकिन दिल्ली में यह गंदा कर दिया जाता है, वहां अरविंद केजरीवाल की सरकार है जो सफाई नहीं कर पाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे जनसभाओं में उठाया और कहा जिस यमुना के जल को मैं 11 साल से पी रहा हूं, उसमें केजरीवाल कहते हैं कि जहर मिला हुआ है। क्या यह हरियाणा के लोगों का अपमान नहीं यूपी के मुख्यमंत्री योगी तक यमुना पर केजरीवाल को चुनौती देते नजर आए। इसी बीच अरविंद केजरीवाल का एक और बयान वायरल होने लगा, जिसमें वे कह बैठे लोग यमुना पर वोट नहीं देते। यह सब भी केजरीवाल के खिलाफ गया। हरियाणा की जाट-गुर्जर आबादी और बाहरी दिल्ली के जो लोग दिल्ली के वोटर हैं, वे इससे खासा नाराज नजर आए और इससे आप के विरुद्ध स्वर मुखरित होने लगे।

बेशक आप चुनाव हारी है लेकिन उसे 43.57 फीसदी वोट हासिल हुए हैं। सत्तारूढ़ होने वाली भाजपा को 45.56 फीसदी वोट मिले हैं। मात्र 2 फीसदी वोट का फासला रहा लेकिन भाजपा ने 48 सीटों का ऐतिहासिक जनादेश हासिल किया, जबकि 'आप' 62 सीटों से लुढ़क कर 22 सीटों पर आ गई। दिल्ली हार के बाद केजरीवाल का अहंकार भी समाप्त हुआ है। इसके लिए केजरीवाल ही जिम्मेदार हैं। आम मतदाता इस बार उनकी कट्टर ईमानदार की छवि के दावे को स्वीकार नहीं कर पाया। चुनावी नतीजों में यह निष्कर्ष भी सामने आया कि दलित, महिला, मध्य वर्ग ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया, नतीजतन भाजपा सत्ता तक पहुंच पाई। पिछले चुनाव तक ये समुदाय 'आप' के समर्थक और जनाधार माने जाते थे क्योंकि केजरीवाल की नई छवि के साथ इन वर्गों ने उन्हें वैकल्पिक राजनीति का प्रतीक माना था।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी का चुनावी अभियान उम्मीदों के मुताबिक नहीं चल सका। जिस तरह से उन्होंने दिल्ली में अपने विकास कार्यों और शिक्षा-संस्था सुधार के मुद्दे को प्रचारित किया था, वह आम लोगों को आकर्षित नहीं कर सका। इसके साथ ही पार्टी को केंद्र सरकार के खिलाफ लगातार विरोध की रणनीति से भी अधिक सफलता नहीं मिली। चुनावी वादे और कार्यों में बुनियादी बदलावों की उम्मीदें पूरी नहीं हो पाईं, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं का विश्वास कमजोर हुआ। अब सबकुछ बेनकाब हो गया। इस चुनाव ने विपक्ष के 'इंडी गठबंधन' वाले नेरेटिव को ध्वस्त कर दिया। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और अब दिल्ली चुनाव जीत कर भाजपा व एनडीए ने 'इंडी गठबंधन' को लगभग बिखेर दिया है। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'इंडी गठबंधन' के घटक दलों ने 'आप' का समर्थन किया और कांग्रेस का खुलेआम विरोध किया। नतीजा कांग्रेस लगातार तीसरे चुनाव में 'शून्य' पर रही।

## रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निमार्ताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू-थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है। तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था।

पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थिति भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं। स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे।

एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गोरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है।

## यूएसएआईडी का दुरुपयोग


पंकज जगन्नाथ जायसवाल

मानवता की आड़ में वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें डीप स्टेट ताकतें और यूएसएआईडी का हिस्सा शामिल है, स्वार्थी कारणों और दुनिया को अपने हिसाब से चलाने की इच्छा के लिए कई देशों की राजनीतिक प्रणालियों और संस्कृतियों को नष्ट कर रहा है।शाहीनबाग, किसान आंदोलन, बांग्लादेश हिंदू नरसंहार, कश्मीर नरसंहार, मुंबई आतंकवादी हमला, नक्सलवाद और आतंकवाद की गतिविधियां, शहरी नक्सलियों के भारत विरोधी आख्यान जैसे कई भारत विरोधी प्रदर्शन, सभी वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा वित्तपोषण की ओर इशारा करते हैं, जिनमें से एक यूएसएआईडी है। डोनाल्ड ट्रम्प और एलोन मस्क ने मानवता के लिए जोखिम देखा और यूएसएआईडी को बंद कर दिया। विदेशी सहायता रोकने और इसके वितरण के प्रभारी प्रमुख एजेंसी को बंद करने के ट्रम्प प्रशासन के हालिया कदमों ने संघीय खर्च में विवाद के अपेक्षाकृत मामूली लेकिन लंबे समय से चले आ रहे स्रोत पर ध्यान केंद्रित किया है। इन कदमों ने दुनियाभर के मानवीय संगठनों और सरकारों के बीच अस्पष्टता पैदा कर दी है कि कौन-से कार्यक्रम जारी रह सकते हैं और कौन-से नहीं। स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और जल जैसी अनेक मानवीय सहायता जारी रखी जानी चाहिए और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प निःस्संदेह मानवता-विरोधी वामपंथी समूहों को हटाने के बाद ये सहायता शुरू करेंगे। भारत तथा अन्य विकासशील और अविकसित देशों में मानवता विरोधी कार्रवाइयों के लिए मानवता विरोधियों के वित्तपोषण का किस प्रकार दोहन किया जा रहा है?

यूएसएआईडी, जिसपर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना हो रही है, उसे अमेरिका के सभी अंतरराष्ट्रीय व्यय का आधे से अधिक फंड प्राप्त होता है। खतरे के संकेतों के बावजूद, यूएसएआईडी ने पाकिस्तान स्थित फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (FIF) को वित्तपोषित किया, जो हाफिज सईद के लश्कर-ए-तैयबा (LeT) का मुखौटा है। इस तथ्य के बावजूद कि अमेरिकी सरकार ने एफआईएफ और एलईटी पर प्रतिबंध लगा दिया है, उन्हें यूएसएआईडी से वित्त पोषण प्राप्त हुआ। फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (FIF) और एलईटी मुंबई में 26/11 के हमलों के लिए जिम्मेदार थे, जिसमें 166 लोग मारे गए थे।पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बेरहमी से मारे गए 166 व्यक्तियों में छह अमेरिकी भी थे। एफआईएफ को यूएसएआईडी का पैसा हेल्पिंग हैंड फॉर रिलीफ एंड डवलपमेंट (HHRD) के माध्यम से भेजा गया था, जो मिशिगन में स्थापित एक मुस्लिम गैर-लाभकारी संस्था है, जिसका दक्षिण एशिया में सक्रिय आतंकवादी समूहों से संबंध है। ट्रम्प ने यूएसएआईडी पर नकेल कसते हुए इसे 'डीपस्टेट' करार दिया है। एक्स पर एक पोस्ट में, ट्रम्प से जुड़े एक अकाउंट ने दावा किया कि जॉर्ज सोरोस ने यूएसएआईडी से $260,000,000.00 प्राप्त किए और इस पैसे का इस्तेमाल श्रीलंका, बांग्लादेश, यूक्रेन, सीरिया, ईरान, पाकिस्तान, भारत, यूके और अमेरिका में अराजकता फैलाने, सरकार बदलने और व्यक्तिगत लाभ के लिए किया। उनकी टिप्पणी अमेरिकी विदेशी सहायता की बढ़ती जांच में शामिल है, खासकर तब से जब ट्रम्प प्रशासन ने यूएसएआईडी के बजट को फ्रीज कर दिया है। डॉज के सीईओ एलन मस्क ने ट्रम्प की सरकार का समर्थन किया है, जो वामपंथ यूएसएआईडी की वित्तीय सहायता पर जोर देते हैं, जिसे वे ₹विवादास्पद₹ उपक्रम बताते हैं। मस्क की भागीदारी और समर्थन ने शासन परिवर्तन और राजनीतिक प्रभाव के लिए विदेशी सहायता के उपयोग के बारे में रिपब्लिकन की चिंताओंको बढ़ा दिया है। मस्क ने एक्स स्पेसेस की बातचीत में कहा कि उन्होंने ट्रम्प के साथ 'यूएसएआईडी के बारे में बात की' और [राष्ट्रपति] सहमत हुए कि हमें इसे बंद कर देना चाहिए, ट्रम्प द्वारा यूएसएआईडी के बारे में संवाददाताओं से कहने के बाद, ₹इसे कट्टरपंथी पागलों के एक समूह द्वारा चलाया जा रहा है, और हम उन्हें बाहर निकाल रहे हैं, और फिर हम [इसके भविष्य के बारे में] कोई निर्णय लेंगे। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यूएसएआईडी द्वारा वित्तपोषित एनजीओ ने सरकार की अग्निवीर परियोजना का विरोध किया, जाति जनगणना को बढ़ावा दिया और देश में नक्सलवाद का समर्थन किया। अमेरिकी विदेशी सहायता पारंपरिक रूपसे विकास के बजाय राजनीतिक शक्ति पर केंद्रित रही है। यूएसएआईडी द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रमों ने बार-बार प्राप्तकर्ता देशों को अमेरिका के अनुकूल नीतियों को अपनाने, अमेरिकी फर्मों के पक्ष में बाजार सुधारों को लागू करने और सैन्य प्रभुत्व के लिए रणनीतिक आधार के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। सहायता स्वयं कभी-कभी सच्ची आत्मनिर्भरता बनाने के बजायअल्पकालिक उपायों को प्राथमिकता देती है, जिससे कई विकासशील देश आर्थिक सशक्तीकरण की बजाय निर्भरता के चक्र में फंस जाते हैं। इन कमजोरियों के बावजूद, यूएसएआईडी अमेरिकी सॉफ्ट पावर का एक महत्वपूर्ण उपकरण रहा है।

देखिए, यूएसएआईडी किसी कारणयाकार्यके लिए सिर्फ चेक लिखकर नहीं चला जाता है। यह जमीन पर राज्य के कर्मियों, अनुबंध श्रमिकों और गैर-सरकारी संगठनों (NGO) के संयोजन को नियुक्त करता है। उनमें से कुछ पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं, लेकिन संघीय विशेषाधिकारों के बिना। और वे स्थायी सिविल सेवा पेशेवरों और विदेश सेवा अधिकारियों की तुलना में बहुत अधिक संख्या में हैं, जो आमतौर पर एक अमेरिकी सरकारी एजेंसी के लिए काम करते हैं। सीरिया के उदाहरण में, यूएसएआईडी ने शरणार्थियों को खिलाने के लिए धन उपलब्ध कराया।

# परीक्षा पर चर्चा विशेष : हमेशा जीवन बोलना चाहिए, मार्क्स नहीं


प्रियंका सौरभ

'परीक्षा पर चर्चा' 2018 से एक वार्षिक कार्यक्रम रहा है। इस कार्यक्रम में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश के अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करते हैं। वे प्रवेश और बोर्ड परीक्षाओं को सहज और आसान तरीके से कैसे हल किया जाए, इस पर सलाह देते हैं। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को एक प्रतियोगिता के माध्यम से चुना जाता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलने के अलावा प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानमंत्री से आमने-सामने बात करने का भी अवसर मिलता है। परीक्षा पर चर्चा का उद्घाटन संस्करण 16 फरवरी, 2018 को हुआ था। 29 जनवरी, 2024 को होने वाले 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा पर्याप्त नींद लें और रील देखने में समय बर्बाद न करें। 2025 में आयोजित होने वाले आठवें पीपीसी में इस साल परीक्षा से सम्बंधित तनाव कम करने पर विशेष जोर दिया गया था।

परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम में सद्गुरु (आध्यात्मिक नेता), दीपिका पादुकोण (अभिनेत्री), विक्रांत मैसी (अभिनेता), मैरी कॉम (ओलंपिक चैंपियन, बॉक्सर) और अवनी लेखरा (पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता) जैसे प्रसिद्ध व्यक्ति शामिल हुए। इन प्रतिष्ठित अतिथियों ने तनाव प्रबंधन, उद्देश्यों को पूरा करने और प्रेरणा बनाए रखने पर अपने अनुभव और व्यावहारिक विचार साझा किए।

10 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा 2025 के आठवें संस्करण के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। यह वार्षिक आयोजन छात्रों को परीक्षा की चिंता,



करियर प्लानिंग और व्यक्तिगत विकास जैसे मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के आयोजन के लिए 330 करोड़ से अधिक छात्रों, 2071 लाख शिक्षकों और 551 लाख अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है, जो देश के युवाओं पर इस पहल के निरंतर प्रभाव को दशार्ता है।

पीएम मोदी के अनुसार, कक्षा 10 और 12 में 40-50% छात्र असफल होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह उनका अंतिम उद्देश्य है। शैक्षणिक और व्यक्तिगत सफलता और असफलता के बीच अंतर को पहचानना महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जो दिन के अंत में अपनी गलतियों पर विचार करते हैं और उनमें सुधार करते हैं; छात्रों को भी ऐसा ही करना चाहिए। उनके अनुसार, आपका जीवन वही है जो आपके अंक बताते हैं, न कि आप। पीएम ने छात्रों को दबाव को नजरअंदाज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज की तरह जो स्टेडियम के शोर और नारों को नजरअंदाज कर गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है, छात्रों को भी तनाव के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

उन बच्चों का क्या होता है जो स्कूल में फेल हो जाते हैं? देखिए, असफलता जीवन के अंत का संकेत नहीं है। आप जीवन में सफल होना चाहते हैं या किताबों के माध्यम से, यह आप पर निर्भर करता है। अपनी सभी असफलताओं को शिक्षण के अवसर में बदलना जीवन में सफलता प्राप्त करने की एक रणनीति है। अपनी गलतियों को अपने शिक्षण के क्षण बनाएँ। जीवन केवल परीक्षा नहीं है। इसे समग्र रूप से देखा जाना चाहिए। हमें कुछ खासियतें देने के अलावा भगवान ने हमारी कुछ खामियाँ भी रखी हैं। खूबियों पर ध्यान दें। आपसे यह नहीं पूछा जाएगा कि आपको 10वीं और 12वीं कक्षा में कितने ग्रेड मिले। यह जीवन होना चाहिए, न कि अंक। रटने की शिक्षा के विपरीत, प्रधानमंत्री मोदी ने समग्र शिक्षा और रचनात्मक शिक्षा के महत्त्व पर जोर दिया। छात्रों से सॉफ्ट स्किल सीखने और पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया गया। प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षाओं को सीखने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि बोझ के रूप में। उन्होंने सलाह दी कि छात्रों को ग्रेड से ज्यादा ज्ञान को प्राथमिकता देनी चाहिए। अच्छा व्यवहार, अनुशासन और अभ्यास-अधिकारों के लिए शोर मचाना नहीं-नेतृत्व की पहचान हैं। सफल शिक्षा के लिए स्वस्थ भोजन और पर्याप्त नींद के महत्त्व पर बल दिया। छात्रों से मानसिक स्वास्थ्य के लिए बाहर समय बिताने और शारीरिक गतिविधि के स्तर को बढ़ाने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने छात्रों को सलाह दी कि वे परीक्षाओं से डरने के बजाय इसे एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अवसर के रूप में देखें। उन्होंने दावा किया कि परिवार और सामाजिक वातावरण कभी-कभी छात्रों पर दबाव डाल सकते हैं, जो अवांछनीय है। परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों का यह दबाव कि बोर्ड परीक्षाएं बहुत जरूरी हैं, छात्रों को अत्यधिक चिंतित और तनावग्रस्त बना देता है। आपका जीवन एक परीक्षा के साथ समाप्त नहीं होता है। यह सिर्फ एक मील का पत्थर है जिसे आपको हासिल करना है।

अगर आप बाहरी दबाव को नजरअंदाज करेंगे तो आप ज्यादा आत्मविश्वास महसूस करेंगे। पीएम मोदी के अनुसार, माता-पिता को अपने बच्चों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए और उनकी ताकत और कमजोरियों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि माता-पिता अपने व्यस्त शेड्यूल के कारण बच्चों की परीक्षा तैयारी में भाग नहीं ले पाते हैं। परीक्षा देते समय पीएम मोदी ने छात्रों को चुनौतीपूर्ण प्रश्नों को समझने से शुरूआत करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा आपको हर विषय पर समान ध्यान देना चाहिए। यह सुझाव दिया गया है कि छात्र सरल विषयों या प्रश्नों से शुरूआत करें। हालांकि, मेरी सलाह है कि चुनौतीपूर्ण प्रश्नों से शुरुआत करें क्योंकि इससे आपका दिमाग साफ रहेगा और आप उन्हें बेहतर तरीके से संभाल पाएंगे। बाद में जब आपका दिमाग थक जाएगा, तो सरल प्रश्नों का उत्तर देना आपके लिए आसान भी होगा।

## आज का राशिफल

**मेष** : मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृष** : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मिथुन** : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** : ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह** : विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कन्या** : भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक** : कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**धनु** : मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर** : स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**कुंभ** : अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**मीन** : नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

### हजारीबाग में शोक की लहर, लोगों ने संवेदना व्यक्ति की और अपनी- अपनी श्रद्धांजलि दी

# मेरी पूर्ण संवेदनाएं अमर शहीद के परिजनों के साथ, विनम्र श्रद्धांजलि :डीसी

- नियंत्रण रेखा पर तैनात हजारीबाग के वीर जवान कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी ब्लास्ट हादसे में शहीद
- उपायुक्त ने जताया गहरा दुःख, कहा हमें गर्व है ऐसे वीर सपूत पर



**प्रदीप पाठक**

**हजारीबाग।** जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास लालोली इलाके में सेना की गश्ती के दौरान इंप्रोवाइड्स एक्सप्लोसिव डिवाइस ब्लास्ट में हजारीबाग के वीर जवान कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी शहीद हो गए है।यह क्षण दुःखित करने वाला है। मेरी पूर्ण संवेदनाएं अमर शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के परिजनों के साथ है। वीर शहीदों की कुर्बानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमें गर्व है ऐसे वीर सपूत पर। नमन और विनम्र श्रद्धांजलि। हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के शहादत को हजारीबाग सांसद ने किया नमन हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी मंगलवार को जम्मू कश्मीर के अखनूर में हुए आईईडी ब्लास्ट में वीरगति को प्राप्त हुए हैं। इस बेहद दुखद और हदयविदारक घटना पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के सर्वोच्च बलिदान पर समस्त हजारीबाग समेत पूरा राष्ट्र सदैव आपका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि समस्त हजारीबाग के लिए अत्यंत दुःखद खबर और हृदय विदारक खबर है। उन्होंने ईश्वर से वीर सपूत की आत्मा को शांति देने की कामना की। साथ हीं कहा कि उनके शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं हैं। पूरा हजारीबाग एकजुट होकर उनके परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने कैप्टन के शहीद की शहादत को सलाम भी किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि शहीद कैप्टन के परिवार के साथ हमारा गहरा नाता रहा है और हजारीबाग के इस लाल के साथ ही देश ने एक सच्चे देशभक्त को हमेशा के लिए खो दिया ।

## शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के शहादत पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जताया गहरा शोक



शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के शहादत पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने बुधवार सुबह शहीद के निवास स्थान पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह क्षति केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे हजारीबाग और झारखंड की है। कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी ने मातृभूमि की रक्षा के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका अदम्य साहस और देशभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की शहादत की खबर से पूरे हजारीबाग में गमगीन माहौल है। उनका परिवार शादी की तैयारियों में व्यस्त था, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। शादी की शहनाई बजने से पहले घर में मातम छा गया। विधायक ने कहा कि यह घटना हजारीबाग के हर नागरिक के लिए व्यक्तिगत क्षति जैसी है। विधायक ने शहीद के परिवार को हर संभव सहायता और सहयोग देने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि कैप्टन करमजीत की अंतिम यात्रा पूरे राजकीय सम्मान के साथ निकाली जाएगी। उन्होंने हजारीबाग के सभी नागरिकों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में अंतिम संस्कार में शामिल होकर इस वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि गुरुवार को पार्थिव शरीर जब भारत माता चौक पहुंचेगा वहां से उनके निवास स्थान तक यात्रा निकली जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने न केवल एक बहादुर सैनिक खोया है, बल्कि एक होनहार युवक भी खोया है, जिसने हजारीबाग का नाम रौशन किया था। शहीद के सम्मान में हजारीबाग में एक स्मारक बनाने और किसी महत्वपूर्ण स्थान का नामकरण उनके नाम पर करने का प्रयास करूंगा। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और समस्त नागरिकों की ओर से कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## शहीद करमजीत सिंह बक्शी की शहादत को पूरा देश नमन करता है। उनका बलिदान हमें मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा : हर्ष अजमेरा

युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि करमजीत सिंह बक्शी जैसे वीर सपूतों के बलिदान के कारण ही आज हमारा राष्ट्र सुरक्षित और गौरवान्वित है। उनका यह सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। एक सच्चे योद्धा की तरह उन्होंने अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखा और अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सेवा की। उन्होंने आगे कहा कि हजारीबाग की पवित्र भूमि ने आज अपना एक वीर पुत्र खो दिया, जिसका दुख शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। इस कठिन घड़ी में हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने यह भी कहा कि करमजीत सिंह बक्शी जी की शहादत को सदैव याद रखा जाएगा और उनके अदम्य साहस और बलिदान से आने वाली पीढ़ियाँ प्रेरणा लेंगी। उनका यह योगदान राष्ट्र की रक्षा और सम्मान के लिए एक अमूल्य धरोहर है। भारत माता के इस वीर सपूत को संपूर्ण राष्ट्र नमन करता है।

## शहीद करमजीत सिंह बक्शी के परिवार से मिले कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, संवेदनाएं व्यक्त की



**हजारीबाग।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने शहीद के परिजनों से भेंट कर संवेदनाएं व्यक्त कीं और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शहीद करमजीत सिंह बक्शी की देश सेवा और सर्वोच्च बलिदान को पूरा भारत सदैव याद रखेगा। हम उनके परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं और सरकार से उनकी आर्थिक सहायता एवं आवश्यक सुविधाओं की अनुशंसा करेंगे। मुन्ना ने सरकार से शहीदों के सम्मान में स्थायी स्मारक स्थापित करने और उनके परिवारों के लिए दीर्घकालिक सुरक्षा एवं सहयोग सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, शहीदों और उनके परिवारों की देखभाल करना हमारा नैतिक कर्तव्य है और मैं व्यक्तिगत रूप से इस मुद्दे को प्राथमिकता से देखूंगा। शहीद के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए, उन्होंने कहा, शहीद करमजीत सिंह बक्शी के बलिदान की कोई भरपाई नहीं हो सकती, लेकिन हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके परिवार को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सरकार द्वारा उन्हें हरसंभव सहयोग मिले। शहीद के परिवार के साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए, उन्होंने आगे कहा कि पूरे देश की जनता, सेना, प्रशासन और कांग्रेस पार्टी इस कठिन समय में उनके साथ हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नेशनल पब्लिक स्कूल में 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

**हजारीबाग।** हजारीबाग के नेशनल पब्लिक स्कूल, नई एरिया में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए फाइनल फ्लोरिस 2025 विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य धीरेन्द्र कुमार सिंह और उपप्राचार्या कुमारी सोनी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर कक्षा 9 और 11 के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने सीनियर छात्रों को भावभीनी विदाई दी। संगीत, नृत्य और अभिनय से सजे इस कार्यक्रम ने माहौल को यादगार बना दिया। प्राचार्य धीरेन्द्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह समय मेहनत करने और अपने भविष्य को संवारने का है। इस मौके पर शिक्षक राहुल सिंह ने विद्यार्थियों को अपने सुनहरे स्कूल के दिनों को याद रखते हुए आगे बढ़ने और कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। अंत में उपप्राचार्या कुमारी सोनी ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके जीवन में सफलता की कामना की। इस आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में संत रविदास की जयंती मनाई गई

**रामगढ़ ।** आज अपने विद्यालय रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर रामगढ़ कैंट में संत रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सह विद्यालय के जयंती प्रमुख शैलेंद्र कुमार सिंह और अन्य आचार्यों ने संयुक्त रूप से उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भैया बहनों के बीच भाषण प्रतियोगिता, कविता एवं दोहा प्रतियोगिता जैसे अन्य रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए । मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने भैया बहनों का संबोधित करते हुए कहा संत रविदास केवल संत ही नहीं अपितु एक सुप्रसिद्ध कवि भी थे जिन्होंने सामाजिक सुधार का विचार, अपने दोहे एवं कविताओं के माध्यम से जनमानस के बीच बहुत ही सरलता पूर्वक रखा । 15वीं शताब्दी में रविदास जी द्वारा लिखे गए दोहे आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक बने हुए हैं' जितने कि उस समय में थे। संत रविदास जी ने अपने दोहों के जरिए समाज की विभिन्न कुरीतियों और बुराइयों का विरोध किया' कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी की सक्रिय सहभागिता रही ।

### भीमराव अम्बेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर रैली निकाली

**भुरकुंडा।** कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं द्वारा रैली निकाली।रैली भुरकुंडा थाना चौक से भुरकुंडा बाजार, बिरसा चौक होते हुए भुरकुंडा अंबेडकर स्थल पहुंचा जहां कांग्रेसी नेताओं ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया रैली के दौरान झंडे और और पोस्टर लिए कांग्रेसी कार्यकताओं ने पूरे जोश के साथ नारेबाजी करते हुए नजर आए।

## ये धरती हमारी, फिल्म 22 को होगी रिलीज, झारखंड के संघर्षों की गाथा होगी प्रस्तुत



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के जल, जंगल और जमीन से जुड़े संघर्षों पर आधारित फिल्म ये धरती हमारी आगामी 22 फरवरी को झारखंड के आठ जिलों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन, लेखन और अभिनय स्वयं आर. नारायण मूर्ति ने किया है। उन्होंने हजारीबाग परिसदन भवन में आयोजित एक प्रेस वार्ता में इस फिल्म के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। यह फिल्म झारखंड के आदिवासियों के संघर्ष और जल, जंगल, जमीन के मुद्दों पर केंद्रित है। इसे तिरुमला तिरुपति वेंकटेश्वरा फिल्म के बैनर तले निमार्ता सीएच पद्मावती द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में प्रसिद्ध अभिनेता टीनू आनंद, पेन्टल और अली खान प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि अभिनेत्री निशा प्रलोकर मुख्य भूमिका निभा रही हैं। फिल्म के गीतों को उदित नारायण, कुमार सानू, विनोद राठौड़ और अलका याज्ञनिक ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसका संगीत वंदे मातरम श्रीनिवास ने तैयार किया है। हालांकि, इस फिल्म की पूरी शूटिंग महाराष्ट्र में की गई है, लेकिन इसकी कहानी पूरी तरह से झारखंड के संदर्भ में रची गई है। हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने इस फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि निर्देशक आर. नारायण मूर्ति उनके करीबी मित्र हैं और यह फिल्म झारखंड के संघर्ष की असली कहानी को बयां करेगी। प्रेस वार्ता में सीपीएम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू, समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता, सीपीआई के जिला सह सचिव निजाम अंसारी और खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मोहम्मद हकीम भी उपस्थित थे।


## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में संत रविदास जयंती पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, विभाग निरीक्षक ओमप्रकाश सिंहा, शिक्षकगण और विद्यालय के सभी भैया-बहनों ने संत रविदास के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूरे वातावरण में भक्ति और समरसता का भाव स्पष्ट रूप से झलक रहा था। विभाग निरीक्षक ओमप्रकाश सिंहा ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास एक पवित्र आचरण वाले महापुरुष थे, जिनका जीवन समता और समानता से परिपूर्ण था। वे जाति-भेदभाव और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों से कोसों दूर थे और अपने विचारों के माध्यम से समाज में एकता और भाईचारे की भावना स्थापित करने का कार्य किया। वे मध्यकालीन भारत के एक महान संत थे, जिनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने संत रविदास की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास केवल एक संत ही नहीं, बल्कि सनातन धर्म के उद्घोषक और सच्चे देशभक्त भी थे। उन्होंने अपने भैया-बहनों को प्रेरित करते हुए कहा कि संत रविदास के विचारों और उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। वे हमेशा सत्य, मानवता और समरसता के मार्ग पर चले और हमें भी यही सीख देते हैं कि हम एक-दूसरे से प्रेम करें, सद्भावना रखें और समाज में समानता का संदेश फैलाएं। उन्होंने कहा कि संत रविदास के सिद्धांतों को अपनाने से ही एक सशक्त और समरस समाज की स्थापना संभव है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य बंधु-भगिनी और छात्र-छात्राएं मौजूद थे, जिन्होंने इस आयोजन के माध्यम से संत रविदास के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की और उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## हाथियों के आतंक से ग्रामीण दहशत में, मकान और फसलें बर्बाद



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात करीब 20 हाथियों के झुंड ने बभनवय के चेहला गांव में भारी उत्पात मचाया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। इस दौरान पत्रकार दीपक कुमार का मकान पूरी तरह से ढह गया, जहां वे खेती भी किया करते थे। इतना ही नहीं, हाथियों ने चार एकड़ में लगी टमाटर की फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। यह पहली बार नहीं है जब हाथियों ने इस क्षेत्र में उत्पात मचाया है। कुछ दिन पहले ही हाथियों के हमले में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी। पिछले तीन महीनों से हाथियों का एक बड़ा झुंड लगातार चेहला वन क्षेत्र और आसपास के गांवों में घूम रहा है। ग्रामीणों ने कई बार उन्हें भगाने की कोशिश की, लेकिन वे बार-बार वापस लौट आते हैं। अब तो स्थिति यह हो गई है कि हाथी न केवल मकानों और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि इंसानों पर भी हमला करने लगे हैं। ग्रामीणों ने कई बार वन विभाग को सूचना दी, लेकिन उनकी ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वन विभाग की उदासीनता से ग्रामीणों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। अब ग्रामीण मजबूर होकर आंदोलन की राह पर जाने की सोच रहे हैं। लोग सड़क जाम और धरना प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं ताकि प्रशासन उनकी समस्या पर ध्यान दे।

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप 10 में आने वाले छात्र-छात्राओं को जयराम महतो प्रोत्साहन करेंगे



**संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के सुप्रीमो और डुमरी के लोकप्रिय विधायक टाइगर जयराम महतो ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र के मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप 10 में आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन के रूप में अपनी दो माह की सैलरी का 75% दान करेंगे। विधायक टाइगर जयराम महतो ने परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों से तनावमुक्त रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि परीक्षा को बोझ समझने के बजाय एक त्योहार की तरह लें और पूरे उत्साह, उमंग और ऊर्जा के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचे। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने से सफलता अवश्य मिलेगी।
उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फरवरी और मार्च में आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं के दौरान उन्हें जो दो महीने की सैलरी मिलेगी'उसका 75% हिस्सा डुमरी के टॉप 10 छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाएगा। इस पहल को शिक्षा को प्रोत्साहित करने और मेधावी छात्रों की मदद के रूप में देखा जा रहा है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने इस फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि पार्टी के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो की इस पहल पर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा, अपने जीवन में मैंने पहली बार ऐसा विधायक देखा है, जो अपनी सैलरी का इतना बड़ा हिस्सा छात्रों के लिए दान करने की घोषणा कर रहा है। यह दशार्ता है कि हमारे नेता की सोच दूरदर्शी और जनकल्याणकारी है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा एक ऐसा संगठन है, जो दबे-कुचले, पीड़ित, शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करता है। उन्होंने सभी समुदायों से एकजुट होकर अपने हक के लिए आवाज उठाने की अपील की और कहा कि झारखंड के विकास और बेहतर भविष्य के लिए जेएलकेएम की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

### संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के चरणों में विधायक ने माथा टेका

**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड में आयोजित पूजा पंडाल में रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के चरणों में माथा टेका और उनके विचारों का स्मरण किया।संत रविदास जी ने कहा था ‌मन चंगा तो कठौती में गंगा‌, जिसका अर्थ है कि यदि मन शुद्ध है तो हर कार्य पवित्र हो जाता है। उनके विचार आज भी समाज में समानता, भाईचारे और मानवता के उत्थान के लिए मार्गदर्शक हैं।इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन वंचितों, शोषितों और दलित समाज को न्याय एवं अधिकार दिलाने के लिए समर्पित था। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और सद्भाव बनाए रखना है।

**निरीक्षण** › मिशन ग्राउंड का सुंदरीकरण कार्य

## सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया पुनः निरीक्षण



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने मिशन ग्राउंड के सुंदरीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए बुधवार को पुनः निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सरना समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों के साथ बैठक कर विकास कार्यों पर चर्चा की और क्षेत्र में किए जा रहे सुधार कार्यों की बारीकी से समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने मिशन ग्राउंड में चल रहे प्रत्येक कार्य पर पैनी नजर रखी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिशन ग्राउंड क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है और इसके सौंदर्यीकरण से आम जनता को लाभ मिलेगा।विधायक ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। मिशन ग्राउंड को आधुनिक स्वरूप देने के लिए कई नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। बच्चों के खेलने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए खेल क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं, जिससे वे सुरक्षित और आनंददायक वातावरण में खेल सकें। वहीं, बुजुर्गों के बैठने और टहलने के लिए विशेष स्थानों की व्यवस्था की जा रही है, ताकि वे शांति और सुकून के साथ समय बिता सकें।रात के समय ग्राउंड को सुरक्षित और रोशन बनाए रखने के लिए अत्याधुनिक मास्टर लाइट लगाई जा रही है, जिससे आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, ग्राउंड के चारों ओर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उचित प्रबंध किए जा रहे हैं ताकि यह स्थान हर वर्ग के लोगों के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित बना रहे।मिशन ग्राउंड के सुंदरीकरण की इस पहल की सरना समिति के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशंसा की। समिति के सदस्यों ने कहा कि यह कार्य हजारीबाग के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे शहर के नागरिकों को एक सुंदर और सुरक्षित सार्वजनिक स्थल प्राप्त होगा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मिशन ग्राउंड का सुंदरीकरण कार्य अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे इस सार्वजनिक स्थल को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें।

## घर-घर चला कानूनी जागरूकता अभियान

**संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हजारीबाग के बैनर तले 90 दिवसीय डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों में पारा लीगल वॉलेंटियर्स के द्वारा कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को विभिन्न कानूनी विषयों पर जानकारी दी गई, जिसमें बाल विवाह, बाल श्रम, साइबर क्राइम, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान, महिला उत्पीड़न और यौन शोषण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। लोगों को यह जानकारी दी गई कि वे सिविल कोर्ट स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में जाकर अपने आपसी विवादों का निःशुल्क समाधान करा सकते हैं। अब लोग घर बैठे निःशुल्क कानूनी सलाह भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है।कार्यक्रम की मॉनिटरिंग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हजारीबाग के सचिव गौरव खुराना द्वारा की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि यह डोर-टू-डोर कार्यक्रम प्रधान जिला जज रंजीत कुमार की देखरेख में चलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा ने मनाई संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती



**फारबिसगंज/अररिया।** ओम नगर वार्ड नंबर 8 स्थित भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा नगर अध्यक्ष संजीव पासवान के दरवाजे पर संत रविदास की जयंती भारतीय जनता पार्टी अररिया जिला के अध्यक्ष आदित्य नारायण झा के अध्यक्षता में मनायी गयी। अररिया भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि संत रविदास जी को संत शिरोमणि का उपाधि मिला था। वह किसी जाति का विरोधी नहीं थे वह जातिवाद का विरोधी थे। उन्हीं का कहावत मन चंगा तो कठौती में गंगा इस तरह से समाज को दिशा देने के लिए संत रविदास ने सामाजिक विद्वेषता को मिटाने सामाजिक विषमता को मिटाने के लिए कई तरह का मार्गदर्शन समाज को दिया है। उक्त कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सुराणा, अररिया नगर के अध्यक्ष संजय कुमार अकेला, अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष गंगा ऋषि देव सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रेलवे स्टेशन के उन्नयन को लेकर किशनगंज सांसद ने रेल मंत्री को सौपा मांग पत्र



**किशनगंज।** जिले के टेढ़ागाछ रेलवे स्टेशन के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर किशनगंज सांसद डॉ. मो. जावेद आजद ने रेल मंत्री को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखा है। उन्होंने गलगलिया-अररिया रेलवे लाइन के तहत आने वाले टेढ़ागाछ में स्टेशन के निर्माण और बांसबारी (तुलसिया) स्टेशन को बी-क्लास स्टेशन में अपग्रेड करने की सिफारिश की है। गौर करे कि अररिया गलगलिया रेलवे लाइन का काम तेजी से प्रगति पर है, लेकिन टेढ़ागाछ में स्टेशन नहीं होने से लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। टेढ़ागाछ में रेलवे स्टेशन की जगह होल्ट बनाया जा रहा है, ऐसे में लोग स्टेशन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन भी कर रहे हैं। किशनगंज सांसद डॉ. मो. जावेद आजद ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर टेढ़ागाछ में रेलवे स्टेशन बनवाने की मांग की है।उनका कहना है कि वर्तमान में इस क्षेत्र में यात्री सुविधाओं की भारी कमी है और यहां एक पूर्ण विकसित रेलवे स्टेशन की आवश्यकता है। इसके अलावा, बांसबारी तुलसिया स्टेशन को भी अपग्रेड कर बी-क्लास स्टेशन के रूप में विकसित करने की जरूरत है।

### हांसखाली थाना पुलिस ने बांग्लादेशी महिला व दलाल को किया गिरफ्तार



**कोलकाता।** संवाददाता हांसखाली थाने को एक और बड़ी सफलता मिली। गोपनीय स्रोत से सूचना मिलने के बाद हांसखाली थाने की पुलिस ने एक बांग्लादेशी महिला और एक दलाल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह बांग्लादेशी महिला कई महीने पहले अवैध रूप से भारत में घुसी थी। इस दिन उसने पुनः बांग्लादेश भागने की योजना बनाते समय गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह भी बताया कि महिला एक भारतीय दलाल के माध्यम से बांग्लादेश जाने की योजना बना रही थी। यह भी ज्ञात है कि गिरफ्तार दलाल ने स्वीकार की है। पुलिस गिरफ्तार दोनों लोगों को इस दिन राणाघाट अदालत में पेश की गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों को पुलिस की रिमांड लेने केलिए अदालत में पेश किया गया। गिरफ्तार बांग्लादेशी महिला का नाम मासूमा अख्तर हैए जो बांग्लादेश के सुनामगंज जिले की निवासी है। दूसरी ओर गिरफ्तार दलाल का नाम शुद्धान विश्वास हैए जो हांसखाली थाना अंतर्गत बड़ा मुरगाचा का निवासी है।

### महाकुंभ जा रही बोलेरो ट्रक से टकरायी,दो श्रद्धालुओं की मौत, सात घायल




**पटना।** बिहार के रोहतास जिले में शिवसागर के घोरघट में एनएच पर महाकुंभ जा रही श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। यहां प्रयागराज जा रही बोलेरो और ट्रक की जोरदार टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए हैं। मृतकों में पश्चिम बंगाल 24 परगना के तीरोंगा की रहने वाली जीतू दास और लक्ष्मी चक्रवर्ती है जबकि सात लोग घायल हैं। सभी लोग पश्चिम बंगाल से प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे, तभी शिवसागर के पास बोलेरो की जोरदार टक्कर ट्रक से हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# माघी पूर्णिमा को लेकर गंगा तटों पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

संवाददाता

**भागलपुर।** माघी पूर्णिमा को लेकर बुधवार को जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बरारी सीढ़ी घाट, पुल घाट, मुसहरी घाट आदि स्थानों पर स्नान करने के लिए मध्यरात्रि के बाद से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने मां गंगा, भगवान सूर्य आदि देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की।



सुबह 10 बजे तक गंगा घाट जाने वालों मार्गों पर भीड़ लगी रही। हालांकि, व्यवस्था बरकरार रखने के लिए पुलिस की ओर से पुख्ता इंतजाम किये गये थे। माघी पूर्णिमा पर कहीं भगवान सत्यनारायण की पूजा, तो कहीं माता त्रिपुर सुंदरी की पूजा विधि-विधान से की गयी। सुलतानगंज स्थित पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा तट पर माघी पूर्णिमा को लेकर गंगा स्नान के लिए नेपाल, यूपी, झारखंड, बिहार के कई जिला सहित मिथिलांचल के श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। अहले सुबह से ही भक्तों की भीड़ गंगा तट पर पहुंचने लगी।

लोगों की भीड़ लगने का सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगा पूजा-अर्चना किया। उत्तरवाहिनी गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ और सुरक्षित स्नान को लेकर नगर परिषद की ओर से बांस की बैरिकेडिंग करायी गयी थी। घाट पर साफ-सफाई को लेकर विशेष इंतजाम था।

कई जिले से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मनोवांछित फल की प्राप्ति पर सैकड़ों मुंडन संस्कार कराया। गंगा में पाठी प्रवाहित किया। जगह-जगह पुलिस बल के अलावा महिला पुलिस बल की भी तैनाती की गयी थी। पूर्णिमा पर दूर दराज से आये भक्तों ने बाबा अजगैबीनाथ की पूजा की। भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया।

## शारीरिक रूप से स्वस्थ्य जवान ही सेवा में बने रहेंगे : पुलिस अधीक्षक

एजेंसी

**किशनगंज।** बिहार पुलिस में अब केवल शारीरिक रूप से फिट जवान ही सेवा में बने रह सकेंगे। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। बिहार पुलिस मैनुअल 1978 के नियम 809 के तहत स्वास्थ्य की दृष्टि से अयोग्य पाए जाने वाले पुलिस अधिकारियों और जवानों को सेवानिवृत्त किया जा सकता है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने बताया कि मुख्यालय के आदेशानुसार, अनफिट पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई सिविल सर्जन की अध्यक्षता में गठित मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी। गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मियों को पहले उचित इलाज की सुविधा दी जाएगी। इलाज के बाद भी यदि वे फिट नहीं होते हैं, तो मेडिकल बोर्ड की जांच के बाद उनकी सेवानिवृत्ति का निर्णय लिया जाएगा। साथ ही, पुलिस मुख्यालय ने एक ही रेंज में लंबे समय से तैनात कर्मियों के स्थानांतरण की भी योजना बनाई है। विभाग ने 15 फरवरी तक ऐसे पुलिसकर्मियों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया है, जो एक ही जिले में 8 वर्ष या उससे अधिक समय से तैनात हैं। इस मूल्यांकन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है।

एसपी सागर कुमार ने बताया कि यह आदेश पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त पुलिस महानिर्देशक द्वारा सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को भेजा गया है।उन्होंने कहा कि जवान फिट रहे उसके लिए परेड करवाया जाता है। वही उन्होंने पुलिस अधिकारियों और जवानों से सेहत पर ध्यान रखने की अपील की।

## चार उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत ऊर्जा चोरी का मामला हुआ दर्ज

संवाददाता

**अररिया।** जिले के फारबिसगंज थाना में चार उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत ऊर्जा चोरी का मामला दर्ज कराया गया है।यह मामला विद्युत आपूर्ति प्रशाखा फारबिसगंज ग्रामीण के कनीय अभियंता अरविंद कुमार ने बुधवार को दर्ज कराया है। दर्ज किए गए प्राथमिकी में कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि सहायक विद्युत अभियंता कोमल कुमारी के नेतृत्व में कनीय विद्युत अभियंता(एसटीएफ) गोविंदा कुमार,कनीय विद्युत अभियंता ग्रामीण कुमार अरविंद कुमार और विभागीय मिस्त्री की एक टीम बनी थी,जिन्होंने जिला प्रशासन की ओर से मुहैया कराए गए पुलिस बलों के साथ अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर चार उपभोक्ताओं को विद्युत ऊर्जा की चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा। अमहारा वार्ड संख्या 7 निवासी दुगानंद भगत का 20 हजार 493 रुपया पूर्व से बिजली बिल बकाया रहने के कारण उनका विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था।



बावजूद मुख्य एलटी लाइन में टोका लगाकर विद्युत ऊर्जा की चोरी करते टीम ने पकड़ा। भागकोहलिया वार्ड संख्या 7 में 37 हजार 406 रुपया बकाया राशि के कारण विद्युत विच्छेद के बावजूद विद्युत ऊर्जा की चोरी करते टीम ने पकड़ा।बिजली विभाग की टीम ने सिमराहा थाना क्षेत्र के तिरसकुंड वार्ड संख्या 3 दयानंद मंडल को मीटर से एपहल बायपास कर बिजली चोरी करते पकड़ा। हलहलिया वार्ड संख्या 14 में पूर्णियानंद दास को टीम ने मुख्य एलटी लाइन में टोका लगाकर बिजली चोरी करते पकड़ा।

## नीलाम-पत्र वाद के तहत 60 देनदार गिरफ्तार

संवाददाता

**किशनगंज।** जिलाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में बुधवार को नीलाम-पत्र वाद की समीक्षा समाहरणालय स्थित सभागार में की गई। डीएम विशाल ने सर्वप्रथम विभिन्न थानों में लंबित गिरफ्तारी वारंट के क्रियान्वयन की समीक्षा की। सम्बन्धित पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि सभी वारंट का एक पक्ष के अंदर क्रियान्वयन करा लिया जाएगा। विदित हो कि नीलम-पत्र वाद के अंतर्गत विभिन्न बैंको के बकाये ऋण तथा सरकारी कार्यालयों की राशि के बकायेदारों को बकाये राशि को जमा करने हेतु जिले के सभी 27 नीलाम-पत्र पदाधिकारी द्वारा नोटिस निर्गत किया जा चुका है। उन्हें अंतिम अवसर देने के बाद भी कई बकायेदारों द्वारा ऋण की राशि संबंधित बैंको में जमा नही किया गया है, जिसके कारण उनके



विरुद्ध बॉडी वारंट जारी किया गया है। डीएम ने सभी बैंकों के प्रतिनिधि को निर्देश दिया कि वें नियमित रूप से संबंधित नीलम पत्र पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर रजिस्टर 9 एवं 10 का नियमित रूप से मिलान करेंगे। बैठक में अनुपस्थित बैंकों में प्रतिनिधि के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु सक्षम प्राधिकारी को संसूचित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि इसकी नियमित समीक्षा की जाएगी। बकायेदारों की गिरफ्तारी एवं उनकी संपत्ति की कुर्क की कार्रवाई करने हेतु सभी नीलाम-पत्र पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। समीक्षात्मक बैठक में पुलिस अधीक्षक सागर कुमार अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार पंकज, जिला भू अर्जन पदाधिकारी संदीप कुमार, समाहर्ता के ओएसडी, कुंदन कुमार सिंह, सहित सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं सभी थानों के पुलिस पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## माघ पूर्णिमा पर गंगासागर में उमड़े तीर्थयात्री सुरक्षा के लिए पुलिस ने कड़ी निगरानी रखी

संवाददाता

**कोलकाता।** गंगासागर मेले के बाद सागर तीर्थ फिर से गुलजार हो गया है। माघ पूर्णिमा पर पवित्र स्नान के लिए लाखों श्रद्धालु गंगा में एकत्र हुए है। तीर्थयात्रियों के लिए क्षेत्र को सुरक्षा के कड़े घेरे में रखा गया है। माघ पूर्णिमा मंगलवार शाम 6.55 बजे शुरू हुई। यह बुधवार शाम 7.06 बजे तक चला। पूर्णिमा पर पवित्र स्नान के लिए तीर्थयात्री मंगलवार दोपहर से ही गंगासागर में एकत्रित होने लगे हैं। यहां राज्य के विभिन्न जिलों से तीर्थयात्री आए हैं तथा अन्य राज्यों से भी काफी लोग आए हैं। कई लोगों ने आधी रात को भी समुद्र में डुबकी लगाई। सागर प्रखंड प्रशासन और सुंदरवन पुलिस ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए कई कदम उठाए हैं। सागर बीडीओ कन्हैया कुमार राय ने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ अन्य बार की अपेक्षा काफी अधिक है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रकाश व्यवस्थाए शौचालयए बार्ज और भैसेल सेवाओं में वृद्धि की गई है।



उन्होंने कहा कि इस वर्ष माघ पूर्णिमा स्नान के अवसर पर कचुबेरियाए गंगासागर एवं बेनुबन में शौचालयों की संख्या बढ़ाकर 700 कर दी गई है। पिछली बार यह संख्या 350 से थोड़ी अधिक थी। इसके अलावाए गंगा तक जाने के लिए मुडीगंगा नदी को पार करने हेतु 12 जहाज और दो बार्ज भी हैं। गंगासागर में 12 कचुबेरिया में पांच और बेनुबन में एक पेयजल पाउच कियोस्क हैं। कचुबेरिया से गंगासागर तक जाने के लिए 40 निजी बसों की व्यवस्था की गई है। सभी स्नान घाटोंए समुद्र तट पर रोड नंबर 2 और के.1 बस स्टैंड पर हाई.मास्ट लाइटें लगाई गई हैं। वहाँ एक बफर जोन भी है। समुद्र तट को साफ रखने के लिए समुद्री सुरक्षाकर्मियों को भी नियुक्त किया गया है।

बीडीओ ने यह भी बताया कि स्नान घाट 1, 4 और 5 पर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए 200 से अधिक नागरिक सुरक्षा कर्मी और पुलिस कर्मी मौजूद हैं। स्नान घाटोंए कपिल मुनि मंदिर के सामनेए के.1 बस स्टैंड और कुछ अन्य क्षेत्रों में निगरानी के लिए पंद्रह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सुंदरवन पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक कोटेश्वर राव ने बताया कि माघस्नान के अवसर पर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए गंगासागरए कचुबेरिया और बेनुबन इलाकों में कुल 1ए000 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। एक आपदा प्रतिक्रिया बल भी है। समुद्र तट और कपिल मुनि मंदिर से सटे क्षेत्र में कड़ी पुलिस निगरानी की जा रही है। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए विभिन्न स्थानों पर बांस की बाड़ लगाई गई है। कुल मिलाकर पवित्र तीर्थस्थल गंगासागर पुलिस और प्रशासन की कड़ी निगरानी में गंगासागर मेले के बाद स्नान करने वालों से गुलजार है।

## सप्ताह के अंत में पारा फिर गिरेगा, विदाई से पहले ठंड

संवाददाता

**कोलकाता।** इस सीजन में सर्दी ने इस तरह से बल्लेबाजी नहीं की है। दो दिन तक सर्दी का अहसास होने के बाद अगले तीन दिन गर्म रहा। हालांकिए विदाई से पहले सर्दी बल्लेबाजी का तूफान ला सकती है। एक ही झटका में तापमान 3 डिग्री तक गिर सकता है। यह जानकारी मौसम कार्यालय ने दी है। बुधवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहा। मौसम कार्यालय के अनुसारए दिन चढ़ने के साथ आसमान साफ हो गया। दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। शुक्रवार से तापमान में गिरावट आने की संभावना है। तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। हालाँकि तिलोत्तमा में सर्दी वाला माहौल वापस नहीं आएगा। यह कहा जा सकता है कि शहर से सर्दी विदा हो गई है। बारिश की कोई संभावना नहीं है।



बताया जा रहा है कि उत्तर बंगाल में बारिश की संभावना है। अगले 24 घंटों में दार्जिलिंग और कलिम्पोंग के पहाड़ी इलाकों में बारिश होने की संभावना है। गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। दार्जिलिंग के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हल्की बर्फबारी की भी संभावना है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल और बिहार के गंगा तटीय क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में घने कोहरे की चेतावनी रहेगी। हिमाचल प्रदेश में शीतलहर की चेतावनी। अरुणाचल प्रदेशए असम और मेघालय में गरज के साथ बारिश हो सकती है। अरुणाचल प्रदेश में अगले 24 घंटों तक भारी बारिश की चेतावनी। वर्षा 70 से 110 मिलीमीटर तक हो सकती है।

## शेयर खरीदने बेचने का प्रशिक्षण देकर वित्तीय लाभ दिलाने का लालच देकर करोड़ों रुपए ठगे

संवाददाता

**कोलकाता।** एक चिटफंड कंपनी पर वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए स्टॉक ट्रेडिंग का प्रशिक्षण देकर सैकड़ों करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। स्टॉक गुरुकुल के नाम से कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण दिए जाने का विज्ञापन देकर लोगों को कई चिटफंड कंपनियों में निवेश करने के लिए लुभाया गया। इन सभी चिटफंड का मास्टरमाइंड नदिया के काली नारायणपुर का निवासी शुभ्र कांति नाग है। काली नारायणपुर को उनका मुख्यालय बनाया गया। यहीं से पूरे राज्य में धन शोधन का काम किया जाता था।

सैकड़ों करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में एक चिटफंड कंपनी के खिलाफ आर्थिक अपराध निदेशक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई है। प्रशासन ने जांच शुरू करने के बाद कार्यालय को सील कर दिया। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं।

इस घटना में एक अन्य आरोपी तृणमूल पंचायत प्रधान सुप्रकाश देबनाथ का नाम सामने आया है। घटना के बाद वह भी भाग गए।

हालांकिए मुख्य नेता शुभ्र कांति नाग ने कहा कि स्टॉक गुरुकुल के नाम से कंपनी का विज्ञापन देकर और कई चिटफंड कंपनियों में निवेश करके लोगों को शेयर बाजार का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। उन्होंने स्थानीय पंचायत से कई ट्रेड लाइसेंस ले रखे थे।

इन सभी चिटफंड का मालिक काली नारायणपुर का रहने वाला शुभ्र कांति नाग था। काली नारायणपुर को उनका मुख्यालय बनाया गया। यहीं से पूरे राज्य में धन शोधन का काम किया जाता था। आरोपों के बाद जांच शुरू कर दी गई है। कार्यालय को सील कर दिया गया है। इस घटना में निवेशकों को अपना पैसा गंवाना पड़ा।

हालाँकिए इन सभी मामलों में मुख्य आरोपी अभी फरार है। जिसमें पंचायत प्रधान भी शामिल है।

साधारण लोग अपना पैसा चाहते हैं। हालांकि पूर्व प्रधान मुद्दे को जानते हुए भी उष्म प्रकाश किये है। हालांकिए छिपे हुए नेता का कहना है कि वह लोगों का सारा पैसा वापस करना चाहते हैं। तो अब सवाल यह है कि क्या आपको अपना पैसा वापस मिलेगा क्या अन्य चिटफंडों की तरह इस मामले में भी आम लोगों को धोखा दिया जाएगा।

## राशन भ्रष्टाचार मामले में ईडी फिर एक्शन मोड में, तीन कारोबारियों के घरों में तलाशी

संवाददाता

**कोलकाता।** ज्योतिप्रिय मल्लिक के जमानत पर रिहा होने के बाद राशन भ्रष्टाचार मामले में ईडी फिर से एक्शन मोड में आ गई है। अधिकारियों ने बुधवार सुबह हावड़ा समेत तीन स्थानों पर छापेमारी की। उन्हें उम्मीद है कि कई सूचनाएं और दस्तावेज मिल सकेंगे। केंद्रीय जांच एजेंसी कई वर्षों से राशन भ्रष्टाचार मामले की जांच कर रही है।

इस मामले में राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक समेत कई लोगों को भी गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। लेकिन जांचकर्ता अभी भी भ्रष्टाचार की जड़ तक नहीं पहुंच पाए हैं।

भ्रष्टाचार के रहस्य को उजागर करने के लिए ईडी अधिकारियों की तीन टीमें बुधवार सुबह तलाशी अभियान पर निकलीं।



बताया जा रहा है कि हावड़ा के श्यामपुर में एक व्यवसायी के घर की तलाशी चल रही है। इसके अलावा ईडी ने दक्षिण संतोषपुर और जगतबल्लभपुर में दो ठिकानों पर छापेमारी की। गौरतलब है कि राशन में भ्रष्टाचार की जानकारी 2020 में पुलिस को मिली थीए जिसका केंद्र नदिया से 762 किलो कालाबाजारी का आटा बरामद होना था। प्रारंभ में नदिया के तीन थाने में शिकायतें दर्ज की गईं। बाद में आरोप लगे कि राशन में से 20 से 40 प्रतिशत गेहूं निकालकर उसे सरकारी टिकटों के नाम पर भारी रकम में काला बाजार में बेचा जा रहा है। जांच की जिम्मेदारी ईडी को दी गयी। इसके बाद ज्योतिप्रिय मल्लिकए बाकिबुर रहमानए शंकर आध्या समेत कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध परिवहन के खिलाफ डीटीओ का अभियान, 8 वाहन जब्त

**मेदिनीनगर।** जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में अवैध परिवहन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 8 वाहनों को जब्त किया गया, जो अवैध रूप से ओवरलोड गिट्टी, पत्थर और अन्य मैटेरियल का परिवहन कर रहे थे। पकड़े गए 5 वाहनों को पंडवा थाना और 3 वाहनों को टीओपी -2 थाना में रखा गया है। डीटीओ जितेंद्र कुमार ने कहा कि यह अभियान अवैध रूप से चलने वाले व्यवसायिक वाहनों के खिलाफ है और आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बिना वैध परमिट के किसी भी वाहन को चलने नहीं दिया जाएगा और ऐसे वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों पर सख्त जुमार्ना लगाया जाएगा। इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ उनके कार्यालय के अन्य अधिकारी भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि अवैध परिवहन से सरकार को राजस्व की हानि होती है और साथ ही सड़क दुर्घटनाओं का भी खतरा बढ़ता है। इसलिए प्रशासन ने ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

### पत्रकार आशुतोष रंजन के निधन पर शोक सभा आयोजित

**मेदिनीनगर।** पलामू के पत्रकार परिषद द्वारा डीपीआरओ कार्यालय में वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। इस शोक सभा की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष नीलकमल मेहरा ने की। सभा में उपस्थित सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। अध्यक्ष नीलकमल मेहरा ने दिवंगत पत्रकार की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आशुतोष रंजन सिन्हा हंसमुख और निष्पक्ष पत्रकार थे। उन्होंने हमेशा निडर और निर्भीक पत्रकारिता की और पूरे पलामू प्रमंडल में अपनी अलग पहचान बनाई। महासचिव सत्येंद्र मिश्रा ने कहा कि उनकी अंतिम मुलाकात बीसीसीएल रेहला में हुई थी और अब उनकी अनुपस्थिति की कमी हमेशा खलेगी।इस शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार दिलीप कुमार, अरुण शुक्ला, नीरज कुमार, श्रवण सोनी, प्रभूदयाल तिवारी, केतन आनंद, श्याम किशोर पाठक, गजेंद्र कुमार, अमित कुमार भोला, करण कुमार, प्रेम प्रकाश समेत कई पत्रकार मौजूद थे।

### अवैध अफीम व पोस्ता की खेती नष्ट करने के लिए पुलिस और वन विभाग ने चलाया विशेष अभियान

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र में अवैध अफीम और पोस्ता की खेती पर रोक लगाने के लिए पांकी पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने एक विशेष अभियान चलाया। यह अभियान केकरगढ़ पंचायत के जसपुर गांव में खेरवार टोला और परहिया टोला में चलाया गया, जहां वन भूमि, गैर-मजरुआ जमीन और रैयती भूमि पर अवैध रूप से अफीम और पोस्ता की खेती की जा रही थी। पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर फसलों को नष्ट कर दिया और आवश्यक विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की। इस संबंध में पांकी थाना में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें अपने क्षेत्र में इस प्रकार की कोई अवैध गतिविधि की सूचना मिले तो वे तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित करें। पुलिस ने यह भी आश्वासन दिया कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री से की मुलाकात



**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर से रांची स्थित उनके आवास पर मिला। इस मुलाकात के दौरान आंदोलनकारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गहन चर्चा हुई। इससे पहले गृह सचिव से वार्ता प्रस्तावित थी, लेकिन रविदास जयंती के अवसर पर सरकारी अवकाश होने के कारण यह बैठक नहीं हो सकी। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करना था। बैठक के दौरान केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने आंदोलनकारियों के सम्मान और पहचान दिलाने की दिशा में मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार आंदोलनकारियों को उचित सम्मान देने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त की जाए, उन्हें झारखंड सेनानी का दर्जा दिया जाए और सम्मान स्वरूप पेंशन प्रदान की जाय। प्रतिनिधिमंडल में प्रधान महासचिव पुष्कर महतो, जितेंद्र सिंह, रोजलिन तिर्की, सरोजिनी कच्छप सहित अन्य प्रमुख सदस्य शामिल थे।

# दुबियाखांड आदिवासी विकास मेला एक दिन लिखेगा इबादतः अविनाश देव



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आदिवासी शहीद लड़ाका वीर योद्धा,राजा खानदान के वंशज आज जलालत के जिंदगी जीने पर मजबूर है। इस जलालत की जिंदगी से निकालने उबारने और बेहतर जिंदगी गढ़ने के लिए भारतीय संसद न जाने कितने पॉलिसी बनाए जो गिना नहीं जा सकता है। इन्हीं आदिवासियों में से एक महाप्रतापी राजा राजा मेदिनीराय हुए, जिनके शासन काल में दूध दही कि नदियां बहती थी, बावन गली तीरपन बाजार लगता था। कहावत प्रचलित है धनी- धनी राजा मेदनीयाँ घर -घर बजे मल्हनियां।आज इन्हीं के याद में पलामू किला के निकट कुछ ही किमी की दूरी पर आदिवासियों के विकास के लिए सरकारी स्तर पर राजकीय मेला का आयोजन होता है। इस मेले का नाम राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ दिया गया। फरवरी के 11,12 तारीख को दो दिवसीय मेला लगता है। हर साल की भांति इस साल भी मेला में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुआ।

मेला कमिटी बा - इज्जत मंच तक लाए और स्वागत किए। राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के मुख्य अतिथि सूबे के वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर व समाज कल्याण मंत्री चमरा लिंडा जी को झारखंड माटीकला बोर्ड के उत्कृष्ट उत्पाद मिट्टी से बना झारखंड का प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किए। चेरो राजवंश के प्रतापी राजा मेदिनीराय के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किए। मेला में लगे स्टॉल का मुआयना किए और पलास मार्ट में र ल ॠ के दीदियों द्वारा निर्मित दैनिक उपभोग कि वस्तुएं खाद्य सामग्री का खरीददारी किए। हमे पूरा भरोसा है प्रकृति पूजक आदिवासियों को न हिंदू बनाया जाए न ईसाई बनाया जाए बल्कि आदिवासी ही रहने दिया तो पुरानी ताकत के साथ देश भर में फिर एक नया उभार आएगा। हम सरकार से आग्रह किया करते हैं आदिवासियों को सरना कोड दिया जाए और पेसा कानून को प्रभावशाली तरीके से लागू कर सबल बनाया जाए। मेरे ख्याल से दुबीयाखाड़ में एक विश्वविद्यालय बना कर रिसर्च का नया दरवाजा खोला जा सकता है जहां आदिवासी बच्चे अपने लड़का पुरखे पर शोध कर सकेंगे। पलामू की धरती मुगल अंग्रेज से लेकर आज सामंत जमींदार से लड़ते अपना शहादत दिया है। जरूरत है तलाशने और खोज करने की। यह मेला का समय विस्तार कर अगर दो दिन और बढ़ा दिया जाए और देश भर के आदिवासियत रहन सहन खानपान पहनावा ओढावा कला खेल संस्कृति का संगम हो तो महाकुंभ शब्द सार्थक होगा और पलामू को वैश्विक पहचान मिलेगा राजस्व की प्राप्ति भी होगी,यहां के लोग में बदलाव आएगा।आने वाला दिन यह मेला आदिवासियों को इबादत लिखेगा।

## बरवाडीह में अपात्र लाभुकों को मिले अबुआ आवास, गाइडलाइंस की खुली अनदेखी

संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना गरीब, जरूरतमंद और आवासहीन लोगों के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार की बड़ी उपलब्धियों में गिना जाता है। इस योजना के तहत पात्र लाभुकों को सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप आवास आवंटित किया जाना था। लेकिन बरवाडीह प्रखंड में इस योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं और भ्रष्टाचार सामने आया है। प्रखंड के अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित कर्मियों की मिलीभगत से कई समृद्ध और अपात्र लाभुकों को इस योजना का लाभ दे दिया गया, जबकि वास्तविक जरूरतमंदों को प्राथमिकता सूची से बाहर कर दिया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि एससी कोटे का आवास ओबीसी को, ओबीसी कोटे का आवास एससी को और अविवाहित लाभुकों को भी योजना का लाभ दे दिया गया। यहां तक कि एक ही परिवार के पिता और पुत्र को अलग-अलग आवास स्वीकृत कर दिया गया, जबकि उनका घर एक ही पते पर है। केड़ पंचायत में सामने आए मामले में पहले प्रियंका देवी, पति बबलू यादव को आवास आवंटित किया गया और बाद में उसी पते पर शीला देवी, पति उमेश यादव को भी आवास स्वीकृत कर दिया गया। इतना ही नहीं, दोनों को पहली किस्त की राशि भी जारी कर दी गई। यह दशार्ता है कि इस योजना में गाइडलाइंस की पूरी तरह अनदेखी की गई है।मुखिया प्रतिनिधि लालमन उरांव ने इन आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि पिता-पुत्र का अलग-अलग घर बन रहा है, लेकिन यह भी जांच का विषय है। इस गंभीर मामले पर वरीय अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेना चाहिए और अपात्र लाभुकों से राशि की रिकवरी कर पात्र और जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ सुनिश्चित करना चाहिए।

## गिरफ्तार अपराधी जेजेएमपी नक्सली संगठन के लिए कर चुके हैं काम, हथियार और केन बम बरामद



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुलिस ने रामगढ़ थाना क्षेत्र के पिपराही जंगल में छापेमारी कर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। इन अपराधियों की पहचान उमेश भुइयां और फिरोज अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक राइफल, एक भरटूआ बंदूक और एक केन बम बरामद किया है। सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति हथियारों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए पिपराही जंगल में घेराबंदी कर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि ये दोनों अपराधी जेजेएमपी नक्सली संगठन के लिए काम कर चुके हैं और लूटपाट तथा रंगदारी जैसी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते थे। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की जा रही है और उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इनके खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज हैं और इन्हें जल्द ही न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि यदि उन्हें किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिले तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

## हैदरनगर थाना में थाना दिवस का आयोजन, भूमि विवाद निपटारे पर जोर



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भूमि संबंधी विवादों का समाधान करना था। इस अवसर पर अंचलाधिकारी, राजस्व विभाग के कर्मचारी, थाना प्रभारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने मिलकर विभिन्न भूमि विवादों की समीक्षा की और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। प्रशासन की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया कि भूमि विवादों के निपटारे में निष्पक्षता और त्वरितता को प्राथमिकता दी जाएगी। थाना दिवस के दौरान संबंधित पक्षों को कानूनी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशासन ने लोगों को आपसी सहमति से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित किया। ताकि अनावश्यक कानूनी झंझट से बचा जा सके। अंचलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि प्रशासन जनता को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। सरकार चाहती है कि हर व्यक्ति को उसका हक मिले और भूमि विवादों को शीघ्र सुलझाने के लिए प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। थाना दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और नागरिकों के बीच समन्वय स्थापित करना और लोगों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। अधिकारी जनता से अपील कर रहे हैं कि यदि कोई भूमि विवाद है तो वे प्रशासन की सहायता लें और कानून के दायरे में रहकर अपने मामले सुलझाएं।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नीलकंठ दिवस



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आनंदमार्गियों ने बुधवार को नीलकंठ दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पलामू जिले के सतबरवा स्थित जागृति में छह घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन आयोजित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भक्तिभाव से भजन-कीर्तन किया। कार्यक्रम के दौरान नारायण सेवा का आयोजन किया गया, जिसमें जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। इसके अलावा, जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण भी किया गया और उनके लिए एक मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमें दर्जनों लोगों ने लाभ उठाया। वरिष्ठ आनंदमार्गी बैधनाथ जी ने कहा कि आनंद मार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी को 12 फरवरी 1973 को बिहार के पटना स्थित बांकीपुर केंद्रीय कारागार में दवा के रूप में विष दिया गया था। दरअसल, इंदिरा गांधी सरकार ने उन्हें झूठे आरोपों के तहत गिरफ्तार किया था और जेल में रखा गया था। जेल के अंदर अस्वस्थ वातावरण में रहने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।जेल प्रशासन ने पहले तो डॉ० एच.के. घोष को उनकी देखभाल के लिए नियुक्त किया था, लेकिन बाद में उन्हें हटा दिया गया और उनकी जगह डॉ० रहमतुल्ला खान को लाया गया। 12 फरवरी की रात करीब 11 बजे, जब श्री श्री आनंदमूर्ति जी की हालत काफी खराब थी, तब डॉ० रहमतुल्ला खान ने उन्हें दवा के नाम पर विष का कैप्सूल दे दिया। इसके तुरंत बाद उनकी तबीयत और अधिक बिगड़ गई, उनका शरीर सिकुड़ने लगा, आंखों की रोशनी जाती रही, शरीर दुर्बल हो गया और मस्तिष्क में असहनीय पीड़ा होने लगी। हालांकि, किसी तरह उनकी जान बचा ली गई और उसी दिन को आनंदमार्गी पाप के विरुद्ध संग्राम के रूप में याद रखते हुए हर साल नीलकंठ दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर भुक्तिप्रधान मधेश्वर जी, जगरनाथ जी, एडवोकेट लक्ष्मण सिंह, विश्वनाथ जी, गोपाल, रामस्वरूप, मनोज, सरोज, प्रदीप, मणिकांत, चंदन, अमरेश, मनोज, चंदू, सहज प्रिया, पूनम पुष्पा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सीबीएसई की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा 15 से होगी शुरू, सख्त निगरानी में होगी परीक्षा



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेंगी। इस बार परीक्षा को पूरी तरह से कदाचार मुक्त बनाने के लिए तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। हर परीक्षा केंद्र पर सख्त निगरानी रहेगी। केंद्राधीक्षकों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति पहले ही कर दी गई है और उन्हें विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है ताकि परीक्षा निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके। बोर्ड ने परीक्षार्थियों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। सभी छात्र परीक्षा केंद्र पर 10:00 बजे से आधे घंटे पहले पहुंचें, क्योंकि परीक्षा 10:30 बजे से शुरू होगी और 1:30 बजे समाप्त होगी। परीक्षा हॉल में किसी भी छात्र को मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, स्मार्टवॉच, पेजर, ब्लूटूथ डिवाइस आदि लाने की अनुमति नहीं होगी। छात्र केवल पारदर्शी पाउच में अपनी आवश्यक सामग्री जैसे पेन, पेंसिल, स्केच, ज्यामिति बॉक्स आदि ले जा सकते हैं। पानी की बोतल भी पारदर्शी होनी चाहिए। पलामू और गढ़वा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डाल्टेनगंज, रोटरी स्कूल चैनपुर डाल्टेनगंज, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय और अन्य विद्यालयों में हजारों छात्र परीक्षा देंगे। प्रशासन ने सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कर दी है और परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सभी केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक कर परीक्षा संचालन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। छात्रों से अपील की गई है कि वे परीक्षा में तनावमुक्त होकर भाग लें और किसी भी तरह की अफवाहों या वायरल वीडियो पर ध्यान न दें। परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी बनाने के लिए बोर्ड ने शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई है।

**लापरवाही** शाखा प्रबंधक के दुर्व्यवहार का मामला गरमाया

# अभद्रता को लेकर रांची से जांच टीम पहुंची बरवाडीह



संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा के बैंक प्रबंधक प्रवीण किशोर पर ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार और गैर-जिम्मेदाराना रवैये का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। यह मामला तब और अधिक चर्चा में आ गया जब बीते दिनों भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार के साथ हुई अभद्रता को लेकर रांची से जांच टीम बरवाडीह पहुंची। जांच दल ने बैंक शाखा में पहुंचकर सूरज कुमार से मुलाकात की और घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की। टीम ने उनसे पूरी घटना का ब्यौरा लिया और उस दिन बैंक में मौजूद गवाहों की सूची मांगी। इसके बाद जांच अधिकारियों ने प्रत्यक्षदर्शियों से भी लिखित बयान लिया और मामले की पुष्टि के लिए आवश्यक दस्तावेजों को एकत्र किया। जांच टीम के आने की खबर मिलते ही कई बैंक उपभोक्ता भी अपनी शिकायतें लेकर बैंक पहुंचे। उन्होंने शाखा प्रबंधक के असभ्य व्यवहार, ग्राहकों की अनदेखी और बैंकिंग सेवाओं में लापरवाही को लेकर जांच अधिकारियों को लिखित आवेदन सौंपा। कई उपभोक्ताओं ने कहा कि बैंक शाखा में ग्राहकों को लंबे समय तक लाइन में खड़ा रखा जाता है, उनके सवालों के संतोषजनक उत्तर नहीं दिए जाते और कभी-कभी उनके साथ अशोभनीय व्यवहार किया जाता है। जांच दल ने बैंक में जाकर मामले से संबंधित सभी दस्तावेजों को देखा और घटनाओं की पुष्टि की। इसके बाद बैंक प्रबंधक और कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई। बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा सकती है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि घटना के समय क्या हुआ था। इस मामले को लेकर भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार ने मांग की कि निष्पक्ष जांच करवाई जाए और बैंक प्रबंधक प्रवीण किशोर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं, रांची से आए जांच दल के चीफ मैनेजर राजेश चौधरी ने कहा कि मेरे द्वारा सभी रिपोर्ट को उच्च अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा और आगे की कार्रवाई उच्च अधिकारी ही करेंगे। इस संबंध में जब शाखा प्रबंधक प्रवीण किशोर से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कोई भी प्रतिक्रिया देने से मना कर दिया और फोन काट दिया। इधर, इस मामले को लेकर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि बरवाडीह एसबीआई शाखा प्रबंधक के खिलाफ जो भी खबरें मिल रही हैं, वह विभाग के लिए काफी शर्मनाक हैं। इस मामले में विभाग को जल्द से जल्द बैंक प्रबंधक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि 10 दिनों के अंदर बैंक प्रबंधक के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## मेदिनीनगर में भाजपा के एक महत्वपूर्ण पार्टी कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में एक महत्वपूर्ण पार्टी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन मंडल उपाध्यक्ष रंजन ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यशाला की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करने के साथ हुई। इसके बाद अविनाश वर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला और मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी 6 शक्ति केंद्रों के 28 बूथों के सदस्यों से बातचीत की। उन्होंने शक्ति केंद्रों में प्रभारी के नामों की घोषणा की, ताकि आगे संयोजक और सहसंयोजक की नियुक्ति की जा सके। इससे बूथ अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा, जो मंडल अध्यक्ष के चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यशाला के दौरान अविनाश वर्मा ने कार्यकताओं के व्यक्तिगत अनुभवों को सुना और समझा। उन्होंने सभी कार्यकताओं को जल्द से जल्द सभी प्रक्रियाओं को पूरा कर जिला कमिटी को सूचित करने का सुझाव दिया, ताकि संगठन मजबूती से आगे बढ़ सके और पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतर सके। इस बैठक में प्रमुख रूप से गोपाल सिंह, त्रिवेणी प्रजापति, सुरेंद्र मेहता समेत सभी शक्ति केंद्रों के सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का जलवा बरकरार, बल्ले से दिखा रहे दम



**रायपुर।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन इन दिनों शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चल रही लीजेंड 90 लीग में अपने बल्ले से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। अपने पिछले मैच में उन्होंने बिग बॉयस के खिलाफ नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली। 8 फरवरी से 18 फरवरी तक चलने वाली इस लीग में धवन के अलावा लेंडल सिमंस, थिसारा परेरा, रॉस टेलर और मार्टिन गप्टिल जैसे कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे हैं। 90 गेंदों के अनूठे प्रारूप वाली यह लीग दुनिया भर के बड़े नामों को एक मंच पर ला रही है, जिससे दर्शक और खिलाड़ी दोनों रोमांचित हो रहे हैं। दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे शिखर धवन ने इस लीग का हिस्सा बनने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा यह टूर्नामेंट रिटायर्ड खिलाड़ियों को एक बार फिर उसी रोमांच को जीने का मौका दे रहा है, जो कभी उनका हिस्सा हुआ करता था। लीग के आयोजन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा मैदान, विकेट, ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था, सबकुछ बेहतरीन है। खासतौर पर प्रशंसकों से मिल रहा प्यार देखने लायक है। धवन ने इस लीग के अनूठे 90 बॉल क्रिकेट प्रारूप को लेकर कहा कि यह एक अलग अनुभव है। हमने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जबरदस्त दबाव के साथ खेला है, लेकिन यहां हम खेल पर फोकस करने के साथ ही इसे एंजॉय भी कर सकते हैं। धवन ने लीजेंड 90 लीग के डायरेक्टर शिवैन शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन निश्चित तौर पर शिवैन के बेहतरीन दृष्टिकोण को दशार्ता है। लीग का क्रेज जबरदस्त है और मुझे पूरा यकीन है कि मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिलेगा।

### असलंका और तीक्षणा की बदौलत श्रीलंका जीता

**कोलंबो।** कप्तान चारिथ असलंका (127) की शतकीय पारी के बाद महीश तीक्षणा ( 40 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को यहां 49 रन की आसान जीत दर्ज की। आर प्रेमदासा स्टेडियम पर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 44 ओवर के खेल में 214 रन बनाये जिसके जवाब में आस्ट्रेलिया की पूरी टीम 33.5 ओवरों में 165 रन पर सिमट गयी। गेंदबाजों की मदद पिच पर असलंका ने मजबूत इच्छाशक्ति और धैर्य का परिचय देते हुये साहसिक शतक बनाया जिसकी बदौलत मेजबान टीम 200 रन का आंकड़ा पार करते में सफल रही। एक समय श्रीलंका की आधी टीम 55 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट चुकी थी। ऐसे संकट के समय में असलंका आगे आये और टीम का स्कोरबोर्ड चलाने का दायित्व अपने ऊपर ले लिया। उन्होने दनिथ वेल्लागे (30) के साथ 67 रनों की अहम साझीदारी निभायी और टीम को संकट से उबारने में सफलता हासिल की। वेल्लागे के बाद पुछल्ले बल्लेबाजों ने असलंका का साथ क्रीज पर समय बिता कर किया जिससे असलंका को रन जोड़ने में सफलता मिली।

### सीयू को मिली आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वेटलिफ्टिंग वुमेन चैंपियनशिप की मेजबानी

**धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश को एक बार फिर आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वेटलिफ्टिंग वुमेन चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। चैंपियनशिप का आयोजन 14 से 17 फरवरी इंडोर स्टेडियम धर्मशाला में किया जाएगा। चैंपियनशिप हेतू केंद्रीय विश्वविद्यालय ने विभिन्न समितियों का गठन किया है। चैंपियनशिप में देशभर के विभिन्न 117 विश्वविद्यालयों के 320 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगी। 14 फरवरी को प्रतियोगिता का शुभारंभ कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डा. राजीव भारद्वाज करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन इंडोर स्टेडियम धर्मशाला में किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी केंद्रीय विश्वविद्यालय को आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के आयोजन का मौका मिला था, जिसे केंद्रीय विश्वविद्यालय ने बखूबी निभाया था। इसी के चलते अब पुनः आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वेटलिफ्टिंग वुमेन चैंपियनशिप करवाने का अवसर केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश को दिया गया है।

## राष्ट्रीय खेलः टेबल टेनिस मिश्रित डबल्स में दिखा रोमांच

# महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल ने किया दमदार प्रदर्शन

- अनिर्बान व अहीका ने अमलराज और शिवशंकर को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई
- कश मोदी और तनीषा ने रोनित भंजा और सुत्रीथा मुखर्जी को हराया



**देहरादून। एजेंसी**

38वें राष्ट्रीय खेलों में टेबल टेनिस के मिश्रित डबल्स मुकाबले रोमांच से भरपूर रहे। परेड ग्राउंड के मल्टी पर्पस हॉल में हुए इन मैचों में खिलाड़ियों ने अपने कौशल और जुझारूपन का शानदार प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में पश्चिम बंगाल के अनिर्बान घोष और अहीका मुखर्जी ने तमिलनाडु के अमलराज एंथनी और शिवशंकर एंथनी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। तमिलनाडु की जोड़ी ने पहला सेट 7-11 से जीता, लेकिन इसके बाद पश्चिम बंगाल ने 11-3, 11-6 और 11-4 से लगातार तीन सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। दूसरे मुकाबले में महाराष्ट्र की कश मोदी और तनीषा कोटेचा ने पश्चिम बंगाल के रोनित भंजा और सुत्रीथा मुखर्जी को हराया। पहला सेट पश्चिम बंगाल की जोड़ी ने 13-15 से जीता, लेकिन कश और तनीषा ने दमदार वापसी करते हुए 11-3, 11-8 और 11-4 से तीन सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

तीसरे मुकाबले में महाराष्ट्र के अल्बुकर्क रेगन और स्वस्तिका घोष ने पश्चिम बंगाल के आकाश पाल और पॉयमाम्टी बैसिया को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया। पहले दो सेट महाराष्ट्र ने 11-7 और 11-5 से जीते, लेकिन पश्चिम बंगाल की जोड़ी ने 7-11 और 8-11 से वापसी कर ली। हालांकि, निर्णायक सेट में महाराष्ट्र ने 11-8 से जीत दर्ज की। चौथे और अंतिम मुकाबले में महाराष्ट्र के चिनमय सोमैया और रीथ ऋष्या ने तमिलनाडु के सथियान ज्ञानसेकरन और सेलेना दीप्ती सेल्वकुमार को हराया।

तमिलनाडु ने पहला सेट 5-11 से जीता, लेकिन महाराष्ट्र ने दूसरे सेट में 11-9 से बराबरी कर ली। इसके बाद तमिलनाडु ने 9-11 से बढ़त बनाई, लेकिन महाराष्ट्र ने अगले दो सेट 11-4 और 11-7 से जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। टेबल टेनिस के इन रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को बेहद उत्साहित किया और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत व खेल के प्रति जुनून की झलक पेश की।

## श्याम लाल, किरोड़ी मल, खालसा और इंदिरा गांधी कॉलेज की जीत



**नई दिल्ली। एजेंसी**

श्याम लाल कॉलेज में आयोजित 11वें पद्माश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट (पुरुष एवं महिला) में लीग मुकाबलों में मेजबान श्याम लाल कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और श्याम लाल कॉलेज एलुमनी ने पुरुष वर्ग में जबकि इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने महिला वर्ग में जीत दर्ज की।

**पुरुष वर्ग :** श्याम लाल कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 6-1 से हराया। विजेता टीम के लिए मोहित और आशीष ने दो-दो गोल किए, जबकि प्रत्यूष सिंह जग्गी और प्रियांशु ने एक-एक गोल किया। एमिटी की ओर से तनुष ने एकमात्र गोल दागा। इस मैच में श्याम लाल कॉलेज के मोहित को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। किरोड़ी मल कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 2-0 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। टीम के लिए रोहित डांगी और भूपेंद्र ने एक-एक गोल किया।

भूपेंद्र को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब मिला। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने श्याम लाल कॉलेज (इवनिंग) पर एकतरफा जीत दर्ज करते हुए 11-0 से मुकाबला अपने नाम किया। इस मैच में अमन मिंज ने चार, पवन ने तीन और अल्ताफ व अंकित ने दो-दो गोल किए। खालसा कॉलेज के अल्ताफ को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। श्याम लाल कॉलेज एलुमनी ने आईआईटी टीम को 4-0 से हराया।

## 'मौली संवाद': खेल करियर और गैर-सर्जिकल उपचार पर विशेषज्ञों ने की चर्चा




**देहरादून। एजेंसी**

38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत आयोजित 'मौली संवाद' में खेलों में करियर, उद्योग में उपलब्ध अवसरों और चोटों के गैर-सर्जिकल उपचार पर गहन चर्चा हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल जगत में नए अवसरों से परिचित कराना और इस क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों को समझाना था। पहले सत्र का विषय खेल से आगेः शिक्षा, करियर और अवसर था। इस सत्र का संचालन मार्केटिंग प्रोफेशनल और नेशनल एशियन चैंपियन प्रतीक सोनवाने ने किया।

उन्होंने खेलों को सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक आर्थिक शक्ति बताया। इस सत्र में स्पोर्ट्स इंडिया के प्रमुख नील शाह की को-फाउंडर और प्रैं की सीईओ नम्रता पारेख, कार्यक्रम निदेशक अरुण कार्तिक और ब्रॉडकास्टिंग हेड गौरव गाला शामिल हुए। नील शाह ने खेलों में करियर बनाने के लिए मेहनत और सही ज्ञान को आवश्यक बताया। नम्रता पारेख ने खेल मार्केटिंग को तेजी से बढ़ता क्षेत्र बताते हुए कहा कि अनुभव केवल किताबों से नहीं, बल्कि खुद मेहनत करके मिलता है। अरुण कार्तिक ने अमेरिका और भारत की तुलना करते हुए कहा कि यदि कॉलेज स्तर पर खेलों को बढ़ावा दिया जाए, तो खेल उद्योग में नौकरियों के नए अवसर खुल सकते हैं। वहीं, गौरव गाला ने खेल मीडिया और कंटेंट क्रिएशन के बढ़ते अवसरों पर चर्चा की। विशेषज्ञों से जब खेल उद्योग में सफलता के लिए आवश्यक कौशलों के बारे में पूछा गया, तो नील शाह ने संचार कौशल, अरुण कार्तिक ने नेटवर्किंग, नम्रता पारेख ने उद्यमिता, और गौरव गाला ने आत्मविश्वास को सबसे महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर 38वें राष्ट्रीय खेलों के सीईओ अमित सिन्हा भी मंच पर आए और इस पहल की सराहना की। उन्होंने इसे युवाओं के लिए बेहतरीन मंच बताया।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : स्टार्क ने नाम वापस लिया, स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

**मेलबर्न। एजेंसी**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बुधवार को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा की, जिसके बाद मिशेल स्टार्क ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी से अपना नाम वापस ले लिया है। इसका मतलब है कि स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी 19 फरवरी से पाकिस्तान में शुरू होने वाली प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएगी। सीए की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया, स्टार्क, जो अपने फैसले के बारे में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे और उन्होंने गोपनीयता की मांग की है, पिछले सप्ताह गॉल में श्रीलंका की दूसरी पारी के दौरान सिर्फ चार ओवर गेंदबाजी करते हुए बाएं टखने की समस्या से परेशान दिखे। सीए के राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा हम मिच के फैसले को समझते हैं और उसका सम्मान करते हैं।

हाई-प्रोफाइल पेस तिकड़ी की अनुपस्थिति ने अगली पीढ़ी के तेज गेंदबाजों स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस, सीन एबॉट और बेन ड्वार्शिस के लिए दरवाजे खोल दिए हैं, जिन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की अंतिम 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।



ऑस्ट्रेलिया ने 2006 और 2009 में दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है।

**ऑस्ट्रेलिया की 2025 चैंपियंस ट्रॉफी टीम–**
स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट, एडम जम्पा।
ट्रैवलिंग रिजर्व : कूपर कोनोली।

## कयाकिंग और कैनोइंग के दुसरे दिन सर्विसेज का दबदबा, उत्तराखंड और ओडिशा ने भी चमक बिखेरी

**देहरादून। एजेंसी**

38वें राष्ट्रीय खेलों में मंगलवार को कयाकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। विभिन्न श्रेणियों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया, जिसमें सर्विसेज की टीम ने स्वर्ण पदकों की झड़ी लगाते हुए अपना दबदबा कायम रखा। वहीं, उत्तराखंड और ओडिशा की टीमें भी प्रभावशाली प्रदर्शन करने में सफल रहीं।

**महिला वर्ग में कड़ा मुकाबला**

महिला कैनोइंग (उ-2, 500 मीटर) स्पर्धा में सर्विसेज की जोड़ी ने 02:04.233 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। ओडिशा की टीम 02:06.466 सेकंड के साथ रजत पदक जीतने में सफल रही, जबकि उत्तराखंड ने 02:08.149 सेकंड में रेस पूरी कर कांस्य पदक हासिल किया। कयाकिंग (ङ-2, 500 मीटर) महिला वर्ग में उत्तराखंड की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 01:56.370 सेकंड में फिनिश लाइन पार कर स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश की टीम ने 01:58.037 सेकंड में रेस पूरी कर रजत पदक पर कब्जा किया, जबकि ओडिशा ने 01:59.930 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता।

**पुरुष वर्ग में सर्विसेज का दबदबा**

पुरुषों की कैनोइंग (उ-2, 500 मीटर) स्पर्धा में सर्विसेज ने 01:47.811 सेकंड में रेस पूरी कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ओडिशा की टीम ने 01:50.461 सेकंड में फिनिश कर रजत पदक जीता, जबकि दिल्ली की टीम ने 01:50.627 सेकंड के मामूली अंतर से पीछे रहकर कांस्य पदक पर कब्जा किया। पुरुषों की कयाकिंग (ङ-2, 500 मीटर) स्पर्धा में भी सर्विसेज ने अपना वर्चस्व कायम रखा। टीम ने 01:36.287 सेकंड में रेस पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। उत्तराखंड की टीम ने 01:38.284 सेकंड के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि ओडिशा ने 01:38.897 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

**फाइनल मुकाबलों पर टिकी निगाहें**

**कयाकिंग और कैनोइंग स्पधाओं के इन रोमांचक मुकाबलों के बाद अब प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। सर्विसेज की टीम अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखने के लिए तैयार है, जबकि उत्तराखंड और ओडिशा जैसी टीमें भी कड़ी चुनौती पेश कर रही हैं। खेल प्रेमियों को अब अंतिम दिन के और भी रोमांचक मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार रहेगा।**

## व्यापार

## कोयला मंत्रालय ने वित्तीय प्रोत्साहन योजना के तहत आवेदकों को जारी किए पुरस्कार पत्र

**नई दिल्ली। एजेंसी**

कोयला मंत्रालय ने देश की महत्वाकांक्षी कोयला गैसीकरण पहल के तहत 8,500 करोड़ रुपये की कोयला गैसीकरण प्रोत्साहन योजना की श्रेणी क्क के तहत चयनित आवेदकों को पुरस्कार पत्र (एलओए) जारी किए हैं।

कोयला मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत की महत्वाकांक्षी कोयला गैसीकरण पहल के तहत 8,500 करोड़ रुपये की कोयला गैसीकरण प्रोत्साहन योजना की श्रेणी ॥ के तहत चयनित आवेदकों को पुरस्कार पत्र जारी किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि कोयला सचिव विक्रम देव दत्त ने अतिरिक्त सचिव विस्मिता तेज, ओएसडी (तकनीकी) आशीष कुमार और निदेशक (तकनीकी) बीके ठाकुर की गरिमामय उपस्थिति में पुरस्कार पत्र प्रदान किए।



श्रेणी ॥ :- निजी क्षेत्र/सरकारी सार्वजनिक उपक्रम (प्रति परियोजना 1,000 करोड़ रुपये या पूंजीगत व्यय का 15 फीसदी, जो भी कम हो) के आवंटन के लिए पुरस्कार। इसके तहत जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेडः अंगुल, ओडिशा में 2एमएमटीपीए कोयला गैसीकरण परियोजना को वित्तीय प्रोत्साहन में 569.05 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया गया है। 3,793 करोड़ रुपये की परियोजना कोयला गैसीकरण के माध्यम से कोयले को डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) में परिवर्तित करेगी। इसके साथ ही मूल्यवान उत्पादों में रूपांतरण के लिए 30 टीपीडी $CO_2$ को कैप्चर करने के लिए डिजाइन किया गया कार्बन कैप्चर और उपयोग संयंत्र भी स्थापित करेगी।

**न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेडः** भद्रावती, चंद्रपुर, महाराष्ट्र में न्यू एरा क्लीनटेक की कोयला गैसीकरण परियोजना के लिए 1,000 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन दिया गया है।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करके बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज मामूली उतार-चढ़ाव के साथ सपाट स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। हालांकि यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। डाउ जॉन्स 123 अंक की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 6,068.50 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके विपरीत नैस्डेक 0.36 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,642.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक गिरावट के साथ 44,589.64 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,777.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,028.90 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।



## गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, निवेशकों को 1.04 लाख करोड़ का नुकसान

### सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में निचले स्तर से 1,071 अंक की रिकवरी की



**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती गिरावट के बाद शानदार रिकवरी नजर आई। बाजार खुलने के बाद बने बिकवाली के दबाव के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन पहले घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार ने निचले स्तर से शानदार रिकवरी करते हुए हरे निशान में अपनी जगह बनाने में सफलता हासिल की। हालांकि दिन के दूसरे सत्र में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बनने की वजह से शेयर बाजार में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान पीएसयू बैंक, मेटल और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, रियल्टी और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह आईटी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, टेक, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए।

ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.45 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### डेविन गेराल्ड नून्स अमेरिकी राष्ट्रपति के खुफिया सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने घोषणा की है कि अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के खुफिया सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष डेविन गेराल्ड नून्स होंगे। इस बोर्ड में डेविन के सहयोग के लिए 11अन्य लोगों की टीम भी होगी। ट्रंप ने कहा है कि राष्ट्रपति के खुफिया सलाहकार बोर्ड में सेवा देने के लिए देशभक्तों के प्रतिष्ठित और भरोसेमंद समूह की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। व्यक्ति देश की सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा चुनौतियों पर उन्हें सलाह देंगे। व्हाइट हाउस के अनुसार, अध्यक्ष डेविन गेराल्ड नून्स के अलावा बोर्ड में स्कॉट ग्लैब, अमेरीलिस फॉक्स कैनेडी, ब्रैड रॉबर्ट वेनस्ट्रुप, वेन बर्मन, रीन्स प्रीबस, रॉबर्ट ओ'ब्रायन, जोशुआ लोबेल, सैंडर आर गेरबर, केटी मिलर, जेरेमी काट्ज और थॉमस ओलिस हिक्स जूनियर को शामिल किया गया है।

### पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना कटघर क्षेत्र में मंगलवार की बीती रात रामगंगा नदी पुल स्थित अटल घाट के पास थाना पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दो बदमाश सौरभ शर्मा और रचित शर्मा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। घायलों को पुलिस गिरफ्तार कर जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उनका उपचार जारी है। सौरभ शर्मा पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बुधवार को बताया कि मंगलवार देर रात मुगलपुरा थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी कुलदीप तोमर पुलिस टीम के साथ गस्त पर थे।

### उत्तराखंड के 72 पुलिसकर्मी साइबर कमांडो परीक्षा में सफल, देश में तीसरा स्थान



**देहरादून।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर कमांडो परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में देशभर से 3,200 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। उत्तराखंड के 72 पुलिस कर्मियों ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर राज्य को देश में तीसरा स्थान दिलाने में सफलता हासिल की है। इसके अलावा, तीन पुलिसकर्मियों ने ऑल इंडिया रैंकिंग में दूसरा, छठा और दसवां स्थान भी प्राप्त किया है। उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने बताया कि साइबर सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और बढ़ते साइबर खतरों को देखते हुए गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा साइबर कमांडो की विशेष शाखा स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से 11 जनवरी 2025 को देशभर में साइबर कमांडो परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में उत्तराखंड से 242 पुलिस कर्मी शामिल हुए थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**मीरजापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के बिहसड़ा कला गांव में बुधवार की सुबह एक विवाहिता की मौत हो गई। शव मायके में ही फांसी के फंदे से लटका मिला। परिवार ने उसे अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अशोक वर्मा की पुत्री अंकिता उर्फ मोनू की शादी दो दिसम्बर 2024 को कोलकाता के हावड़ा जिले के सलकिया में अजय उर्फ बंटी से हुई थी। शादी के 15 दिन बाद ही वह मायके लौट आई थी।

### कोयले से भरी मालगाड़ी में लगी आग

**दमोह।** दमोह में बुधवार सुबह एक मालगाड़ी की बोगी में अचानक आग लग गई। लोको पायलट ने तत्काल इसकी सूचना स्टेशन प्रबंधन को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी अनुसार घटना बुधवार सुबह करीब 11 बजे की है।

### गौ तस्करी करते दो गिरफ्तार,पशुओं को कराया मुक्त

**हरिद्वार।** गौ तस्करी करते हुए पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छोटे हाथी वाहन से दो बैलों को मुक्त कराया। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गौवंश की तस्करी किए जाने की सूचना मिली। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने छोटा हाथी वाहन को रोका, जिसमें दो बैलों को क्रूरतापूर्वक बंधा हुआ था। पुलिस ने दोनों बैलों को मुक्त कराते हुए वाहन को सीज कर दिया। पुलिस ने तस्करी कर ले जा रहे आरोपित दीपक शर्मा निवासी ग्राम काबदपुर लोदिवाला थाना झबरेडा जनपद हरिद्वार के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

### चॉकलेट की लालच देकर मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म

**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र स्थित गेस्ट हाउस में सात वर्षीय मासूम बच्ची को चॉकलेट की लालच देकर अगवा कर दुष्कर्म के वारदात की घटना सामने आई है। भीड़ ने आरोपित युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। बच्ची को इलाज के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती करवाया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की बीती रात थाना बकेवर क्षेत्र स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था।

# हिमाचल में होगा 72 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन: सुक्खू

**शिमला। एजेंसी**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि अगले 10 महीने में यानी दिसंबर 2025 तक हिमाचल प्रदेश में सात परियोजनाओं से 72 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने ऊना जिला में दो परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया है, इनमें से 12 मेगावाट क्षमता की एक परियोजना गोंदपुर बुल्ला और 11 मेगावाट क्षमता की परियोजना लमलाहड़ी उपरली में स्थित है।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को शिमला में कहा कि सोलन जिला में तीन परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं, इनमें नालागढ़ के सनेड में 13 मेगावाट, बड़ा बरोट में आठ मेगावाट और दभोटा माजरा में 13 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नौ मेगावाट की दभोटा-वन परियोजना के लिए शीघ्र ही निविदा जारी की जाएगी और इसका निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। इसके अलावा, ऊना जिला के टिहरा खास में छह मेगावाट की सौर परियोजना के लिए भी निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसी महीने इसके स्वीकृत होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में 325 मेगावाट संयुक्त क्षमता की आठ अतिरिक्त परियोजनाओं के लिए सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पूरी होने के बाद इन सौर ऊर्जा परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊना जिला के पेखुबेला में 32 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना 15 अप्रैल, 2024 को जनता को समर्पित की गई थी। इस परियोजना से 48 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया है, जिससे 31 जनवरी, 2025 तक 14 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है। इसके अलावा, ऊना जिले के भंजाल में पांच मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण कार्य 30 नवंबर, 2024 से शुरू हो गया है और अघलौर में 10 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण इसी माह पूर्ण होने की संभावना है।

हरित हाइड्रोजन ऊर्जा के उत्पादन को भी केन्द्र में रखकर राज्य सरकार कार्य योजना बनाकर काम कर रही है। ऑयल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सोलन जिला के नालागढ़ में एक मेगावाट क्षमता की हरित हाइड्रोजन परियोजना का निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

## निजी स्वार्थ के कारण संत रविदास के जीवन से सीखना नहीं चाहती सरकारें : मायावती

**लखनऊ। एजेंसी**




बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने संत गुरु रविदास की जयंती पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के संतों की परम्परा में जाने-माने संत गुरु रविदास ने अपना सारा जीवन लोगों को इंसान बनाने के लिए इन्सानियत का संदेश देने में गुजारा। इस क्रम में खासकर जाति भेद व द्वेष आदि के खिलाफ आजीवन कड़ा संघर्ष कर अमर हो गए। उनके पद्चिन्हों पर चलकर ही सुख-शान्ति व खुशहाली संभव है, किन्तु सरकारों द्वारा हर सेवा की कीमत वोट के रूप में वसूलने की प्रवृत्ति घातक व इससे व्यापक जन एवं देशहित प्रभावित है।

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि संत गुरु रविदास का संदेश धर्म की पवित्रता को समाज सेवा व जनचेतना के लिए इंसान एवं इंसानियत की भलाई के लिए है। किसी स्वार्थ खासकर संकीर्ण राजनीतिक एवं चुनावी स्वार्थ की पूर्ति के लिए नहीं है। इसे वर्तमान में खासकर सरकारों द्वारा भुला दिये जाने के कारण ही अमन-चैन, आपसी सौहार्द, भाईचारा तथा सुख-समृद्धि का वातावरण काफी कुछ न के बराबर है। जबकि राजनीतिक स्वार्थ की खातिर संत गुरु व उनके उपदेशों की हमेशा अनदेखी और उपेक्षा करने वाले लोग भी उनको माथा टेकते हुए आज देखे जा सकते हैं, तो फिर इससे जन व देशहित कैसे संभव हो सकता है।

## शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल की धाक, शिखर पर पंहुचा : संजीव गांधी

**धर्मशाला। एजेंसी**



नीति आयोग की रिपोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले राज्यों में शामिल किया है, जो राज्य सरकार की प्रगतिशील नीतियों और शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने का प्रमाण है। यह बात कांग्रेस पार्टी के राज्य मीडिया पैनलिस्ट संजीव गांधी ने बुधवार को जारी एक प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा शून्य छात्र संख्या के कारण विभिन्न स्कूलों को बंद करने को लेकर की जा रही आलोचना के बावजूद, हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री के गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व में, हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान पुनः प्राप्त किया है।

पिछले कुछ वर्षों में राज्य की रैंकिंग में गिरावट आई थी, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन शासन मॉडल के तहत साहसिक सुधारों और रणनीतिक हस्तक्षेपों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश ने ऐतिहासिक वापसी की है। अब राज्य राष्ट्रीय औसत के अनुरूप आकर शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है। संजीव गांधी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अवसंरचना सुधार, शिक्षकों के प्रशिक्षण और डिजिटल शिक्षा पर दिया गया विशेष ध्यान इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्मार्ट कक्षाओं, डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल और कौशल-आधारित शिक्षा के परिचय ने छात्रों के लिए सीखने के अनुभव को आधुनिक बना दिया है। इसके अलावा, योग्य शिक्षकों की भर्ती, स्कूलों में जवाबदेही सुनिश्चित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक सुविधाओं को उन्नत करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे शहरी-ग्रामीण शिक्षा के अंतर को कम किया जा सके। कांग्रेस नेता संजीव गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का शिक्षा विभाग कई परिवर्तनकारी नीतियों को लागू कर रहा है।

## अंदरूनी कलह से जूझ रही कांग्रेस : सुरेश कश्यप

**शिमला। एजेंसी**



भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुरेश कश्यप ने कांग्रेस पार्टी में अंदरूनी कलह का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में गहरे मतभेद उभर कर सामने आ रहे हैं जिससे पार्टी निराशा और असुरक्षा के दौर से गुजर रही है। कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खुद को अपनी ही पार्टी में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कश्यप ने हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री चंद्र कुमार के हालिया बयान का हवाला देते हुए कहा कि तीन महीने पहले पार्टी की इकाइयों को भंग करने के बाद से प्रदेश में कांग्रेस संगठन कमजोर हो गया है। मंत्री ने स्वीकार किया कि पार्टी हाईकमान से नए ढांचे को लेकर कोई संवाद नहीं हुआ है, जिससे संगठनात्मक ढांचे में ठहराव आ गया है। कश्यप ने तंज कसते हुए कहा कि हिमाचल में कांग्रेस का संगठन और सरकार दोनों ही पंगु हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत पार्टी और सरकार के लिए सशक्त संगठन जरूरी है, लेकिन ब्लॉक, जिला और राज्य इकाइयों का पुनर्गठन अब तक नहीं किया गया है। सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के नेता खुद स्वीकार कर रहे हैं कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी का रवैया उदासीन रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार तीन विधानसभा चुनावों में शून्य सीटों पर सिमट गई है।

### डॉक्टर की हत्या में शामिल तीन बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**हरिद्वार।** जिला अस्पताल के संविदा चिकित्सक डॉ. गोपाल गुप्ता की हत्या में शामिल तीन आरोपितों का बीती देर रात बहादराबाद पुलिस से मुठभेड़ हो गई। चेकिंग के दौरान रोकने पर आरोपियों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। घेराबंदी करने के बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आधी रात मौके पर पहुंचे पुलिस कप्तान प्रमेंद्र डोभाल ने घटनास्थल का जायजा लिया। बता दें कि बहादराबाद क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी में पांच दिन पूर्व एक खेत में डॉक्टर का शव बरामद हुआ था। जिसकी पहचान डॉक्टर गोपाल गुप्ता निवासी लक्सर हरिद्वार के रूप में हुई थी। डॉक्टर जिला अस्पताल में पिछले एक साल से संविदा पर तैनात थे और 30 जनवरी को उनकी संविदा का अंतिम दिन था। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के साथ-साथ डॉक्टर गोपाल गुप्ता के मोबाइल कॉल डिटेल की जानकारी भी जुटाई।

### रूस ने जेल में 14 साल की सजा काट रहे अमेरिकी शिक्षक को रिहा किया

**वाशिंगटन।** रूस ने 14 साल जेल की सजा काट रहे अमेरिकी शिक्षक मार्क फोगेल को रिहा कर दिया। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड के कूटनीतिक प्रयासों से संभव हो पाया है। व्हाइट हाउस और फोगेल के रशियन वकील ने रिहाई की पुष्टि की है। खबर में मार्क फोगेल के जेल से बाहर आने की आधिकारिक सूचना दी गई है। फाइनेंशियल टाइम्स अमेरिका की खबर के अनुसार, मार्क फोगेल को रूस की जेल से मुक्त कराकर अमेरिका लाने के लिए डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ अपने निजी जेट से मास्को पहुंचे। वहां उनके प्रयास रंग लाए। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज ने बयान जारी कर पुष्टि की कि फोगेल रात अमेरिकी धरती पर वापस आ जाएंगे। वाल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप, स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकारों ने रूस से शीर्ष नेतृत्व से इस पर बातचीत की। मार्क की रिहाई का यह मतलब है कि हम यूक्रेन में क्रूर और भयानक युद्ध को समाप्त करने की सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## भारत वैश्विक प्रगति में सामाजिक विकास आयोग के हर कदम पर साथ

**न्यूयॉर्क। एजेंसी**




भारत की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि भारत ने गरीबी, कुपोषण और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े मुद्दों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। दुनिया में सतत विकास के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने यह विचार यहां 10 फरवरी से आयोजित पांच दिवसीय सामाजिक विकास आयोग (सीएसओसीडी) के 63वें सत्र में मंगलवार को व्यक्त किए। इस सत्र में फ्रांस, तुर्किये, सऊदी अरब और स्वीडन के मंत्रियों सहित 49 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक प्रगति में सामाजिक विकास आयोग के हर कदम पर साथ है। भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय ने सावित्री ठाकुर के संबोधन का ब्योरा जारी किया है। सावित्री ठाकुर ने मंत्रिस्तरीय मंच पर भारत का दृष्टिकोण दुनिया के सामने रखा। उन्होंने कहा कि भारत का दृढ़ मत है कि इस मामले में कोई भी पीछे न छूटे। 1995 के कोपेनहेगन सामाजिक विकास शिखर सम्मेलन के बाद से भारत ने गरीबी, कुपोषण और सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया और महत्वपूर्ण प्रगति की है। आज का भारत ग?लोबल साउथ के लिए मॉडल बन चुका है। भारत सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के दृष्टिकोण से आगे बढ़ रहा है। भारत ने जैम ट्रिनिटी नीति (जन धन, आधार, मोबाइल) जैसी पहल के माध्यम से, वंचित समुदायों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और बुजुर्गों के लिए वित्तीय समावेशन हासिल किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने लैंगिक डिजिटल विभाजन को समाप्त करने के लिए व्यापक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा मिला है। इसने स्टार्ट-अप से लेकर स्केलेबल व्यवसायों तक लाखों महिला उद्यमियों को सशक्त बनाया है। भारत विकास के लिए 2030 एजेंडे पर प्रगति को गति देने की दिशा में कार्य कर रहा है।

## नेपाल-भारत के बीच बनी ट्रांसमिशन लाइन पर सहमति

**काठमांडू। एजेंसी**



नेपाल और भारत के ऊर्जा सचिवों की बैठक के बाद नेपाल में बड़ी ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण कार्य के समझौते के अंतिम ड्राफ्ट पर सहमति हो गई। नई दिल्ली में मंगलवार को संपन्न दो दिवसीय ऊर्जा सचिव स्तरीय बैठक में काठमांडू में हुई सह सचिव स्तरीय वार्ता बैठक के प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया है। अब जल्द ही ऊर्जा मंत्री स्तरीय बैठक या प्रधानमंत्री स्तरीय वार्ता में इस समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। बैठक में हिस्सा लेने वाले नेपाल विद्युत प्राधिकरण के महानिदेशक कुलमान गुरूंग ने बताया कि नेपाल और भारत के बीच हुए 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात के समझौते को साकार करने के लिए उच्च क्षमता वाली प्रसारण लाइन का निर्माण कार्य संपन्न होना सबसे पहली शर्त थी। उन्होंने बताया कि सहमति के बाद मसौदे को अंतिम रूप दे दिया गया है। नेपाली ऊर्जा मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच हुई सचिव स्तरीय बैठक में 400केवी क्षमता वाली दो नई प्रसारण लाइन का निर्माण कार्य और एक पुराने प्रसारण लाइन की क्षमता को बढ़ाने को लेकर सहमति हुई है। नेपाल सरकार के ऊर्जा सचिव सुरेश आचार्य ने बताया कि बैठक में इनरवा-पूर्णिया और दोधारा-बरेली 400 केवी क्षमता लाइन के निर्माण पर सहमति हुई है। इसके अलावा तीन अन्य अंतदेर्शीय प्रसारण लाइन निर्माण की क्षमता बढ़ाने पर भी सहमति हुई है। इनमें निजगढ़-मोतिहारी, कोहलपुर-लखनऊ और ढलकेबर-मुजफ्फरपुर लाइन शामिल है।

**आत्मनिर्भर** हरियाणा की 19 जेलों के कैदियों द्वारा बनाए गए हैंडीक्राफ्ट और फूड प्रोडक्ट्स की खूब हुई बिक्री

# सूरजकुंड मेले में पर्यटकों को लुभा रहे जेलों में बने उत्पाद

● समाज की मुख्यधारा में वापस लाने की कोशिश करना है

**फरीदाबाद। एजेंसी**



38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में इस बार हरियाणा की 19 जेलों के कैदियों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प (हैंडीक्राफ्ट) और खाने-पीने की वस्तुओं की स्टॉल लगाई गई है। इन स्टॉल्स में विशेष रूप से नूंह, हिसार, अंबाला, करनाल और कैथल की जेलों के कैदियों द्वारा बनाए गए सामान ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया। कैदियों की मेहनत को मिला नया मंच इस मेले में बैग, कुर्सी, पेंटिंग, हस्तशिल्प वस्तुएं और खाने-पीने की चीजें जैसे बिस्कुट, नमकीन और कुकीज की बिक्री की जा रही है। नूंह जेल स्टॉल पर दर्शकों की भीड़ उमड़ी और लोगों ने कैदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों को खूब सराहा। इस पहल के बारे में जानकारी देते हुए योगेश्वर ने बताया कि जेल में कैदियों को रोजगार से जोडने. के लिए यह योजना चलाई जा रही है। यहां बिकने वाले उत्पादों से होने वाली कमाई का 50 प्रतिशत हिस्सा कैदियों के परिवारों को दिया जाता है, जिससे उनके घरवालों को भी आर्थिक मदद मिलती है। मेले में कैदियों द्वारा बनाई गई हस्तशिल्प वस्तुएं और खाने-पीने के उत्पादों को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। पेंटिंग्स और अन्य कलाकृतियों को भी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इस पहल का मकसद कैदियों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा में वापस लाने की कोशिश करना है। इस तरह के प्रयासों से न केवल कैदियों को नई पहचान मिलती है, बल्कि उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति भी सुधरती है।

## संत गुरू श्री रविदास ने समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया : सैलजा

**फतेहाबाद। एजेंसी**



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने संत गुरू श्री रविदास की जयंती की बधाई देते हुए कहा कि वे न केवल एक आध्यात्मिक गुरु थे, बल्कि समाज में समानता और प्रेम का संदेश देने वाले महान समाज सुधारक भी थे। अपने उपदेशों के माध्यम से समाज को बिना भेदभाव के प्रेम और एकता की सीख दी, जिसके कारण वे भक्ति मार्ग के प्रमुख संतों में गिने जाते हैं। उनकी शिक्षाएं समानता, विनम्रता और करुणा के मूल्यों को बढ़ावा देती हैं, जो एक अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए आवश्यक हैं। उनके जीवन और शिक्षाओं को समझने की जरूरत है, इस राह पर चलकर ही हम अपने समाज, देश और बच्चों के भविष्य को संवार सकते हैं। कुमारी सैलजा बुधवार को भूना में गुरू श्री रविदास समाज सेवा समिति की ओर से संत श्री गुरू रविदास मंदिर और धर्मशाला में आयोजित जयंती समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर फतेहबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, भूना नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज पसरीचा, जयपाल सिंह लाली, अरविंद शर्मा, राजेश चाड़ीवाल आदि मौजूद थे। इससे पूर्व सैलजा ने सबसे पहले संत गुरू श्री रविदास के चित्र के समक्ष शीश नवाया। कुमारी सैलजा ने कहा कि इस क्षेत्र से उनके परिवार का पुराना नाता रहा है, पहले उनके पिता स्व. दलबीर सिंह को यहां की जनता का प्यार मिला इसके बाद क्षेत्र की जनता का उन्हें भी आशीर्वाद मिलता रहा है। जयंती पर आज हम संत गुरू श्री रविदास जी को और उनकी वाणी को याद कर रहे है अच्छा तो यह भी होगा कि उन गुरूओं की वाणी का अनुसरण भी करे।

